राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

# समृद्धि न्यूज

समृद्ध समाज का आधार

वर्ष- 13 अंक - 16
लखनऊ, रविवार 14 सितंबर, 2025
पृष्ठ- 12 मूल्य - रु 3.00
लखनऊ से प्रकाशित

samradhinewslko@gmail.com, www.samriddhisamachar.com, info@samriddhinews.com



उत्तर प्रदेश में लगातार बेहतर हुई हैं स्वास्थ्य सेवाएं : सीएम योगी 03

10वें आयुर्वेद दिवस पर केडी बालिका की छात्राओं को किया जागरुक 10


### प्रधानमंत्री मोदी ने इम्फाल में 1,200 करोड़ रुपए से अधिक की विकास परियोजनाओं का लोकार्पण करते हुए कहा

# विकास के मार्ग पर मणिपुर को बढ़ाएं आगे

**परियोजनाएं न केवल प्रदेश के लोगों के जीवन को आसान बनाएंगी, बल्कि इंफ्रास्ट्रक्चर को मजबूत करने के साथ युवाओं के लिए सृजित करेंगी नए रोजगार के अवसर**

एजेंसी

**इम्फाल।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने मणिपुर में हिंसा को दुर्भाग्यपूर्ण करार दिया और कहा कि यह हमारे पूर्वजों और आने वाली पीढ़ी दोनों के साथ अन्याय है। उन्होंने राज्य को शांति और विकास के मार्ग पर आगे बढ़ाने की अपील करते हुए कहा कि विकसित भारत के लक्ष्य की प्राप्ति के लिए मणिपुर का विकास भी आवश्यक है।



प्रधानमंत्री शनिवार को मणिपुर की राजधानी इम्फाल में 1,200 करोड़ रुपये से अधिक की विकास परियोजनाओं का लोकार्पण और शिलान्यास करने के बाद जनसभा को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि मणिपुर मां भारती के मुकुट पर सजा हुआ मुकुट रत्न है और विकसित भारत के निर्माण में इस राज्य का विकास अत्यंत आवश्यक है। मणिपुर को शांति और विकास की राह पर निरंतर आगे बढ़ाना होगा। मणिपुर हजारों वर्षों पुरानी संस्कृति और गहरी जड़ों वाला प्रदेश है, जिसे मां भारती के मुकुट पर सजा मुकुट रत्न कहा जाता है। उन्होंने जोर देकर कहा कि हिंसा हमारे पूर्वजों और आने वाली पीढ़ी, दोनों के साथ अन्याय है, इसलिए हमें एकजुट होकर राज्य को शांति और प्रगति की दिशा में ले जाना होगा। प्रधानमंत्री ने कहा कि आज मणिपुर के विकास के लिए हजारों करोड़ रुपये की परियोजनाओं का शुभारंभ किया गया है। उन्होंने विश्वास जताया कि ये परियोजनाएं न केवल प्रदेश के लोगों के जीवन को आसान बनाएंगी, बल्कि इंफ्रास्ट्रक्चर को मजबूत करने के साथ युवाओं के लिए नए रोजगार के अवसर भी सृजित करेंगी। मोदी ने बताया कि आज जिन परियोजनाओं का काम शुरू हुआ है, उनमें दो बेहद अहम हैं।

### आइजोल को दिल्ली से रेल नेटवर्क से जोड़ने वाली राजधानी एक्सप्रेस को हरी झंडी

**आइजोल।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने शनिवार को मिजोरम की राजधानी आइजोल को रेल नेटवर्क से जोड़ने वाली बरबई से सायरंग तक बनी नयी रेल लाइन पर ट्रेन परिचालन का शुभारंभ करने के साथ ही सायरंग से दिल्ली जाने वाली राजधानी एक्सप्रेस, सायरंग से कोलकाता और सायरंग से गुवाहाटी जाने वाली ट्रेन को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। श्री मोदी मौसम की खराब के कारण समारोह स्थल तक नहीं पहुंच पाये और उन्होंने हवाई अड्डा से आभासी माध्यम से इन ट्रेनों को हरी झंडी दिखाई। आइजोल से दिल्ली जाने वाली इस राजधानी एक्सप्रेस के शुरू होने के बाद यह पूर्वोत्तर राज्यों की चौथी राजधानी हो गयी है, जो देश की राजधानी से रेल मार्ग से जुड़ गयी। श्री मोदी ने 05609 बरबई से कोलकाता, 05610 सायरंग से गुवाहाटी ओर सायरंग से आनंद विहार टर्मिनल (दिल्ली) के बीच चलने वाली ट्रेनों को वीडियो कांफ्रेंसिंग के माध्यम से हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। रेलवे बोर्ड के कार्यकारी निदेशक (सुचना एवं प्रचार ) दिलीप कुमार ने बताया कि बरबई से सायरंग के बीच बनी नयी रेल लाइन पर्वतीय क्षेत्र होकर गुजरी है, इस क्षेत्र में रेल लाइन बनाना बड़ा दुष्कर कार्य था, लेकिन रेलवे के अभियंताओं और कर्मचारियों ने कठिन परिश्रम से यह कार्य पूरा कर दिखाया है। उन्होंने बताया कि इस लाइन पर 45 सुरंगे और 55 बड़े तथा 88 छोटे पुल हैं। पांच रोड ओवर ब्रिज और छह रोड अंडर ब्रिज हैं।

### भूपेन हजारिका ने हिंसा व अलगाववाद के दौर में पूर्वोत्तर को जोड़ा

**गुवाहाटी।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने शनिवार को कहा कि भारत रत्न भूपेन हजारिका न केवल संगीत के महानायक थे, बल्कि भारत की एकता और अखंडता के प्रतीक भी थे। उन्होंने कहा कि जिस समय पूर्वोत्तर क्षेत्र उपेक्षा, हिंसा और अलगाववाद की आग में झुलस रहा था, उस कठिन कालखंड में भी भूपेन दा ने भारत की एकता को स्वर दिया और समृद्ध, शांतिपूर्ण तथा आत्मनिर्भर पूर्वोत्तर का सपना देखा। प्रधानमंत्री मोदी गुवाहाटी में आयोजित भूपेन हजारिका की जन्मशताब्दी समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित थे। इस अवसर पर उन्होंने भूपेन हजारिका पर लिखी एक पुस्तक का विमोचन किया और उनकी स्मृति में 100 रुपये का शताब्दी स्मारक सिक्का जारी किया। कार्यक्रम में उनका स्वागत पारंपरिक असमिया शॉल और भूपेन हजारिका का चित्र भेंट कर किया गया।

### स्मार्ट सिटी मिशन के तहत तेजी से विकसित हो रहा इंफाल

प्रधानमंत्री ने कहा कि इम्फाल को 'स्मार्ट सिटी मिशन' के तहत तेजी से विकसित किया जा रहा है और यहां कई परियोजनाएं पूर्ण हो चुकी हैं। आईटी स्पेशल इकोनॉमिक ज़ोन की पहली बिल्डिंग तैयार हो चुकी है, जिससे स्टार्टअप्स और टेक्नोलॉजी आधारित उद्योगों को बल मिलेगा। लंबे समय से लंबित सिविल सचिवालय भवन अब बनकर तैयार है, जिससे नागरिक देवो भव की भावना के अनुरूप प्रशासनिक व्यवस्था को मजबूती मिलेगी। प्रधानमंत्री ने मणिपुर की महिलाओं की आर्थिक भूमिका को रेखांकित करते हुए कहा कि यह राज्य इमा केइथेल जैसी परंपरा के लिए जाना जाता है, जहां माताएं और बहनें अर्थव्यवस्था की अग्रिम पंक्ति में खड़ी हैं। हमारी सरकार ने महिलाओं के लिए विशेष इमा मार्केट्स स्थापित किए हैं।

## उत्तर प्रदेश के गांवों में दौड़ेंगी इंग्लैंड की डबल डेकर बसें

समृद्धि न्यूज



**बलिया।** प्रदेश सरकार के परिवहन मंत्री दयाशंकर सिंह ने शनिवार को कहा कि प्रदेश में अभी 12943 गांव सरकारी बस की सुविधा से वंचित हैं, जहां जल्द इंग्लैंड से खरीदी गई इलेक्ट्रिक व डबल डेकर बसों का संचालन शुरू किया जाएगा।

परिवहन मंत्री ने कहा कि अब कम दूरी के लिए छोटी बसें चलाई जाएंगी। इसके लिए कुल 9500 बसों की खरीद की जा रही है। इसमें इलेक्ट्रिक व डबल डेकर बसें भी शामिल हैं। जिसके बाद जल्द ही परिवहन निगम 25 हजार बसों से सुसज्जित हो जाएगा। कहा कि डबल डेकर इलेक्ट्रिक बसें इंग्लैंड से आ रही हैं। जिसमें से बलिया भी आवश्यकतानुसार बसें आएंगी। एक बस करीब दस करोड़ रुपए की पड़ रही है। इलेक्ट्रिक बसों के लिए चार्जिंग स्टेशन बनाने के निर्देश दिए गए हैं। यही नहीं बसों के संचालन के लिए निगम के अधिकारियों को रूट सर्वे करने का निर्देश दिया गया है। पीडब्लूडी के डाकबंगले में जनसमस्याओं को सुनने के दौरान मंत्री दयाशंकर सिंह ने कहा कि प्रदेश का एक भी गांव बस की सुविधा से वंचित नहीं रहेगा।

अभी इसी छह सितंबर को मुख्यमंत्री ने परिवहन निगम मुख्यालय में आयोजित कार्यक्रम में प्रदेश के सभी गांवों को बसों से जोड़ने के निर्देश दिए हैं। जिस पर कार्य शुरू कर दिया गया है। परिवहन के क्षेत्र में बलिया हर मायने में अव्वल बनेगा। आज यूपी का परिवहन विभाग पूरे देश में नंबर एक पर पहुंचने वाला है। उन्होंने कहा, बैरिया में अंतर्राज्जीय बस अड्डा के लिए जमीन अधिग्रहण हो गया है। जिसका जल्द शिलान्यास होगा। कहा कि जिले के नोडल अधिकारी परिवहन निगम के एमडी भी हैं। जिन्होंने शनिवार को यहां विकास कार्यों का भी जायजा लिया है। अतिशीघ्र जिले में विकास के सभी कार्य प्राथमिकता के आधार पर पूरे किए जाएंगे।

### -: सर्राफा बाजार भाव :-

| सोना | | प्रति 10 ग्राम |
|---|---|---|
| 24 कैरेट | = | 1,11,300/ |
| 22 कैरेट | = | 10,2050/ |
| 18 कैरेट | = | 83,520/ |
| चांदी | | प्रति किलो |
| | = | 1,33,000/ |



## संक्षिप्त समाचार

### हाईकोर्ट ने बीएसए संभल को जारी किया जमानती वारंट

**प्रयागराज।** इलाहाबाद उच्च न्यायालय ने जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी संभल, अल्का शर्मा के खिलाफ जमानती वारंट जारी किया है। अदालत ने यह कदम तब उठाया जब अवमानना के एक मामले में उन्हें व्यक्तिगत रूप से या हलफनामा दाखिल करके पेश होना था। लेकिन वह उपस्थित नहीं हुईं। आदेश न्यायमूर्ति नीरज तिवारी की एकल पीठ ने चरण सिंह और 84 अन्य की अवमानना अर्जी पर दिया है। 29 जुलाई, 2025 को कोर्ट ने प्रतिवादी को नोटिस जारी कर यह बताने के लिए कहा था कि क्यों न उनके खिलाफ अदालत के आदेश की अवहेलना के लिए अवमानना की कार्यवाही शुरू की जाए। बीएसए अल्का शर्मा को नोटिस तामील हो चुका था। 12 सितम्बर, 2025 को जब मामले की सुनवाई हुई, तो वह न तो अदालत में मौजूद थीं और न ही उन्होंने कोई हलफनामा दाखिल किया।

### वरिष्ठ नेता पीटी जॉन बने किसान कांग्रेस के उपाध्यक्ष

**नई दिल्ली।** कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने पार्टी के वरिष्ठ नेता पीटी जॉन को किसान कांग्रेस का उपाध्यक्ष नियुक्त किया है। यह नियुक्ति तत्काल प्रभाव से लागू होगी। कांग्रेस महासचिव केसी वेणुगोपाल ने शनिवार को जारी पत्र में बताया कि पार्टी नेतृत्व ने यह फैसला किसानों से जुड़े मुद्दों को और मज़बूती से उठाने और संगठन को जमीनी स्तर पर सशक्त बनाने के उद्देश्य से किया है। किसान कांग्रेस देशभर में किसानों की समस्याओं और अधिकारों को लेकर सक्रिय रहती है।

### दिल्ली के ताज पैलेस होटल को बम से उड़ाने की धमकी

**नई दिल्ली।** दिल्ली के ताज पैलेस होटल को बम से उड़ाने की धमकी भरा एक ई-मेल मिला है। इसके बाद से ही पुलिस ने होटल परिसर में व्यापक तलाशी अभियान शुरू किया। हालांकि सघन तलाशी अभियान के बाद यह खबर झूठी निकली। दौरान होटल में रूके मेहमानों और स्टाफ को कुछ घंटों के लिए परेशानी हुई लेकिन बाद में किसी भी तरह के खतरा नहीं होने की बात साफ होने से पुलिस ने राहत की सांस ली। दिल्ली पुलिस के मुताबिक होटल प्रबंधन को शुक्रवार देर रात करीब 02 बजे प्राप्त ई-मेल में बम विस्फोट की धमकी दी गई । पुलिस की टीमें मौके पर पहुंचीं और होटल के सभी हिस्सों की बारीकी से छानबीन की लेकिन इस दौरान उन्हें कोई संदिग्ध वस्तु या सामान नहीं मिला।

### लखनऊ एयरपोर्ट में यात्री के बैग से कारतूस बरामद

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के राजधानी लखनऊ में शनिवार को अमौसी एयरपोर्ट सुरक्षा कर्मियों ने जांच के दौरान एक यात्री के बैग से कारतूस बरामद किया है। इस मामले में सुरक्षा कर्मियों ने प्रयागराज निवासी आरोपित इरफान अहमद को पकड़ा है। आरोपित दमन जाने वाली फ्लाइट से यात्रा करने वाला था, जहां बैगेज स्क्रीनिंग के दौरान संदिग्ध वस्तु की जांच में उसके बैग से कारतूस मिलने पर उसे गिरफ्तार कर पूछताछ की जा रही है। सरोजनी नगर थाना प्रभारी राजदेव प्रजापति ने बताया कि एक यात्री युवक के बैग से 8 एमएम कैफ 315 बोर का कारतूस बरामद किया गया है। यात्री इस सम्बंध में कोई वैध लाइसेंस या दस्तावेज नहीं दिखा सका। सुरक्षा एजेंसी ने यात्री को तुरंत हिरासत में ले लिया। आगे की कार्यवाही के लिए सरोजनी नगर थाना लाया गया है।

## 182 एपीओ की होगी भर्ती, 16 से शुरू होंगे ऑनलाइन आवेदन

समृद्धि न्यूज

**यूपीपीएससी ने एपीओ भर्ती परीक्षा-2025 का विज्ञापन किया जारी**

**लखनऊ ।** उत्तर प्रदेश लोक सेवा आयोग यूपीपीएससी ने सहायक अभियोजन अधिकारी यानि एपीओ भर्ती परीक्षा-2025 का विज्ञापन जारी हुआ है जिसके मुताबिक 182 पदों पर भर्ती के लिए 16 सितंबर से ऑनलाइन आवेदन प्रक्रिया शुरू होगी।

सचिव यूपीपीएससी अशोक कुमार की ओर से जारी विज्ञापन के अनुसार ऑनलाइन परीक्षा शुल्क बैंक में जमा करने एवं ऑनलाइन आवेदन स्वीकार करने की अंतिम तिथि 16 अक्तूबर तय की गई है। ऑनलाइन प्रस्तुत आवेदन में सुधार, संशोधन एवं शुल्क समाधान की अंतिम तिथि 24 अक्तूबर निर्धारित की गई है। परीक्षा का विवरण 16 सितंबर से आयोग की वेबसाइट पर उपलब्ध रहेगा। ऑनलाइन आवेदन करने की प्रक्रिया, शुल्क जमा करने की प्रक्रिया, जाति प्रमाणपत्रों का प्रोफॉर्मा, परीक्षा-योजना एवं पाठ्यक्रम, आरक्षण एवं आयु में छूट के संबंध में निर्धारित महत्वपूर्ण निर्देश उपलब्ध रहेंगे।

अभ्यर्थी की आयु एक जुलाई 2025 को न्यूनतम 21 वर्ष और अधिकतम 40 वर्ष होनी चाहिए। उनका जन्म दो जुलाई 1985 से पूर्व और एक जुलाई 2004 के बाद का नहीं होना चाहिए। दिव्यांगों के लिए अधिकतम आयु सीमा में नियमानुसार छूट अनुमन्य होगी।

### अवैध निर्माण करने वालों पर पुलिस का शिकंजा, 28 के खिलाफ केस दर्ज

**नोएडा।** उत्तर प्रदेश के गौतमबुद्ध नगर जिले के शाहपुर गोवर्धनपुर गांव में प्राधिकरण की अधिसूचित जमीन पर अवैध निर्माण करने के लिए 28 लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया। पुलिस के एक अधिकारी ने शनिवार को यह जानकारी दी। अधिकारी ने बताया कि नोएडा प्राधिकरण के अधिकारियों द्वारा इस संबंध में शिकायत दी गई थी थाना सेक्टर 126 के प्रभारी निरीक्षक भूपेंद्र बालियान ने बताया कि शुक्रवार रात को नोएडा प्राधिकरण के 'वर्क सर्किल नौ' के अवर अभियंता हरेंद्र मलिक ने शिकायत दर्ज कराई और आरोप लगाया कि शाहपुर गोवर्धनपुर खादर गांव में प्राधिकरण की जमीन पर कुछ लोग लगातार अवैध निर्माण कर रहे हैं। अतिक्रमण करने का मामला सामने आने के बाद लोगों को चेतावनी भी दी जा चुकी है।

## बांकेबिहारी मंदिर में वीआईपी दर्शन व्यवस्था होगी बंद

**बिहारी मन्दिर की हाई पावर्ड मैनेजमेंट कमेटी ने लिया निर्णय**

समृद्धि न्यूज



**मथुरा।** वृंदावन के ठा. श्री बांके बिहारी मन्दिर में वीआईपी पर्ची से दर्शन की व्यवस्था बंद कर दी जाएगी। सभी श्रद्धालुओं को रेलिंग में हीलाइन से दर्शन करने की व्यवस्था की जाएगी। इसके साथ ही सेवायतों के साथ मंदिर में सेवकों की संख्या भी नियंत्रित की जाएगी। यह निर्णय बिहारी मन्दिर की हाई पावर्ड मैनेजमेंट कमेटी ने लिया है। शनिवार को बांके बिहारी मंदिर के प्रांगण में हाई पावर्ड मैनेजमेंट कमेटी की बैठक हुई।

बैठक में अध्यक्ष सेवानिवृत्त न्यायमूर्ति अशोक कुमार, सदस्य सेवानिवृत्त जिला एवं सत्र न्यायाधीश मुकेश मिश्रा, सदस्य जिला एवं सत्र न्यायाधीश विकास कुमार, सदस्य सचिव जिलाधिकारी मथुरा चन्द्र प्रकाश सिंह, सदस्य राजभोग सेवाधिकारी शैलेन्द्र गोस्वामी व श्रीवर्धन गोस्वामी, राजभोग सेवाधिकारी दिनेश कुमार गोस्वामी मौजूद रहे।

बैठक में कमेटी के अध्यक्ष अशोक कुमार ने अवगत कराया कि कमेटी ने मंदिर के आसपास विभिन्न गलियों में कई प्वाइंटों का निरीक्षण किया तथा खामियों को दूर करने की कार्य योजना बनाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि मंदिर के प्रवेश के लिए दो द्वार है। गेट नंबर 2 एवं गेट नंबर 3 से श्रद्धालु प्रवेश करते है। उक्त दोनों गेट का स्थलीय निरीक्षण कर निर्णय लिया गया कि प्रवेश द्वारों पर दर्शनार्थियों के लिए 3-3 लाइन बनाई जाएंगे, तीनों लाइनों में रेलिंग लगाते हुए मंदिर में प्रवेश होगा और उसके बाद उसी रेलिंग के अंदर से श्रद्धालु दर्शन करते हुए मंदिर से निकास की ओर चले जाएंगे। इस प्रकार एंट्री के लिए कुल छह लाइन हो जाएंगी। उन्होंने श्रद्धालुओं से अनुरोध किया कि वे दर्शन करते हुए शीघ्र आगे बढ़ते रहे और अपने पीछे वालों को भी दर्शन का लाभ उठाने दे।

## अतिक्रमण पर बड़ी कार्रवाई, रामपुर में 1400 दुकानों पर चला बुलडोजर

समृद्धि न्यूज



**रामपुर ।** उत्तर प्रदेश के रामपुर जिले के तहसील टांडा में नैनीताल हाईवे पर अवैध अतिक्रमण हटाने का अभियान लोक निर्माण विभाग और प्रशासन के संयुक्त प्रयासों से चल रहा है, जिसमें सड़क किनारे हुए अवैध निर्माणों को हटाया जा रहा है, जो कि सड़क यातायात को सुधारने के उद्देश्य से किया गया है।

प्रशासन ने निर्धारित समय सीमा के भीतर अपने अतिक्रमण स्वयं हटाने का अल्टीमेटम दिया था, जिसके बाद से ही कई लोगों ने अपने निर्माण तोड़ने शुरू कर दिए हैं और कई स्थानों पर प्रशासन की टीम ने बुलडोजर चलाकर भी कार्रवाई की है। दरअसल, लंबे समय से चल रही अवैध अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई को अब अंतिम रूप दिया जा रहा है क्योंकि दुकानदारों द्वारा स्वयं अवैध अतिक्रमण अपने हाथों से तोड़ा जा रहा है तो साथी जो दुकानदार अवैध अतिक्रमण नहीं हटा रहे उनका प्रशासन द्वारा अंतिम अल्टीमेटम देकर जल्द से जल्द अवैध अतिक्रमण ध्वस्त करने की चेतावनी दी है।


### बाढ़ प्रभावित राज्यों के लिए एम्स ने शुरू की टेलिमेडिसिन सेवा

**नई दिल्ली।** देश के बाढ़ प्रभावित राज्यों के लिए अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान ने एक टेलिमेडिसिन सेवा शुरू की है। इस सेवा के तहत एक मोबाइल नंबर 9355023967 जारी किया गया है जिससे लोग डॉक्टरों से सलाह ले सकते हैं। हेल्पलाइन पंजाब, हिमाचल प्रदेश, उत्तराखंड और बिहार के लोगों के लिए शुरू की है। शनिवार को एम्स के अ. प्रोफेसर डॉ. अमरिंदर सिंह मल्ही ने मीडिया को बताया कि एम्स नई दिल्ली उत्तर भारत के सभी प्रभावित क्षेत्रों के लिए अपनी चिकित्सा सेवाएं शुरू की है। उन्होंने कहा कि हमारी टीमें सभी बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों के रोगियों के उपचार में मदद करेंगी।

## वोटर लिस्ट बनाना व बदलना सिर्फ हमारा काम

**ईसी ने सुप्रीम कोर्ट में हलफनामा दाखिल कर बताया अपना अधिकार**

एजेंसी




**नई दिल्ली।** चुनाव आयोग ने सुप्रीम कोर्ट में हलफनामा देकर कहा- पूरे देश में समय-समय पर स्पेशल इंटेंसिव रिवीजन कराना उसका विशेषाधिकार है। कोर्ट इसका निर्देश देगी तो ये अधिकार में दखल होगा।

आयोग ने कोर्ट में दाखिल अपने हलफनामे में कहा कि संविधान के अनुच्छेद 324 के अनुसार वोटर लिस्ट बनाना और उसमें समय-समय पर बदलाव करना सिर्फ चुनाव आयोग का अधिकार है। यह काम न किसी और संस्था और न ही अदालत को दिया जा सकता। चुनाव आयोग ने कहा कि हम अपनी जिम्मेदारी समझते हैं और वोटर लिस्ट को पारदर्शी रखने के लिए लगातार काम करते हैं। यह हलफनामा एडवोकेट अश्विनी कुमार उपाध्याय की याचिका पर दायर किया गया था। याचिका में मांग की गई थी कि चुनाव आयोग को भारत में विशेष रूप से चुनावों से पहले एसआईआर कराने का निर्देश दिया जाए, ताकि देश की राजनीति और नीति केवल भारतीय नागरिक ही तय करें। ईसी ने 5 जुलाई 2025 को बिहार को छोड़कर सभी राज्यों और केंद्रशासित प्रदेशों के मुख्य चुनाव अधिकारियों को पत्र भेजकर 1 जनवरी 2026 की पात्रता तिथि के आधार पर एसआईआर की तैयारियां शुरू करने का निर्देश दिया था। धारा 21 के मुताबिक, वोटर लिस्ट में बदलाव करने की कोई तय समय सीमा नहीं है। बल्कि ये सामान्य जिम्मेदारी है, जिसे हर आम चुनाव, विधानसभा चुनाव या किसी सीट के खाली होने पर होने वाले उपचुनाव से पहले पूरा करना जरूरी है। नियम 25 से साफ है कि मतदाता सूची में थोड़ा-बहुत या बड़े स्तर पर बदलाव करना है या नहीं, यह पूरी तरह चुनाव आयोग के फैसले पर निर्भर करता है।

### पीएम व उनकी मां पर डीपफेक वीडियो को लेकर कांग्रेस के खिलाफ एफआईआर दर्ज

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और उनकी दिवंगत माता हीराबेन की छवि का डीपफेक वीडियो बनाकर मजाक बनाने और अपमानित करने के मामले में दिल्ली पुलिस ने कांग्रेस और उसके जिम्मेदार पदाधिकारियों के खिलाफ एफआईआर दर्ज की है। यह शिकायत भाजपा दिल्ली चुनाव प्रकोष्ठ के संयोजक संकेत गुप्ता की ओर से दर्ज कराई गई थी। शिकायत के अनुसार, 10 सितंबर की शाम 6.12 बजे कांग्रेस के आधिकारिक सोशल मीडिया हैंडल आईएनसी बिहार से प्लेटफॉर्म एक्स (पूर्व में ट्विटर) पर एक वीडियो साझा किया गया। यह वीडियो पूरी तरह से एआई/डीपफेक तकनीक से तैयार मनगढ़ंत सामग्री है।

**तलबी** | **हाईकोर्ट ने सहायक अध्यापक प्रशिक्षित स्नातक ग्रेड चयन परीक्षा 2025 के लिए आयोग से मांगा जवाब**

## बिना बीएड के सहायक शिक्षक कंप्यूटर पद पर नहीं होगी नियुक्ति

समृद्धि न्यूज



**असिस्टेंट टीचर प्रशिक्षित स्नातक ग्रेड चयन परीक्षा की चयन प्रक्रिया को कोर्ट ने अगली सुनवाई 16 अक्टूबर की तारीख तक जारी रखने के दिए निर्देश**

**प्रयागराज।** इलाहाबाद उच्च न्यायालय ने सहायक अध्यापक प्रशिक्षित स्नातक ग्रेड चयन परीक्षा 2025 के लिए उप्र लोक सेवा आयोग द्वारा जारी विज्ञापन को सहायक शिक्षक (पुरुष-महिला) कम्प्यूटर की आवश्यक योग्यता के मामले में दाखिल याचिका पर राज्य सरकार, आयोग व अन्य से दो सप्ताह में जवाब मांगा है।

कोर्ट ने याचिका पर अगली सुनवाई के लिए 16 अक्टूबर की तारीख लगाते हुए चयन प्रक्रिया जारी रखने को कहा है। लेकिन यह भी कहा कि बीएड योग्यता नहीं रखने वाले किसी भी अभ्यर्थी को सहायक शिक्षक कंप्यूटर (पुरुष-महिला) के पद के लिए बिना न्यायालय की अनुमति के बिना नियुक्त नहीं किया जाएगा। यह आदेश न्यायमूर्ति मनोज कुमार गुप्ता एवं न्यायमूर्ति अरुण कुमार की खंडपीठ ने प्रवीण मिश्र व अन्य की याचिका पर सीमांत सिंह, वैभव त्रिपाठी, अपर मुख्य स्थायी अधिवक्ता राजीव गुप्ता को सुनकर दिया है।


राज्य सरकार की ओर से स्थायी अधिवक्ता ने निर्देश प्राप्त किए और इस बात से इनकार नहीं किया कि एनसीटीई द्वारा जारी अधिसूचना में बीएड को आवश्यक योग्यता के रूप में माना गया है। 2018 के चयन में कई पदों को योग्य अभ्यर्थियों की अनुपलब्धता के कारण भरा नहीं जा सका। इसलिए छात्रों के हित में संशोधन किया गया है और उसके अनुसार विज्ञापन जारी किया गया है।

### विज्ञापन को सहायक शिक्षक कम्प्यूटर पद के लिए दी गई चुनौती

याचिका में उप्र अधीनस्थ शिक्षा (प्रशिक्षित स्नातक ग्रेड) सेवाएं (छठा संशोधन) नियम 2024 में निर्धारित योग्यता और सहायक अध्यापक प्रशिक्षित स्नातक ग्रेड (पुरुष-महिला शाखा) परीक्षा 2025 के लिए उप्र लोक सेवा आयोग द्वारा जारी विज्ञापन को सहायक शिक्षक (पुरुष-महिला) कम्प्यूटर के लिए चुनौती दी है। चुनौती इस आधार पर दी गई है कि संशोधन अधिनियम और विवादित विज्ञापन में यह प्रावधान कि बीएड केवल सहायक शिक्षक कंप्यूटर के चयन के लिए एक पसंदीदा योग्यता होगी, एनसीटीई की 12 नवम्बर 2014 की अधिसूचना के विपरीत है। इस अधिसूचना के तहत बीएड को आवश्यक योग्यता के रूप में निर्धारित किया गया है। याचियों की ओर से तर्क दिया गया कि एनसीटीई द्वारा निर्धारित योग्यता राज्य सरकार पर बाध्यकारी है और इसे बीएड को पसंदीदा योग्यता के रूप में प्रदान करके और आवश्यक योग्यता के रूप में नहीं, कमजोर नहीं किया जा सकता है।

## सत्ता परिवर्तन की लोकतांत्रिक व्यवस्था है वोट : अखिलेश यादव

समृद्धि न्यूज



**लखनऊ।** देश में सत्ता परिवर्तन लोकतांत्रिक व्यवस्था में वोट के जरिए ही संभव है। गैरबराबरी, महंगाई, भ्रष्टाचार से सभी त्रस्त है। आरक्षण को समाप्त करने की साजिशें हो रही है। समाजवादी पार्टी बाबा साहब डॉ. भीमराव अम्बेडकर, डॉ. राममनोहर लोहिया और नेताजी मुलायम सिंह यादव के संघर्ष के रास्ते पर चलती है। वह धर्मनिरपेक्षता, समाजवाद और संविधान की मूल स्थापनाओं के साथ प्रतिबद्ध है।

समाजवादी पार्टी (सपा) के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव ने यह बातें शनिवार को राजधानी लखनऊ के प्रदेश मुख्यालय में विभिन्न जिलों से आये नेताओं एवं कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कही। उन्होंने कहा कि जनता बदलाव के लिए व्याकुल है और इंतजार के मूड में नहीं है। 2027 के विधानसभा चुनावों में समाजवादी पार्टी की सरकार बनना सुनिश्चित है। भाजपा को वोट के लोकतांत्रिक अधिकार के जरिए ही शांतिपूर्ण अहिंसक तरीके से अब सत्ता से उखाड़ फेंकने का समय आ गया है। भाजपा हटेगी तभी सामाजिक, आर्थिक, गैरबराबरी मिटेगी और लोगों में खुशहाली आएगी।

# 2425 नवचयनित मुख्य सेविकाओं को जिलेवार तैनाती के आदेश जारी

**88 प्रतिशत से अधिक अभ्यर्थियों को मिला प्रथम प्राथमिकता का जिला**

समृद्धि न्यूज

**लखनऊ।** विभाग द्वारा अपने मानव संसाधन की वृद्धि करने तथा विभागीय योजनाओं को त्वरित गति प्रदान करने के उद्देश्य से 17 नवम्बर 2021 को उ.प्र. अधीनस्थ सेवा चयन आयोग को मुख्य सेविका के 2693 रिक्त पदों पर नियुक्ति को लेकर अधियाचन भेजा गया। 24 सितम्बर 2023 को आयोग की ओर से मुख्य परीक्षा करायी गयी, जिसका परिणाम 2 जुलाई 2025 को घोषित किया गया। इस क्रम में नव चयनित 2425 मुख्य सेविकाओं को नियुक्ति पत्र 27 अगस्त 2025 को लोकभवन में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के करकमलों से तथा अन्य जनपदों में स्थानीय जनप्रतिनिधियों के माध्यम से नियुक्ति पत्र प्रदान किये गये। इसी कड़ी में विभाग ने ऑनलाइन प्रिफ्रेंस बेस मेरिट बेस्ड एलोकेशन की पद्धति अपनाते हुए एक स्वच्छ पारदर्शी व्यवस्था के अंतर्गत चयनित मुख्य सेविकाओं को जनपदों में तैनात कर दिया गया है।

निदेशक बाल विकास सेवा एवं पुष्टाहार सरनीत कौर ब्रोका ने यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि नवचयनित मुख्य सेविकाओं की जनपदों में तैनाती हेतु उनके द्वारा जनपद की वरीयताएं प्रस्तुत करने के लिए ऑनलाइन पोर्टल विभाग द्वारा विकसित किया गया। शासन से अनुमोदित नीति के अनुसार 69 जनपदों को विकल्प के लिए पोर्टल पर खोला गया। यह ऐसे जनपद थे जहां पर 60 प्रतिशत या इससे अधिक मुख्य सेविका के पद रिक्त थे। जिन मुख्य सेविकाओं की बाल विकास परियोजना अधिकारी के पद पर पदोन्नति हो चुकी है, उन रिक्त पदों को भी सम्मिलित करते हुए विकल्प भरे जाने की व्यवस्था अभ्यर्थियों के साथ दिये गये पोर्टल लिंक https://icdspreference.upsdc.gov.in/ की ओर से की गयी थी। जिसे उनके द्वारा मोबाइल नम्बर पर प्राप्त ओटीपी के माध्यम से लॉगिन किया गया।सफल लॉगिन पर मुख्य सेविकाओं को पोर्टल पर विभाग द्वारा उपलब्ध रिक्तियों हेतु निर्धारित जनपदों के लिए वरीयता चुनकर उसे भरा गया। पोर्टल पर उपलब्ध सभी जनपदों की वरीयताएं भरना अनिवार्य था। सभी जनपदों की वरीयताएं सफलतापूर्वक भरने के बाद संबंधित के मोबाइल नम्बर पर पुष्टिकरण के लिए एसएमएस भी प्राप्त हुआ। विभाग की ओर से उपलब्ध रिक्तियों के लिए निर्धारित जनपद के लिए जनपदों की वरीयताएं भरने के बाद उसे अंतिम रूप से लॉक करने का विकल्प प्रदर्शित हुआ। लॉक होने के बाद, मुख्य सेविकाओं के पास पोर्टल पर दर्ज किये गये विवरण के अनुसार जनपद वरीयता फॉर्म की एक प्रति प्रिंट करने का विकल्प भी दिया गया।

**कुल 2403 अभ्यर्थियों को आवंटन किया गया**

निदेशक बाल विकास सेवा एवं पुष्टाहार ने कहा कि महत्वपूर्ण तथ्य यह है कि अधिकांश अभ्यर्थियों को उनकी पहली पसंद का जिला मिला है। आंकड़ों के अनुसार, 88.22 प्रतिशत (2120 अभ्यर्थियों) को पहली प्राथमिकता, 8.41 प्रतिशत को दूसरी प्राथमिकता तथा शेष को अन्य को तीसरी प्राथमिकता में 1.41 प्रतिशत (34 अभ्यर्थी), चौथी प्राथमिकता में 1.21 प्रतिशत (29 अभ्यर्थी), पांचवी प्राथमिकता में 0.46 प्रतिशत (11 अभ्यर्थी), छठी प्राथमिकता में 0.25 प्रतिशत (06 अभ्यर्थी) एवं सातवी प्राथमिकता में 0.04 प्रतिशत (01 अभ्यर्थी) इस प्रकार कुल 2403 अभ्यर्थियों को आवंटन किया गया है।

# डॉ. भीमराव अम्बेडकर के बारे में बयानबाजी के बजाय चुप रहें साधु संत : मायावती

समृद्धि न्यूज



**लखनऊ।** बहुजन समाज पार्टी (बसपा) प्रमुख मायावती ने साधु संतों की ओर से बाबा साहेब डॉ. भीमराव अम्बेडकर को लेकर दिए जा रहे बयानबाजी पर अपनी प्रतिक्रिया दी है। उन्होंने कहा कि बाबा साहेब अतुल्य योगदान के बारे में सही जानकारी नहीं होने के कारण उनको इस बारे में कोई भी गलत बयानबाजी आदि करने की बजाए यदि वे चुप रहें तो यह उचित होगा।

बसपा प्रमुख मायावती ने शनिवार को एक्स पर एक पोस्ट लिखा है। उन्होंने लिखा कि जैसाकि विदित है कि आएदिन सुर्खियों में बने रहने के लिए कुछ साधु संत बाबा साहेब भीमराव अम्बेडकर के बारे में गलत बयानबाजी कर रहे हैं। विवादित बयानबाजी करने वाले कुछ साधु-सन्तों को डॉ. भीमराव अम्बेडकर के भारतीय संविधान के निर्माण में रहे उनके अतुल्य योगदान के बारे में सही जानकारी नहीं होने के कारण इनको इस बारे में कोई भी गलत बयानबाजी आदि करने की बजाए यदि वे चुप रहें तो ये उचित होता। साथ ही, बाबा साहेब के अनुयायी, मनुस्मृति का विरोध क्यों करते हैं? उसे भी इनको अपनी जातिवादी द्वेष की भावना को त्याग कर ज़रूर समझना चाहिये। मायावती नू लिखा कि इसके साथ-साथ, इन्हें यह भी मालूम होना चाहिये कि बाबा साहेब विद्वान व्यक्तित्व थे। इस मामले में कोई भी टीका-टिप्पणी करने वाले साधु-सन्त, इनकी विद्वता के मामले में कुछ भी नहीं हैं।

## खबरें एक नजर में

### छात्रा से प्रोफेसर ने किया अमर्यादित व्यवहार

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** लखनऊ विश्वविद्यालय के समाज कार्य विभाग की रिसर्च स्कॉलर शिवांगी त्रिवेदी ने गोल्डन जुबली छात्रावास की चीफ प्रोवोस्ट प्रोफेसर अलका कुमारी पर गंभीर आरोप लगाए हैं। छात्रा का कहना है कि प्रोफेसर ने उसके साथ ना सिर्फअभद्रता की। बल्कि, अपमानजनक शब्दों का उच्चारण करते हुए उसे जलील किया। छात्रा का आरोप है कि छात्रावास की एक मीटिंग में प्रोफेसर ने पहले उसे जलील किया। फिर कहा कि तुम्हारी औकात क्या है...मैं जूतों से मारूंगी। इसके अलावा कई और अपमानजनक बातें कहीं। पीड़िता ने कुलपति प्रोफेसर मनुका खन्ना को लिखित शिकायत दी है। जांच करके आरोपी प्रोफेसर के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है। कुलपति को लिखे पत्र में छात्रा ने कहा मैं पूरी निष्ठा और अनुशासन के साथ बीते 8 सालों से कैंपस में पढ़ाई कर रही हूं। 2 साल से गोल्डन जुबली हॉस्टल में प्रवास के दौरान सभी दायित्वों का निष्ठापूर्वक निर्वाहन किया है। ऐसे में प्रोवोस्ट का ये व्यवहार निराशाजनक है। साथ ही ये बहुत बड़ी मानसिक पीड़ा है। माता–पिता के लिए भी घोर पीड़ा का विषय है।

### रहीमाबाद में रेलवे ट्रैक पर मिला युवक का शव

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** रहीमाबाद कैथुलिया के पास रेलवे ट्रैक पर शनिवार सुबह एक व्यक्ति का शव मिला। सुबह 8.30 बजे सूचना मिलते ही प्रभारी निरीक्षक आनंद द्विवेदी टीम के साथ मौके पर पहुंचे। मृतक की पहचान बिहार के रोहतास जिले के शंकरपुर स्थित घनी विगहा निवासी दीपक कुमार के रूप में हुई। दीपक की उम्र लगभग 35 वर्ष थी और वे राजेंद्र सिंह के पुत्र थे। घटनास्थल पर जीआरपी पुलिस के साथ मृतक के जीजा राजकुमार सिंह और साला अमन कुमार भी मौजूद थे। परिजनों ने शव की पहचान की और पुलिस को घटना की जानकारी दी। पुलिस ने परिजनों से प्राप्त प्रार्थना पत्र के आधार पर कार्रवाई शुरू कर दी है। शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। पुलिस अभी यह पता लगाने में जुटी है कि यह हादसा है, आत्महत्या है या फिर कोई अन्य कारण है। मामले की जांच जारी है।

### कैसरबाग बस अड्डा चौराहे पर 50 मीटर का नो-वेंडिंग जोन

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** कैसरबाग बस अड्डा चौराहे के हर मार्ग को 50 मीटर तक नो–वेंडिंग जोन घोषित किया गया है। चारों तरफजाने वाले मार्गों के निर्धारित दायरे में पटरी दुकाने हटवाने के साथ ही वाहन खड़े करने पर भी रोक लगा दी गई है।अब यहां दुकान लगाने या वाहन खड़े करने वालों के खिलाफसख्त कार्रवाई की जाएगी।कैसरबाग चौराहे के आसपास लगने वाले जाम से निजात के मद्देनजर मंडलायुक्त डॉ. रोशन जैकब ने 50 मीटर दायरे को नो वेंडिंग जोन घोषित करने का निर्देश दिया है। गाड़ियां खड़ी करने पर भी रोक लगा दी गई है। निर्धारित दायरे में वाहन खड़े होने पर चालान किया जाएगा। मंडलायुक्त ने नगर निगम और ट्रैफिक पुलिस को नो–वेंडिंग जोन की व्यवस्था सख्ती से लागू करने के निर्देश दिए हैं। मंडलायुक्त ने वाहन चालकों की मनमानी रोकने के लिए विशेष अभियान चलाने के निर्देश दिए हैं। कैसरबाग चौराहे के आसपास टेंपो, ई–रिक्शा और ऑटो चालक अगर लगातार तीन बार ट्रैफिक रूल्स तोड़ते मिले तो लाइसेंस निरस्त कर दिया जाएगा। वन–वे व्यवस्था का सख्ती से पालन करवाया जाएगा। कैसरबाग बस अड्डे की अंडरपार्किंग का संचालन नगर निगम करेगा। मंडलायुक्त ने अमीरुद्दौला लाइब्रेरी के पास से अतिक्रमण हटवाकर दो पहिया वाहनों के लिए पार्किंग शुरू करने के निर्देश दिए हैं।

### श्री सदगुरु कबीर जागू आश्रम में पूजा व भंडारे का आयोजन आज

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** विगत वर्षों की भांति इस वर्ष भी कल 14 सितंबर को श्री सदगुरु कबीर जागू आश्रम दसौली पर गुरु पूजा एवं भंडारे का आयोजन किया जा रहा है। इस आशय की जानकारी देते हुए आयोजक व अखंड आर्यावर्त आर्य त्रिदंडी महासभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष ऋषि त्रिवेदी ने बताया कि कार्यक्रम प्रात: बीजक पाठ व गुरू पूजा के तत्पश्चात अपराह्न एक बजे से भंडारा प्रसाद वितरण का कार्यक्रम होगा। श्री त्रिवेदी ने बताया कि इस आयोजन में साधू–संतों के साथ विभिन्न संगठनों के प्रमुख पदाधिकारी, क्षेत्रीय लोग मौजूद रहेंगे।

### आयुष्मान कार्ड गरीबों के साथ सरकार का छलावा : सुनील

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** लोकदल राष्ट्रीय अध्यक्ष सुनील सिंह ने कहा कि मोदी सरकार ने गरीबों के स्वास्थ्य के नाम पर सबसे बड़ा धोखा किया है। आयुष्मान कार्ड जैसी योजना को गरीबों तक पहुँचाने का दावा करने वाली सरकार ने इसमें ऐसी शर्तें रख दी हैं, जिससे असली गरीब परिवार योजना से बाहर कर दिए जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि सरकार ने कार्ड बनाने के लिए राशन कार्ड में 6 सदस्य होना अनिवार्य कर दिया है। सवाल यह है कि जिन परिवारों में 6 सदस्य ही नहीं हैं, उनके इलाज का क्या होगा? क्या उनका स्वास्थ्य अब सरकार की जिम्मेदारी नहीं है? गरीबों का खून चूसने वाली यह सरकार गरीब परिवारों के स्वास्थ्य का मजाक उड़ा रही है। यह योजना नहीं, बल्कि गरीबों को मृत्यु की ओर धकेलने वाली साजिश है। सुनील सिंह ने कहा कि मोदी सरकार गरीबों के लिए नहीं, केवल अपने पूंजीपति मित्रों के लिए काम करती है।

### छोटा हाथी डिवाइडर से टकराया, स्टेयरिंग सीट में फंसा चालक

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** गोमतीनगर फायर स्टेशन को शनिवार सुबह करीब 4.30 सूचना मिली कि गाड़ी का एक्सीडेंट हो गया है। चालक गाड़ी में ही फंस गया है। सूचना पर टीम मौके पर पहुंची। देखा कि गाड़ी डिवाइडर से टकरा गई है। गाड़ी में फंसे चालक को निकालने के लिए हजरतगंज फायर स्टेशन से एमडीआरवी (रेस्क्यू वाहन) मंगाया गया। दोनों यूनिटों ने मिलकर ड्राइवर को सुरक्षित बाहर निकाला। चालक की पहचान असोहा, उन्नाव निवासी सुशील कुमार पुत्र रघुबीर के रूप में हुई। उसे एम्बुलेंस और पुलिस की मदद से अस्पताल भिजवाया गया। हादसे में किसी की मौत नहीं हुई। शुरुआती जांच में झपकी आने से हादसा होने की बात मानी जा रही है।

**मुख्यमंत्री योगी ने डॉ. राम मनोहर लोहिया आयुर्विज्ञान संस्थान के स्थापना दिवस समारोह को संबोधित करते हुए कहा**

# उत्तर प्रदेश में लगातार बेहतर हुई हैं स्वास्थ्य सेवाएं

**स्वास्थ्य व चिकित्सा शिक्षा के क्षेत्र में लोहिया संस्थान का अहम योगदान**

समृद्धि न्यूज



**लखनऊ।** यूपी के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने आज शनिवार को कहा कि चिकित्सा शिक्षा व स्वास्थ्य के क्षेत्र में लोहिया संस्थान का अहम योगदान है।

केजीएमयू, लोहिया संस्थान व एसजीपीजीआई ने कार्य करते हुए आज उत्तर प्रदेश के अन्दर चिकित्सा स्वास्थ्य व चिकित्सा शिक्षा के क्षेत्र में मानक गढ़े हैं। नेपाल, बिहार व पूर्वांचल के जिलों से बड़ी संख्या में मरीज लोहिया संस्थान में इलाज के लिए आते हैं। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने डॉ. राम मनोहर लोहिया आयुर्विज्ञान संस्थान के स्थापना दिवस समारोह में संबोधित करते हुए कहा कि उत्तर प्रदेश में स्वास्थ्य सुविधाएं बेहतर हुई हैं। पहले अस्पतालों में आईसीयू बेड नहीं थे। लोगों का समय पर इलाज नहीं हो पाता था। आज बेहतर उपचार मिल रहा है जो टीम भावना के साथ काम का नतीजा है। काम करने का जज्बा होता है तो सारी चीजें ठीक होती हैं। हम सही दिशा में आगे बढ़ रहे हैं। हमें कोरोना काल में बहुत कुछ सीखने को मिला। मुख्यमंत्री योगी ने कहा, तकनीक का उपयोग कर भीड़ की गति को रोक सकते हैं। पीएचसी, सीएचसी व जिला अस्पताल में भी व्यवस्थाएं ठीक हुई हैं। लोगों को इलाज मिल रहा है। उन्होंने कहा कि चरक व सुश्रुत दुनिया को भारत की देन है। भारत ने विश्व को पहला सर्जन दिया। समय के अनुरूप हम उस गति को बनाकर रख नहीं पाये।

इस मौके पर सीएम ने कई निर्माण कार्यों का लोकार्पण व शिलान्यास किया और कई चिकित्सकों को सम्मानित किया। इस अवसर पर लोहिया संस्थान के निदेशक प्रो.सीएम सिंह ने संस्थान की उपलब्धियों की जानकारी दी। कार्यक्रम में उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक, स्वास्थ्य राज्यमंत्री मयंकेश्वर शरण सिंह, सचिव चिकित्सा शिक्षा व स्वास्थ्य पार्थ सारथी सेन शर्मा प्रमुख रूप से उपस्थित रहे।

### भारत-पाक मैच के विरोध में छात्र संगठन ने बीसीसीआई का पुतला फूंका

**लखनऊ।** एशिया कप के अंतर्गत 14 सितंबर (रविवार) को भारत और पाकिस्तान के बीच मैच खेला जाना है। इससे पूर्व शनिवार को मैच को लेकर विरोध शुरू हो गया है। इसको लेकर राष्ट्रीय छात्र पंचायत के कार्यकर्ताओं ने लखनऊ विश्वविद्यालय के गेट पर भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) का पुतला फूंका है। छात्रों का कहना है कि पहलगाम की आतंकी घटना को हम अभी तक नहीं भूले हैं। पाकिस्तान जैसे आतंकी देश से कोई रिश्ता नहीं रखना चाहिए। भारतीय टीम एशिया कप में पाकिस्तान से मैच खेलने जा रही है। इस बारे में बीसीसीआई की चुप्पी बेहद शर्मनाक है। हम सभी छात्र इस मैच का पूर्ण बहिष्कार करते हैं।

# फोनपे ने लॉन्च किया डिजिटल-फर्स्ट उद्यम असिस्ट रजिस्ट्रेशन

समृद्धि न्यूज




**नई दिल्ली।** फोनपे ने आज दिल्ली के एक इवेंट में उद्यम असिस्ट प्रोग्राम के माध्यम से डिजिटल-फर्स्ट उद्यम रजिस्ट्रेशन की घोषणा की। इस कार्यक्रम की शोभा माननीय केंद्रीय सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम मंत्री, जीतन राम मांझी ने बढ़ाई। उनके साथ भारतीय लघु उद्योग विकास बैंक की चीफ जनरल मैनेजर वाई.एम. कुमारी भी उपस्थित रहीं।

इस लॉन्च के साथ ही फोनपे पहली फिनटेक कंपनी बन गई है जो अपने मर्चेंट्स को सीधे तौर पर एंड-टू-एंड डिजिटल समाधान उपलब्ध कराती है, जो अधिकांश अन्य प्लेटफॉर्म द्वारा अपनाई गई पारंपरिक उद्यम सर्टिफिकेट जारी करने की प्रक्रिया से बिल्कुल अलग है। इस पहल के तहत असंगठित माइक्रो मर्चेंट्स को औपचारिक पहचान मिलेगी, जिससे उन्हें सरकारी योजनाओं का लाभ, टैक्स में छूट, बिजनेस अकाउंट की खोलने की सुविधा और डिजिटल पेमेंट व वित्तीय सेवाओं तक सीधी पहुँच मिलेगी। लॉन्च इवेंट के दौरान, इस नई डिजिटल प्रक्रिया के माध्यम से व्यापारियों को उद्यम असिस्ट सर्टिफिकेट जारी किए गए, जो भारत की डिजिटल वित्तीय समावेशन यात्रा में एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर है।

### प्रसूता की मौत पर सीएमओ ने दिए जांच के आदेश

**लखनऊ।** मोहनलालगंज के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में एक प्रसूता की मौत के मामले में सीएमओ ने सीएचसी अधीक्षक को जांच सौंपी है। प्रारंभिक जांच में दो नर्सों के खिलाफ कार्रवाई की गई है। राधाकृष्ण खेड़ा के मजदूर विनय कुमार ने अपनी पत्नी संजू (32) को प्रसव पीड़ा के कारण बुधवार को सीएचसी में भर्ती कराया था। ऑपरेशन से बेटी का जन्म हुआ। गुरुवार को महिला की स्थिति बिगड़ने पर उसे क्वीन मेरी रेफर कर दिया गया। क्वीन मेरी में इलाज नहीं मिलने पर महिला को ट्रॉमा सेंटर भेज दिया गया। ट्रॉमा सेंटर में भी इलाज नहीं मिला और बलरामपुर अस्पताल जाने को कहा गया। इलाज के अभाव में महिला की ट्रॉमा सेंटर के गेट पर मौत हो गई।

# चिकित्सकों के चयन में फर्जीवाड़े का भंडाफोड़

**कैंसर सुपर स्पेशिलिटी संस्थान का मामला, अफसरों में खलबली**

समृद्धि न्यूज



**लखनऊ।** कैंसर सुपर स्पेशिलिटी संस्थान में चिकित्सकों की भर्ती में बड़ा फर्जीवाड़ा सामने आया है। जो चिकित्सक इंटरव्यूह में आई ही नहीं। उनका चयन कर लिया गया। यही नहीं चयनित लिस्ट में महिला चिकित्सक का नाम भी आ गया। उन्हें इंटरव्यूह में सफल होने की सूचना भी दे दी गई। फर्जीवाड़े का खुलासा होने के बाद संस्थान के अफसरों में खलबली मच गई है।

संस्थान प्रशासन ने मामले में लीपापोती शुरू कर दी है। कैंसर सुपर स्पेशिलिटी संस्थान में 96 चिकित्सकों की भर्ती का विज्ञापन निकाला गया था। इसमें देश भर के करीब 150 चिकित्सकों ने आवदेन किया था। निदेशक डॉ. मदन लाल ब्रह्म भट्ट ने विशेषज्ञ चिकित्सकों का पैनल गठित कर इंटरव्यूह कराये। अगस्त माह 2025 के अंत तक साक्षात्कार हुए। इसके बाद 4 सितंबर 2025 को चयनित चिकित्सकों की लिस्ट जारी की गई। जिसमें अफसरों ने खेल कर दिया। एनस्थीसिया (बेहोशी) विभाग में 6 चिकित्सकों का चयन किया गया। चयनित चिकित्सकों की लिस्ट में असिस्टेंट प्रोफेसर पर डॉ. श्वेता अग्रवाल का नाम भी शामिल है। जबकि इंटरव्यूह में वह शामिल भी नहीं हुई थीं। इसके बावजूद चयनित चिकित्सकों की लिस्ट में उनका नाम है। बाकायदा फाइलों में भी महिला चिकित्सक का नाम, शैक्षिक और अनुभव पेपर लगा दिया गया। अब चिकित्सकों की भर्ती में धांधली का भंडाफोड़ हुआ तो अफसर ने लीपापोती शुरू कर दी है।कैंसर संस्थान में चिकित्सकों की भर्ती पर सवाल खड़े हो गए हैं। इंटरव्यूह पैनल व भर्ती प्रक्रिया में चिकित्सक व कर्मचारियों की लंबी-चौड़ी फौज। उसके बाद भी गड़बड़ी। पूरा प्रक्रिया भ्रष्टाचार की ओर इशारा कर रही है।


### एसबीआई का ग्रीन मैराथन आज, भाग लेंगे चार हजार धावक

**लखनऊ ।** स्टेट बैंक ऑफइंडिया के तत्वावधान में एसबीआई ग्रीन मैराथन का आयोजन कल14 सितम्बर को लखनऊ में होने जा रहा है। मैराथन का शुभारंभ प्रातः 5 बजे 1090 चौराहा गोमती नगर से किया जाएगा। इसका उद्देश्य शहरवासियों में स्वच्छता, हरित पर्यावरण और स्वस्थ जीवनशैली के प्रति जागरूकता फैलाना है। यह दौड़ केवल खेल प्रतियोगिता नहीं बल्कि एक सामाजिक संदेश है कि हम सब मिलकर अपने शहर और देश को स्वच्छ और प्रदूषणमुक्त बनाने में योगदान दें। इस वर्ष का आयोजन विशेष रहेगा क्योंकि इसमें 4000 धावक भाग लेंगे। इनमें लखनऊ के जाने-माने और सम्मानित रनर्स जैसे चंदन सिंह ब्रांड एम्बेसडर शाद खान, ज्ञान प्रकाश, मोहित टंडन और अमृत्य सिन्हा शामिल हैं।

# दुर्घटना में क्षतिग्रत वाहन में फंसे चालक को सकुशल निकाला गया

**आपात सेवा गोमतीनगर व हजरतगंज की संयुक्त टीम के प्रयास से बची चालक की जान**

समृद्धि न्यूज




**लखनऊ।** फायर स्टेशन गोमतीनगर क्षेत्र में थाना-चिनहट के अन्तर्गत जरिए मोबाईल सूचना प्राप्त हुई कि मटियारी चौराहे पर छोटा हाथी टाटा-एसएस संख्या-यूपी32क्यूटी-9324 जो डिवाईडर से टकरा गया है, जिसके कारण एक्सीडेंट हो गया है।

सूचना पर तत्काल अग्निशमन अधिकारी गोमतीनगर एक मोटर फायर इंजन के सहित घटनास्थल पर पहुंचकर देखा कि एक्सीडेंट में गाड़ी के अन्दर चालक फसाँ हुआ है। तत्काल फायर स्टेशन हजरतगंज से एमडीआरवी की मांग किया गया। कुछ समय बाद उक्त रेस्क्यू वाहन घटनास्थल पहुँच गयी और फायर स्टेशन हजरतगंज एवं गोमतीनगर के संयुक्त प्रयास से एक्सीडेन्टल वाहन में फँसे चालक को सकुशल बाहर निकाल लिया गया, जिसका नाम सुशील कुमार पुत्र रघुबीर, असोहा, उन्नाव निवासी बताया गया। जिसे स्थानीय पुलिस व एम्बुलेंस की सहायता से हास्पिटल भेजा गया। घटनास्थल पर कोई जनहानि नहीं हुई।

### रूफटॉप गार्डेनिंग से संवरेगी शहरी क्षेत्र में बागवानी : दिनेश प्रताप

**लखनऊ।** प्रदेश के उद्यान, कृषि विपणन, कृषि विदेश व्यापार एवं कृषि निर्यात राज्य मंत्री स्वतंत्र प्रभार दिनेश प्रताप सिंह ने शुक्रवार को उद्यान निदेशालय के सभाकक्ष में समीक्षा बैठक कर शहरी क्षेत्रों में घरों की छत पर सब्जियों, फलों, औषधीय पौधों, मसालों की खेती को प्रोत्साहित करने हेतु रूफ टॉप गार्डेनिंग योजना बनाए जाने के निर्देश दिए। उद्यान मंत्री ने कहा कि रूफटॉप गार्डेनिंग शहरी क्षेत्र में बागवानी का एक उत्तम तरीका है, जिससे वातावरण में हरियाली, प्राकृतिक सुंदरता और स्वास्थ्य लाभ प्राप्त होते हैं। सीमित स्थानों में हरियाली बढ़ाने का यह एक आधुनिक उपाय है, जो तेजी से लोकप्रिय हो रहा है। इससे नागरिकों को जैविक रूप से उगाई गई उच्च गुणवत्ता की सब्जियां और फल भी प्राप्त होंगे।

# 16 व 17 सितंबर को राजधानी में पूर्व सैनिकों के लिए विशेष रोजगार मेला होगा आयोजित

समृद्धि न्यूज

**लखनऊ।** पूर्व सैनिकों को नागरिक कार्यबल में पुनः शामिल करने और सशक्त बनाने की एक पहल के तहत, रक्षा मंत्रालय के भूतपूर्व सैनिक कल्याण विभाग का पुनर्वास महानिदेशालय 16 और 17 सितंबर 2025 को कॉल्विन तालुकदार्स कॉलेज, यूनिवर्सिटी रोड, लखनऊ, उत्तर प्रदेश में पूर्व सैनिकों के लिए विशेष रूप से एक रोज़गार मेला आयोजित कर रहा है।

यह रोज़गार मेला भारतीय सेना, नौसेना और वायु सेना के पूर्व सैनिकों को सुरक्षा, आईटी, प्रशासन, लॉजिस्टिक्स, स्वास्थ्य सेवा, प्रशासन और इंजीनियरिंग सहित विविध क्षेत्रों के कॉर्पोरेट और उद्योग जगत के अग्रणी नियोक्ताओं से जोड़ने के लिए एक समर्पित मंच के रूप में कार्य करेगा। यह पहल पूर्व सैनिकों के पुनर्वास और कल्याण के प्रति पूर्व सैनिक कल्याण विभाग (रक्षा मंत्रालय) की निरंतर प्रतिबद्धता को दर्शाती है, और यह सुनिश्चित करती है कि उन्हें उनके अनुशासन, नेतृत्व और तकनीकी विशेषज्ञता के लिए मान्यता मिले। ये ऐसे कौशल हैं, जिनका नागरिक रोजगार क्षेत्र में अत्यधिक महत्व है। डीजीआर वित्त वर्ष 2025-26 के दौरान पूरे भारत में विभिन्न स्थानों पर पूर्व सैनिकों के लिए 18 रोज़गार मेले आयोजित करेगा, जिनमें से 4 रोज़गार मेले पहले ही प्रभावी और सफलतापूर्वक आयोजित किए जा चुके हैं। पूर्व सैनिकों को उन भर्तीकर्ताओं के सामने अपनी प्रतिभा प्रदर्शित करने का अवसर मिलेगा जो पूर्व सैनिकों द्वारा कार्यबल में लाए गए अद्वितीय मूल्य को समझते और सराहते हैं।

# नगर निगम के अंदर किसानों ने चूल्हा जलाया, महिलाएं और अफसर भिड़े

समृद्धि न्यूज

**लखनऊ ।** लखनऊ नगर निगम मुख्यालय में शनिवार को करीब 200 किसान चूल्हा-लकड़ी और बर्तन लेकर पहुंच गए। उनका कहना था कि हम अब यहीं रहेंगे, यहीं खाना बनाएंगे। उनके पशुओं को जबरदस्ती हटाया जाता है। जबकि, जो अवैध डेयरी हैं वहां के पशुओं को हटाने के लिए डेयरी संचालकों को पहले से सूचना दे दी जाती है।

आरोप लगाया कि बीते दिनों पशुओं को हटाने गए नगर निगम के कर्मियों ने एक गोवंश को मार डाला। ऐसी जबरन कार्रवाई के खिलाफ आंदोलन किया जाएगा। किसानों ने लकड़ी, राशन सहित अन्य सामान मंगा लिए गए हैं। मुख्यालय में लाउडस्पीकर लेकर पहुंचे हैं। इस दौरान महिलाओं की अधिकारियों के बीच बहस भी हुई। भारतीय किसान यूनियन टिकैत के जिला अध्यक्ष आलोक वर्मा ने कहा कि काकोरी के बरावन कला गांव लालजी टंडन वार्ड जोन-6 में नगर निगम की टीम की पिटाई से गोवंश की मौत हो गई। इस दौरान गलत ढंग से किसानों का पशु धन पकड़ा गया। उनका कहना है कि नगर निगम ऐसा विभाग है कि इनके खिलाफ कोई बड़ा आंदोलन हुआ नहीं है, अभी मिट्टी का तेल डाला है, तीन चार दिन बाद इसपर हथौड़ा पड़ेगा तो इन्हें समझ में आएगा। उनका कहना है कि नगर निगम के अधिकारी अवैध डेयरियों के खिलाफकार्रवाई नहीं कर रहे।

**प्रेरणा** | **योगी का 'विकसित यूपी @2047' का बिगुल अन्य राज्यों के लिए बना प्रेरणा**

# अब महाराष्ट्र व म.प्र. भी अपनाएंगे मिशन 2047

समृद्धि न्यूज

**लखनऊ।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 'विकसित भारत @2047' संकल्प को गति देने में उत्तर प्रदेश सबसे आगे निकल चुका है। मुख्यमंत्री योगी ने जिस दूरदर्शी सोच के साथ 'विकसित यूपी @2047' का बिगुल बजाया था, आज वही मॉडल देश के अन्य राज्यों को प्रेरणा का स्रोत बना रहा है।

अब उत्तर प्रदेश की राह पर चलते हुए महाराष्ट्र और मध्य प्रदेश की भाजपा सरकारों ने भी मिशन 2047 को अपने राज्यों में लागू करने की घोषणा कर दी है। महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस और मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री मोहन यादव ने योगी आदित्यनाथ से प्रेरणा लेते हुए अधिकारियों को तुरंत कार्ययोजना बनाने के निर्देश दिए हैं।

यह साफ संकेत है कि राष्ट्रीय राजनीति में विजन 2047 का फॉर्मूला और एजेंडा प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में योगी आदित्यनाथ की यूपी सरकार तय कर रही है।

**यूपी का विजन फार्मूला दूसरे राज्यों के लिए बना नजीर**

उत्तर प्रदेश पहला राज्य है जिसने न सिर्फ 24 घंटे का विशेष विधानसभा सत्र बुलाकर पक्ष और विपक्ष को विजन 2047 में भागीदार बनाया, बल्कि जनता को भी सीधे जोड़ने के लिए डिजिटल और ग्राउंड–लेवल दोनों प्लेटफॉर्म तैयार किए। योगी सरकार की इस अनूठी पहल ने पूरे देश का ध्यान आकर्षित किया। आज महाराष्ट्र और मध्य प्रदेश जैसे बड़े राज्य अगर योगी मॉडल को अपना रहे हैं, तो यह इस बात का प्रमाण है कि यूपी ने विजन 2047 की दिशा में लीडरशिप रोल अदा किया है। विशेषज्ञ मानते हैं कि आने वाले समय में गुजरात, असम, उत्तराखंड, उड़ीसा जैसे राज्य भी इसी राह पर चलेंगे।

**जनता के बीच उतरा 'विकसित यूपी'**

योगी सरकार ने 400 से अधिक बुद्धिजीवियों, पूर्व प्रोफेसरों और अधिकारियों की एक टीम बनाकर गांव–गांव जनता से संवाद की शुरुआत की। इसका नतीजा है कि अब तक 1 लाख से अधिक सुझाव सरकार तक पहुंचे हैं, जिनमें सबसे बड़ी भागीदारी ग्रामीण जनता की है। क्यूआर कोड और पोर्टल जैसी डिजिटल व्यवस्था ने यह साबित कर दिया है कि यह अभियान केवल सरकारी योजना नहीं बल्कि जनभागीदारी से चल रहा जनांदोलन है।

**तीन थीम, बारह सेक्टर - भविष्य का खाका**

योगी आदित्यनाथ का यह अभियान 'अर्थ शक्ति', 'सृजन शक्ति' और 'जीवन शक्ति' पर केंद्रित है। इन तीन थीम्स के तहत 12 सेक्टर तय किए गए हैं। शिक्षा से लेकर स्वास्थ्य और कृषि से लेकर रोजगार तक, हर क्षेत्र में 2047 का रोडमैप तैयार किया जा रहा है। अब तक 75 में से 65 जनपदों में यह अभियान पहुंच चुका है।

# भारत की तुलना नेपाल से करना हास्यास्पद : डॉ. राजेश्वर सिंह

समृद्धि न्यूज



**लखनऊ।** सरोजनीनगर विधायक एवं वरिष्ठ भाजपा नेता डॉ.राजेश्वर सिंह ने सपा प्रमुख अखिलेश यादव द्वारा नेपाल का नाम लेकर भारत की जनता को भड़काए जाने पर तीखी प्रतिक्रिया व्यक्त की।

डॉ. सिंह ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर लिखा कि समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव द्वारा यह कहना कि भारत की स्थिति नेपाल जैसी हो सकती है न सिर्फ भ्रामक और हास्यास्पद है बल्कि यह 140 करोड़ भारतीयों की मेहनत और उपलब्धियों का अपमान है। उन्होंने कहा कि आज भारत दुनिया की चौथी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था है, लगभग 4 ट्रिलियन डॉलर जीडीपी के साथ हम वैश्विक स्तर पर अग्रणी हैं। सरोजनीनगर विधायक का स्पष्ट संदेश दिया कि नेपाल जैसी छोटी और प्रेषण-निर्भर अर्थव्यवस्था से भारत की तुलना करना केवल ज्ञान की कमी और नकारात्मक राजनीति को दर्शाता है। डॉ. सिंह ने कहा कि श्री यादव को जाति, तुष्टिकरण और सत्ता-लालसा की राजनीति छोड़कर विकास की राजनीति पर ध्यान देना चाहिए।

# मेडिकल स्टूडेंट ने फांसी लगाकर की जान देने की कोशिश

## छात्रों ने प्रिंसिपल पर लगाया मानसिक प्रताड़ना का आरोप, डीएम आवास तक किया प्रदर्शन





समृद्धि न्यूज

**बहराइच।** मेडिकल कॉलेज में शुक्रवार देर शाम बीएससी नर्सिंग तृतीय सेमेस्टर के छात्र ने फांसी लगाकर आत्महत्या करने की कोशिश की। सहपाठियों ने मौके पर पहुंचकर उसे फंदे से उतार लिया। गंभीर हालत में मेडिकल कॉलेज की इमरजेंसी में भर्ती कराया। घटना के बाद गुस्साए छात्रों ने सड़क जाम कर प्रदर्शन शुरू कर दिया।

श्रावस्ती जिले के कटरा निवासी शिवम पांडे, मेडिकल कॉलेज में बीएसएसी नर्सिंग तृतीय सेमेस्टर का छात्र है। साथी छात्रों का आरोप है कि शिवम की अपने साथी से किसी बात को लेकर कहासुनी हुई थी। इस पर प्राचार्य स्मिता फिलिप्स ने उस पर पांच हजार रुपये का जुर्माना लगा दिया था। इससे वह काफी परेशान था। शुक्रवार को भी प्राचार्य ने उसे डांट-फटकार लगाई थी। इससे आहत होकर उसने फांसी लगाने की कोशिश की।छात्रों ने यह भी आरोप लगाया कि जब उन्होंने घटना की जानकारी प्राचार्य को दी तो उन्होंने मुकदमा दर्ज कराने की धमकी दी। इससे छात्रों का गुस्सा और भड़क गया। गुस्साए छात्रों ने मेडिकल कॉलेज में शिवम को भर्ती कराने के बाद अस्पताल के सामने सड़क पर जाम लगाकर नारेबाजी शुरू कर दी। इस दौरान दोनों तरफ वाहनों की लंबी कतार लग गई। मौके पर अफरातफरी का माहौल बन गया।सूचना पर उपजिलाधिकारी सदर पूजा चौधरी, मुख्य चिकित्सा अधीक्षक डॉ. मदन मोहन त्रिपाठी मौके पर पहुंचे। उन्होंने छात्रों को समझाने का प्रयास किया। लेकिन, आक्रोशित छात्र अब तक शांत नहीं हुए। मौके पर एबीवीपी के पदाधिकारी भी पहुंच गए हैं। वह भी छात्रों के आंदोलन में शामिल हो गए। शिवम का इलाज मेडिकल कॉलेज में जारी है। उपजिलाधिकारी ने कहा कि गुस्साए छात्रों को समझाने की कोशिश हो रही है। पूरे मामले की गंभीरता से जांच की जाएगी। जो भी दोषी होगा, उस पर कार्रवाई होगी। छात्र शिवम के चाचा दीपक पांडेय ने बताया कि शिवम के साथियों से पता चला है कि क्लास में बाल खुजाने पर प्राचार्य ने पांच हजार फाइन लगा दिया। साथ ही 14 दिन के लिए सस्पेंड किया था। उन्होंने कहा कि अन्य छात्र भी परेशान हैं। सभी ने इस मामले में कई बार शिकायत भी की, लेकिन सुनवाई नहीं हुई।

### सड़क हादसे में बालक की मौत, सगे भाईयों समेत चार घायल

**सभी घायल गंभीर हालत में मेडिकल कॉलेज रेफर**

**बहराइच, समृद्धि न्यूज।** नानपारा-लखीमपुर मार्ग पर गूढ़ चौराहे के पास अज्ञात वाहन ने पूरे परिवार को रौंद दिया। हादसे में मौके पर ही एक बालक की मौत हो गई। जबकि सगे भाइयों समेत चार लोग घायल हो गए। घायलों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मोतीपुर पहुंचाया गया। यहां हालत गंभीर होने पर सभी को मेडिकल कालेज अस्पताल रेफर कर दिया गया है। मोतीपुर इलाके के गूढ़ गांव निवासी एक परिवार के लोग बच्चों के साथ सड़क के उस पार खेत गए थे। शाम चार बजे सभी वापस पैदल गांव जा रहे थे। तभी लखीमपुर की ओर से नानपारा जा रहे अज्ञात वाहन ने सभी को टक्कर मारते हुए रौंद दिया। हादसे में पांच वर्षीय मोहम्मद रजा की मौके पर ही मौत हो गई। जबकि 35 वर्षीय आयशा, सात वर्षीय पुत्र अकरम, अकरम का भाई पांच वर्षीय अनस और 35 वर्षीय तय्यबा घायल हो गई। आसपास के लोगों की मदद से चौकी इंचार्ज जालिमनगर कृष्ण कुमार सिंह पुलिस टीम के साथ मौके पर पहुंचे। उन्होंने घायलों को एंबुलेंस से सीएचसी मोतीपुर पहुंचाया। यहां सभी घायलों को मेडिकल कालेज बहराइच रेफर कर दिया गया। थानाध्यक्ष मोतीपुर आनंद चौरसिया ने बताया कि तहरीर मिलने पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

### घर में खाना खा रही महिला पर कुत्ते ने किया हमला



**बहराइच, समृद्धि न्यूज।** ब्लाक शिवपुर इलाके में फिर से कुत्तों का आतंक बढ़ने लगा है। शनिवार दोपहर शिवपुर ग्राम पंचायत के लोधन पुरवा में जोगीराम की पत्नी रेखा देवी अपने घर में बैठी खाना खा रही थी। तभी अचानक कुत्ते ने हमला कर दिया। महिला अपना बचाव करने लगी। तभी कुत्ते ने हाथ में काट लिया। महिला गंभीर रूप से घायल हो गई। आनन फानन परिजन घायल महिला को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र शिवपुर लेकर आए। जहां उपचार किया गया। प्रभारी चिकित्साधिकारी डॉ नलिन राजा ने बताया कि घायल महिला को एंटी रेबीज की डोज दे दी गई है। ज्ञात हो कि इससे पूर्व में मटेरा कला गांव कुत्तों के झुंड ने 10 वर्षीय बालिका मानसी तथा कमहरिया गांव निवासी 12 वर्षीय बालक नूरुद्दीन को नोचकर मौत के नींद सुला दिया। तथा दर्जनों लोगों को घायल किया था।

# राज्य स्तरीय शिक्षक प्रतियोगिता में जनपद के प्रतीक ने मारी बाजी

समृद्धि न्यूज




**बहराइच।** सप्तम राज्य स्तरीय कहानी सुनाओ प्रतियोगिता में प्रदेश भर के 31 शिक्षकों का चयन किया गया है। जिनमें बहराइच से बलहा ब्लॉक क्षेत्र के उच्च प्राथमिक विद्यालय अशरफा के सहायक अध्यापक प्रतीक का नाम शामिल है।

विभाग द्वारा राज्य स्तर पर आगामी दिनों में कार्यक्रम आयोजित कर उन्हें सम्मानित किया जाएगा। गत वर्ष राज्य स्तरीय कहानी सुनाओ अक्टूबर में डायट में कराई गई थी। जिसमें से जुलाई 2025 में अंतिम रूप से दो शिक्षकों ने राज्य स्तरीय प्रतियोगिता हेतु क्वालीफाई किया था। बीते दिनों प्रदेश की राजधानी लखनऊ में प्राथमिक विद्यालय खुर्रम नगर में आयोजित प्रतियोगिता में प्रदेश भर से पहुंचे शिक्षकों मे से निर्धारित मापदंड मे खरे उतरे विभिन्न जनपद से 31 शिक्षकों का नाम राज्य स्तरीय कहानी सुनाओ प्रतियोगिता के लिए चयनित हुआ है। इन सभी शिक्षकों के लिए निर्धारित तिथि पर लखनऊ में सम्मानित किया जाएगा। सहायक अध्यापक प्रतीक गुप्ता ने बताया कि उनकी कहानी का विषय मेरी माटी मेरा देश था। प्रतीक के राज्य स्तरीय शिक्षक प्रतियोगिता मे चयन पर खण्ड शिक्षा अधिकारी बलहा अरुण कुमार वर्मा तथा राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ के ब्लॉक अध्यक्ष डीडी पटेल ने हार्दिक बधाई दी है।

### राष्ट्रीय लोक अदालत में डीएम ने निस्तारित किए 19 वाद

**स्टाम्प कमी के मामलों में जमा करायी गयी रू. 11 लाख 17 हजार 10 धनराशि**

**बहराइच, समृद्धि न्यूज।** राष्ट्रीय लोक अदालत के अवसर पर जिलाधिकारी अक्षय त्रिपाठी द्वारा 14 राजस्व वादों, फौजदारी का 01 वाद तथा स्टाम्प से सम्बन्धित 04 वाद कुल 19 वादों का निस्तारण किया गया। स्टाम्प कमी से सम्बन्धित वाद का निस्तारण करते हुए जिलाधिकारी श्री त्रिपाठी द्वारा धनराशि रू. 11 लाख 17 हजार 10 जमा कराया गया। लोक अदालत में नियत वादों में पक्षों के अधिवक्ता व जिला शासकीय अधिवक्ता (राजस्व) अजय शर्मा व विशेष अधिवक्ता (राजस्व) अतुल गौड़ उपस्थित रहे।

## खबरें एक नजर में

### दुर्गा पूजा को लेकर पीस कमेटी की बैठक



**बहराइच, समृद्धि न्यूज।** जिले के सुजौली थाना परिसर में आगामी दुर्गा पूजा को लेकर पीस कमेटी की बैठक आयोजित की गई। एसडीएम मोतीपुर और नायब तहसीलदार मथुरा प्रसाद की उपस्थिति में यह बैठक संपन्न हुई। थानाध्यक्ष प्रकाश चंद्र शर्मा ने त्योहार के शांतिपूर्ण आयोजन पर जोर दिया। उन्होंने स्पष्ट किया कि त्योहार के दौरान अराजकता फैलाने वालों पर कड़ी कार्रवाई की जाएगी। पुलिस क्षेत्र में लगातार निगरानी रख रही है। बैठक में थानाध्यक्ष ने डीजे की आवाज कम रखने और जुलूस शांतिपूर्ण तरीके से निकालने की अपील की। इस अवसर पर ग्राम प्रधान सुजौली राजेश गुप्ता, चफरिया प्रधान अजीज अहमद और जंगल गुलरिहा के वर्तमान व पूर्व प्रधान उपस्थित रहे। पुलिस विभाग से उपनिरीक्षक शैलेन्द्र कुमार, उपनिरीक्षक रविंद्र तिवारी, कांस्टेबल बिपिन और हेड कांस्टेबल अमित गुप्ता सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण भी मौजूद रहे।

### विहान आवासीय बालिका विद्यालय को प्रदान की टाट पट्टी

**बहराइच, समृद्धि न्यूज।** शनिवार को फ्रेंड्स आफ कतर्नियाघाट की ओर से बी डी लखमानी द्वारा सहयोगी राजीव सिन्हा संग विहान बालिका आवासीय विद्यालय पहुँच कर बालिकाओं को भोजन करने के लिए दरी (टाट पट्टी) प्रदान की और श्रमिक बालिकाओं संग बैठकर दोपहर का भोजन किया और बालिकाओं को टाफ़ी वितरित की।इस अवसर पर शिक्षक धर्मेंद्र वर्मा, शिक्षिकाओं में निधि दुबे, श्रद्धा रैकवार, प्रियंका श्रीवास्तव एवं भूरत्न प्रभा मौजूद रहे।

### तीन दिन पूर्व महिला को गन्ने के खेत में खींच कर किए था लूटपाट

**गोंडा, समृद्धि न्यूज।** खरगू पुर थाना क्षेत्र के शिव गढ़ निवासी अनोखी लाल ने बताया कि गांव में इस समय चोरों का आतंक बना हुआ है। घटना के तीन दिन पहले गांव के एक महिला को कुछ लोग गन्ने के खेत में खींच ले गए और उस को मार पीट कर बेहोश करके उस की सोने की कील को चुरा ले गए थे। बाद में महिला ने इस घटना को घर पर गांव में बताई थी।

### छात्रों के दो गुट भिड़े

**झझरी गोंडा, समृद्धि न्यूज।** नगर कोतवाली क्षेत्र के लाल बहादुर शास्त्री महाविद्यालय के बाहर छात्र के दो गुट आपस में भिड़ गए और जमकर मार पीट करने लगे। इस से सड़क पर अफरा तफरी मच गया। मार पीट करने के बाद छात्र के दोनों गुट भाग निकले। प्रभारी निरीक्षक विवेक द्विवेदी ने बताया कि घटना की जानकारी मिलने पर गुरुनानक चौकी प्रभारी को मौके पर भेजा गया। तब तक छात्र के दोनों गुट भाग निकले।

### निबंध लेखन प्रतियोगिता वर्गानुसार सम्पन्न



**गोण्डा ।** शनिवार को को सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज मालवीय नगर हिंदी दिवस अवसर पर विद्यालय स्तरीय भैया-बहनों की निबंध लेखन प्रतियोगिता आयोजित की गई। प्रतियोगिता में विभिन्न कक्षाओं के छात्र-छात्राओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया प्रतियोगिता का उद्देश्य विद्यार्थियों में लेखन कौशल, अभिव्यक्ति क्षमता तथा सृजनात्मक प्रतिभा का विकास करना है। बच्चों ने दिए गए विषयों पर अपने विचार सुंदर और प्रभावशाली ढंग से प्रस्तुत किए। विद्यालय के प्रधानाचार्य रवि कुमार शुक्ल ने प्रतियोगिता की सराहना करते हुए कहा कि इस प्रकार की गतिविधियाँ विद्यार्थियों में न केवल भाषाई दक्षता का विकास करती हैं, बल्कि उनमें आत्मविश्वास और चिंतनशीलता भी बढ़ाती हैं। इस अवसर पर विद्यालय परिवार के सदस्य उपस्थित रहे यह जानकारी प्रचार प्रमुख जितेंद्र पांडेय ने जारी एक प्रेस विज्ञप्ति में दी।

# हिंसक वन्य जीव की खोज में विशेषज्ञ टीमों की ली जा रही है मदद

**▸ वन्य जीव सक्रियता क्षेत्रों में गश्त कर रही हैं खोजी टीमें**

समृद्धि न्यूज





**बहराइच।** बहराइच वन प्रभाग, बहराइच के कैसरगंज रेंज अन्तर्गत 09 सितम्बर 2025 की रात्रि को ग्राम-परागपुरवा, पोस्ट-मझारा तौकती, थाना-कैसरगंज, तहसील-कैसरगंज एवं 11/12 सितम्बर 2025 की रात्रि लगभग 03:00 बजे ग्राम-भौरी, गजरा-बहोरवा, पोस्ट-मझारा तौकती, थाना-बोण्डी, तहसील-महसी में अज्ञात वन्य जीव द्वारा किये गये हमले के दृष्टिगत प्रभाग स्तर एवं उच्च स्तर से गश्ती दलों का गठन किया गया है जो दिवस/रात्रि वन्य जीव सक्रियता क्षेत्रों में गश्त की कार्यवाही कर रही हैं। यह जानकारी देते हुए प्रभागीय वनाधिकारी बहराइच राम सिंह यादव ने बताया कि भोपाल एवं बंगाल से दो विशेषज्ञ टीम को मय थर्मल ड्रोन के साथ बुलाया गया है जिनके द्वारा वन्य जीव सकियता वाले क्षेत्र में पहुँचकर हिंसक वन्य जीव को खोजने की कार्यवाही की जा रही है।

इसके अतिरिक्त एक अन्य ड्रोन कैमरे को चलाकर वन्य जीव को खोजने की कार्यवाही की जा रही है। गश्ती दलों द्वारा कैमरा ट्रैप्स को संवेदनशील स्थलों पर स्थापित किया गया है। जिससे उपद्रवी वन्य जीव के आवागमन को खोजा जा सके। वन्य जीव के हमले से प्रभावित ग्रामों में सोलर सीसीटीवी कैमरे स्थापित किये जाने की कार्यवाही की जा रही है। ताकि वन्य जीव की पहचान सुनिश्चित करते हुए उसे सुरक्षित रेस्क्यू किया जा सके। डीएफओ श्री यादव ने बताया कि स्थानीय ग्रामीणों द्वारा अवगत कराया गया है कि क्षेत्र में दिखाई देने वाला हिंसक जीव चितकबरा, धब्बेदार, लम्बी पूंछ वाला है जिसकी समानता तेंदुए (लेपर्ड) से मिलती जुलती है। उक्त के दृष्टिगत सम्भावित स्थानों पर 03 ट्रैपिंग केज लगाये गये हैं। गश्ती टीमों द्वारा पैदल चलकर सक्रिय वन्य जीव को चिन्हित किये जाने एवं पगमार्क खोजने की कार्यवाही की जा रही है। जन जागरूता टीमों द्वारा स्थानीय ग्रामीणजनों को हिंसक वन्य जीवों से बचाव हेतु लगातार जागरूक करते हुए ग्रामवासियों को रात्रि में अपने घरों के अन्दर दरवाजा बन्द करके स्वयं एवं बच्चों को सुरक्षित सुलाने हेतु आग्रह किया जा रहा है। गश्ती टीमों द्वारा वन्य जीव के हमलों से प्रभावित ग्राम के बाहरी क्षेत्रों में पटाखों को दगाकर वन्य जीव को रोकने की कार्यवाही की जा रही है। वन विभाग, पुलिस विभाग एवं जिला प्रशासन के बीच आपसी समन्वय स्थापित करते हुए हिंसक जीव के हमले से प्रभावित क्षेत्र में दिवारात्रि गश्त की जा रही है जिससे कोई भी अप्रिय घटना घटित नहीं होने पायी है।

# रमपुरवा सीएचसी में बिजली व्यवस्था बदहाल, अंधेरे में चल रहा इलाज

**▸ जनरेटर होने के बाद भी नहीं मिल रही राहत**

समृद्धि न्यूज़



**बहराइच।** रमपुरवा के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में बिजली व्यवस्था की खस्ता हालत से मरीजों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। शुक्रवार की रात से शनिवार सुबह 8 बजे तक मरीजों को अंधेरे में बैठना पड़ा।

स्वास्थ्य केंद्र में न तो उजाला दिखा और न ही पूरी रात पंखे चले जिस वजह से पूरी रात अंधेरे और गर्मी में रहना पड़ा। तीमारदार सोनू पांडे और जितेंद्र मिश्रा ने बताया कि अस्पताल में पूरी तरह अंधेरा छाया हुआ है। जनरेटर मौजूद होने के बावजूद उसका उपयोग नहीं किया जा रहा है। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र प्रभारी अभिषेक अग्निहोत्री के अनुसार, अधिक लोडिंग के कारण अक्सर फेज कट जाते हैं।

उन्होंने ट्रांसफॉर्मर बदलने के लिए बिजली विभाग को कई बार सूचित किया है, लेकिन अभी तक कोई कार्रवाई नहीं हुई है। प्रभारी ने स्पष्ट किया कि केंद्र में मौजूद जनरेटर केवल वैक्सीन स्टोरेज के लिए है। वैक्सीन के तापमान को नियंत्रित रखने के लिए इसका उपयोग किया जाता है। यह जनरेटर अस्पताल की अन्य सुविधाओं के लिए उपलब्ध नहीं है।

# छात्र पंचायत ने बीसीसीआई का पुतला फूंककर जताया विरोध

समृद्धि न्यूज



**गोंडा।** शनिवार को राष्ट्रीय छात्र पंचायत के कार्यकर्ताओं के द्वारा लखनऊ विश्वविद्यालय के गेट नंबर 3 पर बीसीसीआई मुर्दाबाद व पाकिस्तान मुर्दाबाद के नारे लगाते हुए बीसीसीआई का पुतला फूंका इस अवसर पर राष्ट्रीय अध्यक्ष शिवम पांडे ने बताया कि कल भारत और पाकिस्तान का मैच होने जा रहा है।

इसी के विरोध में आज हम लोगों ने बीसीसीआई का पुतला फूंका है क्योंकि कुछ महीने पूर्व पहलगाम में आतंकी हमले में 26 निर्दोष लोगों को मारा गया था जिसको लेकर सरकार के द्वारा ऑपरेशन सिंदूर , महादेव डिजिटल स्ट्राइक की जा रही थी लेकिन अब पैसे के कारण बीसीसीआई पाकिस्तान से मैच खेलने जा रही है जो बहुत ही दुर्भाग्यपूर्ण है हमें देश के एकता का परिचय देते हुए अपने दुश्मन देश के साथ मैच नहीं खेलना चाहिए व बीबीडी के छात्र नेता अमन यादव ने बताया कि देश के सैनिक बॉर्डर क्रॉस करके देश के लिए लड़ने जाते हैं और आज के जो खिलाड़ी हैं वह देश की सीमा क्रॉस करके पाकिस्तान दुश्मन से मैच खेलने जा रहे हैं यह बहुत दुर्भाग्यपूर्ण है हमारी बीसीसीआई से रिक्वेस्ट है कि कल का मैच रद्द किया जाए दुश्मन देश के साथ किसी प्रकार का कोई मैच नहीं खेला जाना चाहिए इस अवसर पर अधिवक्ता अमन बहादुर सिंह, प्रियांशु पांडे, हिमांशु कुमार, अमन सिंह, आदित्य प्रताप सिंह, मुर्तुजाही लाल आदि कई लोग उपस्थित रहे।

### प्रधानाचार्य की दिल का दौरा पड़ने से मौत

**गोंडा।** राजकीय पाली टेक्निक के प्रधानाचार्य प्रमथेश सहाय की दिल का दौरा पड़ने से अचानक निधन हो गया। उनकी निधन की खबर मिलते ही शिक्षकों और छात्रों में शोक की लहर दौड़ गई। प्रधानाचार्य प्रमथेश सहाय करीब 55 वर्ष के थे। पिछले करीब आठ साल से यहां पर प्रधानाचार्य का कार्य देख रहे थे। शहर के सब्जी मंडी के पास स्थित राजकीय पाली टेक्निक में ही उनका सरकारी आवास था। शुक्रवार की देर शाम को अपने सरकारी आवास के बरामदे में गिरे पड़े हुए थे।

कुछ छात्रों ने उन को देखा और विद्यालय के प्रशासन को सूचना दिया । इलाज के लिए उनको एक प्राइवेट नर्सिंग होम ले गए। हालत खराब होने पर उनको मेडिकल कालेज के लिए रेफर किए गया। चिकित्सक ने देखने के बाद मृत्यु घोषित कर दिया। मृतक प्रमथेश सहाय के दो पुत्र है। शव को उनकी पत्नी रेखा सहाय लखनऊ अपने घर ले कर चली गई।

# जंगल में लकड़ी काटने गए पिता पुत्र पर दो बदमाशों ने किए हमला, पिता की हत्या

समृद्धि न्यूज



**घटना के खुलासा के लिए एस पी पांच टीम का किए गठन**

जंगल में लकड़ी काटने गए पिता की हत्या करने वाले बदमाशों को पकड़ने के लिए एस पी विनीत जायसवाल ने पांच टीम का गठन किया है।

**गोंडा।** खरगू पुर थाना क्षेत्र के शिव गढ़ चौराहा निवासी 65 वर्षीय गंगा सागर और 45 वर्षीय उस का पुत्र अनोखी लाल दोनों एक साथ शनिवार की सुबह करीब 9 बजे घर से दो किलो मीटर दूर स्थित शिव गढ़ जंगल में लकड़ी काटने गए हुए थे। लकड़ी काट रहे थे तभी मुंह पर गमछा बांधे दो लोग हाथ में तलवार बाका लेकर पहुंच गए। हमला कर दिया जिस में गंगा सागर की गले पर कई बार कर के काट दिया। उस की मौत हो गई।

आलोखी लाल घायल अवस्था में जंगल से भागते हुए अपने घर पर फोन कर के अपने भाई अलख राम को सूचना दिया। इस पर गांव के करीब 25 लोग जंगल में पहुंच गए। घटना की सूचना पुलिस को दिया गया। मौके पर पुलिस पहुंची और घटना स्थल की जांच किया। घायल अवस्था में अनोखी लाल को इलाज के लिए मेडिकल कालेज में भर्ती कराया गया है। घायल अवस्था में अनोखी लाल ने बताया कि वह शिव गढ़ चौराहे पर चाय की दुकान करता है। हर दूसरे दिन उस के पिता गंगा सागर और खुद जंगल से लकड़ी काटने काफी दिनों से जाते है। लकड़ी काट कर लाते है जिस से दुकान में और घर पर खाना बनाने का काम होता है। शनिवार के दिन भी सुबह लकड़ी काटने गए हुए थे।लकड़ी काट रहे थे और उस के पिता गंगा सागर लकड़ी को इकठा कर रहे थे। तभी गमछा बांधे दो लोग। जिन की उम्र करीब 45 वर्ष की बीच होगी । पहुंच गए पहुंचते ही यह कह कर हमला कर दिया कि रात्रि में खूब चोर को रखाओ तुम लोगों की वजह से हम लोग गांव में चोरी नहीं कर पा रहे है। गले पर तलवार से हमला कर के पिता को मार दिया। तलवार से हमारे हाथ पर हमला कर दिया किसी तरह भाग कर घर पर फोन किया। तब गांव के लोग मेरा भाई अलग राम शिव शंकर भी मौके पर पहुंच गए। पुलिस ने शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्ट मार्टम को भेजा है ।

# युद्ध का अखाड़ा बना जिला गोंडा, बदमाशों के हौसले बुलंद, पुलिस प्रशासन नाकाम

समृद्धि न्यूज

**▸ जिला पंचायत अध्यक्ष के पुत्र को अगवा कर पीटा, छीना 60 हजार**

**गोंडा।** कोतवाली देहात थाना क्षेत्र के नारायण पुर वली ग्राम में शुक्रवार के दिन जिला पंचायत अध्यक्ष के पुत्र चंदन मिश्रा को करीब 20 लोगो ने अगवा कर के मारा पीटा और बंदूक की नली को मुंह में डाल कर जान से मारने की धमकी दिया।

घटना की तहरीर कोतवाली देहात में दी गई है। कोतवाली देहात थाना क्षेत्र के भगहर बुलंद गांव के निवासी जिला पंचायत अध्यक्ष घनश्याम मिश्रा के पुत्र चंदन मिश्रा ने कोतवाली देहात में तहरीर दिया है कि विकास खंड झंझरी के विभिन्न ग्राम पंचायतों में प्राइवेट लिमिटेड विद्युत कंपनी के माध्यम से विद्युतीकरण का कार्य कराया जा रहा है। नारायण पुर वली ग्राम में विद्युत कार्य के लिए टैक्टर ट्राली से खंभे को ले जाया जा रहा था।मजदूरों को पैसा देने के लिए अपनी कार से गया था। मजदूरों को पैसा देने लगा तभी करीब 20 लोगों ने घेर कर हमला कर दिया। मारने पीटने लगे। जेब में रखा 8000 हजार रुपए छीन लिया। जान से मारने की नीयत से मुंह में बंदूक डाल दिया और जबरन अपनी गाड़ी में बैठा लिया। बाकी लोगों ने मेरी गाड़ी की तलाशी लेकर। मेरे कागजात को फाड़ दिया। उस में रखा 50 हजार रुपए भी ले लिए। इन लोगो ने धमकी दिया कि अपने पिता जी से बता देने इस से क्षेत्र से जिला पंचायत का चुनाव नहीं लड़ेगो। इस क्षेत्र से चुनाव मुझे लड़ना है। जबरन मुझे अपने कार में लाद कर अगवा कर लिया। मुझे कार से घाघरा नदी में फेकने ले जा रहे थे ।जैनी पकड़िया के पास मेरे चाचा राधेश्याम मिश्रा ने देखा कि मेरी कार को कोई अन्य व्यक्ति चला रहा था। जिस से मेरे चाचा ने कार का पीछा किया इस पर इन लोगो ने मुझे सड़क के किनारे फेक दिया। प्रभारी निरीक्षक संजय कुमार सिंह ने बताया कि घटना की तहरीर मिली है जांच कराई जा रही है।

**गोष्ठी** — एएसपी ने पुलिस लाइन सभागार में आयोजित की गोष्ठी, आगामी त्योहारों को सकुशल सम्पन्न कराये जाने के निर्देश

# अपर व सत्र न्यायालय में लम्बित मामलों को जल्द से जल्द करें निस्तारित

समृद्धि न्यूज



**बहराइच।** अपर पुलिस अधीक्षक नगर रामानन्द कुशवाहा द्वारा गठित टीम (प्रत्येक थाना के थाना प्रभारी, 01-01 उप निरीक्षक, डाक मुंशी व पैरोकार) व शाखा मॉनीटरिंग सेल के कर्मचारियों के साथ संगोष्ठी की, उक्त बैठक में एएसपी द्वारा समस्त कर्मियों को निर्देशित किया कि न्यायालय अपर एवं सत्र न्यायाधीश जनपद बहराइच में प्रचलित वादों के त्वरित निस्तारण के लिए न्यायालय से निर्गत आदेशों का अक्षरशः पालन करते हुए प्रत्येक थाना प्रभारी व एक-एक उपनिरीक्षक, ड्यूटी मुंशी तथा न्यायालय के सेशन तथा पैरोकारों की गठित टीम सूची थानावार उपलब्ध करा दी गई है, जिसके सम्बन्ध में आज पुलिस लाइन में मीटिंग कर सर्व सम्बन्धित को निर्देशित किया।

साथ ही बताया गया कि थाने के 10-20-30 साल पुराने मुकदमें के गवाहों को न्यायालय में उपस्थित करायें जिससे समस्त वादों का समय से निस्तारण किया जा सके तथा सबको यह भी अवगत कराया गया कि सुप्रीम कोर्ट द्वारा मॉनिटरिंग की जा रही है, कोई भी प्रतिकूल घटना होने पर संबंधित थाने के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी । एएसपी द्वारा बताया गया कि अपने पदीय कर्तव्यों का निर्वहन करेंगे तथा आगामी त्योहार दुर्गा पूजा तथा दुर्गा प्रतिमा विसर्जन के सुरक्षा के दृष्टिगत दुर्गा प्रतिमा स्थापित करने वाले व्यवस्थापक, समिति के अध्यक्ष, उपाध्यक्ष, वालेंटियर और डीजे मालिकों/ संचालकों के साथ वार्ता कर शांति पूर्ण तरीके से त्योहार को संपन्न कराने हेतु अवश्य दिशा निर्देश दिया।

किसी भी अप्रिय घटना से बचने के लिए रोड से उचित दूरी बनाकर पंडाल को स्थापित किया जाए। आग लगने के स्थिति से बचने के लिए फायर एक्सटिंग्विशर का उपयोग, मूर्ति सुरक्षा और शांति व्यवस्था पर नजर रखने के लिए सीसीटीवी लगाने हेतु बताया गया । डीजे मालिको और संचालकों से वार्ता कर शासन द्वारा मानक के अनुरूप ही आवाज में डीजे बजाने तथा कोई भी ऐसे गाने न बजाए जाए जिससे किसी भी व्यक्ति, समुदाय के सम्मान को ठेस पहुंचे । विसर्जन मार्ग का पहले से ही निरीक्षण कर किसी भी प्रकार की समस्या हो तो संबंधित से वार्ता कर समाधान कराने हेतु निर्देशित किया।

### राष्ट्रीय लोक अदालत में 173370 वादों का हुआ निस्तारण



**बहराइच समृद्धि न्यूज।** राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण, नई दिल्ली एवं उ.प्र. राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, लखनऊ के निर्देशानुसार एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, बहराइच के अध्यक्ष/जनपद न्यायाधीश सतेन्द्र कुमार के कुशल नेतृत्व में आयोजित राष्ट्रीय लोक अदालत में 01 लाख 73 हज़ार 370 वादों का निस्तारण किया गया। राष्ट्रीय लोक अदालत में जनपद बहराइच में कुल 173370 वादों का निस्तारण किया गया। जिसमें जिला न्यायालय द्वारा 8833 वादों, प्रधान न्यायाधीश, परिवार न्यायालय, बहराइच संजय कुमार-तृतीय की अध्यक्षता में पारिवारिक मामलों के 16 वादों, पीठासीन अधिकारी, मोटर दुर्घटना दावा अधिकरण, बहराइच संजीव कुमार त्यागी द्वारा 51 वादों, स्थायी लोक अदालत द्वारा 01 वाद तथा जिला उपभोक्ता प्रतितोश आयोग, बहराइच के अध्यक्ष सुरेश चन्द भारती द्वारा 16 वादों का निस्तारण किया गया। राष्ट्रीय लोक अदालत में बैंक रिकवरी के 893 मामले तथा राजस्व के 163560 वादों का निस्तारण किया गया। राष्ट्रीय लोक अदालत में सेटेलमेन्ट की कुल धनराशि रू. 13 करोड़ 34 लाख 70 हज़ार 910 रही।षष्ठम अपर जिला जज/नोडल अधिकारी लोक अदालत बहराइच अरबिन्द कुमार गौतम द्वारा राष्ट्रीय लोक अदालत को अत्यधिक सफल बनाने हेतु समस्त पीठासीन अधिकारियों, विद्वान अधिवक्ताओं, बैंक अधिकारियों, कर्मचारियों, वादकारियों एवं पुलिस फोर्स को धन्यवाद ज्ञापित किया गया।

# सेवा पखवाड़ा पर भाजपा की मंडल स्तरीय कार्यशाला संपन्न

बछरांवा रायबरेली, समृद्धि न्यूज़।



कस्बा स्थित नगर पंचायत के सभागार में सेवा पखवाड़ा को लेकर भारतीय जनता पार्टी की मंडल स्तरीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। जिसमें मंडल के कार्यकर्ता, पदाधिकारी और वरिष्ठ नेता बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।

कार्यशाला को संबोधित करते हुए जिला भाजपा के वरिष्ठ नेता पूर्व जिला महामंत्री एडवोकेट सरोज गौतम ने कहा कि भाजपा केवल चुनाव जीतने के लिए राजनीति नहीं करती, बल्कि समाज को सेवा और समर्पण से जोड़ने का कार्य करती है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा दिया गया मंत्र सेवा ही संगठन हर कार्यकर्ता के लिए मार्गदर्शक है। सरोज गौतम ने युवाओं से अपील की है कि वे इस अभियान को उत्सव की तरह मनाएं और सेवा का संदेश समाज के हर वर्ग तक पहुंचाएं।

भाजपा मंडल अध्यक्ष प्रवेश वर्मा ने कार्यशाला की प्रस्तावना रखते हुए कहा कि सेवा पखवाड़ा का उद्देश्य केवल कार्यक्रम आयोजित करना नहीं है, बल्कि समाज के कमजोर कड़ी तक पहुंचकर उनकी समस्याओं का समाधान करना है। उन्होंने महिला शक्ति और युवाओं को सेवा कार्यों में बढ़-चढ़कर भागीदारी निभाने की अपील की।

भारतीय जनता पार्टी के मंडल उपाध्यक्ष अमित चौधरी ने कहा कि 17 सितंबर से 2 अक्टूबर तक भारतीय जनता पार्टी सेवा पखवाड़ा अभियान चलाएगी जिसमें रक्तदान शिविर, स्वास्थ्य शिविर, स्वच्छता अभियान और पोषण जागरूकता, प्रदर्शनी ,प्रबुद्ध वर्ग संवाद, नमो मैराथन, पंडित दीनदयाल जयंती वोकल फार लोकल, दिव्यांग एवं विशिष्ट व्यक्तियों का सम्मान, गांधी जयंती, विकसित भारत चित्रकला प्रतियोगिता जैसे कार्यक्रमों के जरिए जनहित को मजबूती दी जा सकती है।

इस अवसर पर मंडल उपाध्यक्ष नरेंद्र चौधरी, विपिन बाजपेई, मंडल महामंत्री रामपाल सिंह, वरिष्ठ भाजपा नेता सुरेंद्र सिंह, नगर पंचायत अध्यक्ष शिवेंद्र सिंह राम जी, युवा भाजपा नेता एडवोकेट हरिओम चतुर्वेदी, महिला मोर्चा की जिला महामंत्री प्रीति पांडे, नेहा अवस्थी, रीता वर्मा, सुमन, वीरेंद्र त्रिवेदी, राजेश त्रिवेदी, राजकरन, प्रभात शर्मा, आशुतोष रावत, मनीष गुप्ता, आसाराम सहित सैकड़ों की संख्या में मंडल के पदाधिकारी, बूथ अध्यक्ष, शक्तिकेंद्र संयोजक व भाजपा कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# प्राथमिक विद्यालय मे कीचड़ व पानी से बच्चों को हो रही परेशानी

महाराजगंज रायबरेली, समृद्धि न्यूज़।

विकासखंड क्षेत्र के दौतरा मंज़रे पूरे लोनार गांव में बने प्राथमिक विद्यालय के सामने व अगल-बगल कीचड़ और पानी की वजह से बच्चों को भारी परेशानी और दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है जहां एक ओर उत्तर प्रदेश की योगी आदित्यनाथ सरकार विद्यालय को संवार रही है तो वहीं दूसरी तरफ विद्यालय के आसपास भरा पानी कहीं ना कहीं अधिकारियों की लापरवाही साफ उजागर कर रहा है ग्रामीणों द्वारा प्राथमिक विद्यालय के पास भरे हुए पानी का वीडियो शनिवार सुबह वायरल किया गया वही ग्रामीणों ने बताया कि



विद्यालय के आसपास भरे हुए पानी व कीचड़ की वजह से छात्र-छात्राओं को भारी दिक्कतें और परेशानियों का सामना करना पड़ता है। ग्राम प्रधान मोनू पासी ने बताया कि इंजन चलाकर चलाकर पानी निकलवाया गया है।

## खबरें एक नजर में

### मंडल महामंत्री ने रोड के मरम्मतीकरण के लिए मुख्यमंत्री को लिखा पत्र




**डलमऊ रायबरेली, समृद्धि न्यूज।** डलमऊ क्षेत्र की खस्ता हाल सड़क के मरम्मतीकरण को लेकर मंडल महामंत्री डलमऊ शुभम गौड़ ने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को पत्र लिखकर सड़क की मरम्मत कराए जाने की मांग की है मुख्यमंत्री को लिखे गए पत्र में बताया गया है कि डलमऊ गंगा तट पर बसा ऐतिहासिक एवं धार्मिक नगर है यहां प्रत्येक मास की पूर्णिमा एवं अमावस्या पर भारी संख्या में श्रद्धालु गंगा स्नान के लिए आते हैं रायबरेली फतेहपुर मार्ग में चौदह मील से डलमऊ गंगापुल तक बनी सड़क पर बड़े-बड़े गड्ढे हो गए हैं जिससे वाहनों को आने जाने में भारी दिक्कत होती है तथा आए दिन दुर्घटनाएं होती रहती हैं आने वाले दिनों में दुर्गा पूजा के बाद जनपद के विभिन्न क्षेत्रों से प्रतिमाओं के विसर्जन के लिए बड़ी संख्या में श्रद्धालु इसी मार्ग से डलमऊ गंगा तट पहुंचते हैं एवं नवंबर माह में डलमऊ में लगने वाले विशाल प्रांतीय कार्तिक पूर्णिमा मेला का आयोजन होना है जिसमें प्रदेश के विभिन्न जनपदों से लाखों की संख्या में श्रद्धालु इसी मार्ग से गंगा स्नान के लिए डलमऊ गंगा तट पहुंचते हैं चौदह मिल से गंगापुल डलमऊ तक मार्ग खस्ता हाल होने के कारण श्रद्धालुओं को बड़ी परेशानी होगी मंडल महामंत्री डलमऊ शुभम गौड़ ने मुख्यमंत्री से जनहित में जल्द से जल्द मार्ग की मरम्मत कराए जाने की मांग की है।

### विद्यालय में विज्ञान प्रदर्शनी का हुआ आयोजन



**बिसवां-सीतापुर, समृद्धि न्यूज।** एल्पिस ग्लोबल विद्यालय में छात्रों की रचनात्मकता और वैज्ञानिक दृष्टिकोण को प्रोत्साहित करने हेतु विज्ञान प्रदर्शनी का आयोजन किया गया। प्रदर्शनी में विभिन्न कक्षाओं के छात्रों ने पर्यावरण संरक्षण, अंतरिक्ष विज्ञान, कृषि विज्ञान तथा वैज्ञानिक प्रयोगों से जुड़े मॉडल प्रस्तुत किए। मुख्य आकर्षण सौर ऊर्जा आधारित उपकरण, अंतरिक्ष यान के नमूने, जल संरक्षण प्रणाली और आधुनिक खेती के तकनीकी उपाय रहे। डायरेक्टर उमंग राजवंशी और प्रधानाचार्या दीपा चंद्रा ने विज्ञान की महत्ता पर प्रकाश डालते हुए आयोजन में योगदान देने वाले सभी अध्यापकों और अभिभावकों का आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर भारी संख्या मेंछात्र और अभिभावक उपस्थित रहे।

### दवा लेने गई महिला पांच वर्षीय बेटे सहित लापता



**अमेठी, समृद्धि न्यूज़।** कोतवाली क्षेत्र जायस के जायस कस्बे में बुधवार को एक महिला अपने 5 वर्षीय बेटे के साथ रहस्यमय परिस्थितियों में लापता हो गई। मिली जानकारी के अनुसार, महिला का नाम ऊषा पत्नी शत्रोहन निवासी चौधराना मोहल्ला, से जायस कस्बे में दवा लेने की बात कहकर घर से निकली थी। लेकिन देर रात तक घर न लौटने पर परिजनों को चिंता हुई। पहले तो परिजनों ने सोचा कि शायद वह अपने ससुराल चली गई होगी, लेकिन फोन कर जानकारी लेने पर पता चला कि वह वहां भी नहीं पहुंची है। इसके बाद आसपास खोजबीन की गई, मगर महिला और बच्चे का कोई सुराग नहीं लग पाया। आख़िरकार थक-हारकर परिजनों ने गुरुवार को जायस थाने पहुंचकर प्रार्थना पत्र दिया। पुलिस ने गुमशुदगी की तहरीर दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### मण्डल प्रभारी ने समाजसेवी को किया सम्मानित



**अमेठी, समृद्धि न्यूज़।** पत्रकार प्रेस परिषद के मण्डल प्रभारी यशपाल सिंह ने क्षेत्र के समाजसेवी भूपेंद्र शुक्ल को सम्मानित किया। क्षेत्र में भ्रमण के दौरान समाजसेवी भूपेंद्र शुक्ल मुसाफ़िर खाना के धरौली गांव में रमेश चंद्र गुप्त की धर्मपत्नी का निधन हो जाने के बाद परिवारी जनों से मिल कर शोक संवेदना व्यक्त करने गए थे।उसके उपरान्त भूपेंद्र शुक्ल पत्रकार प्रेस परिषद के अयोध्या मण्डल प्रभारी यशपाल सिंह के मूल आवास पर शिष्टाचार भेंट करने पहुंचे। उल्लेखनीय है कि भूपेंद्र शुक्ल सरकारी सेवा में रहते हुए सामाजिक कार्यों में भी तन मन से लगे रहते है और गरीब व पीड़ित जनता के हर प्रकार से मदद भी करते रहते हैं। जनहित के कार्यों को देखते हुए पत्रकार प्रेस परिषद के मण्डल प्रभारी यशपाल सिंह द्वारा अपने आवास पर परिवारों जनों के साथ अंगवस्त्र व प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया है।

### मसरूम उत्पादन का पांच दिवसीय प्रशिक्षण संपन्न



**अमेठी, समृद्धि न्यूज़।** आचार्य नरेंद्र देव कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय कुमारगंज अयोध्या द्वारा संचालित कृषि विज्ञान केंद्र कठौरा परिसर में केंद्र के फसल सुरक्षा अनुभाग द्वारा शनिवार को मशरूम उत्पादन एक लाभकारी व्यवसाय विषय पर आयोजित पांच दिवसीय व्यावसायिक प्रशिक्षण कार्यक्रम संपन्न हुआ। कार्यक्रम के पांचवे दिन केंद्र के वैज्ञानिक व प्रशिक्षण समन्वयक डा लाल पंकज सिंह ने प्रशिक्षणार्थियों को बटन मशरूम की पैकिंग, मार्केटिंग के बारे में विस्तार से बताया व प्रायोगिक कार्य में कम्पोस्ट तैयार करने हेतु भूसे में यूरिया, चोकर, पोटाश तथा सिंगल सुपर फास्फेट मिलाकर ढेर बनाया गया। प्रशिक्षण के उपरांत राकेश विक्रम सिंह, ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि जगदीशपुर तथा डा नवनीत कुमार मिश्र वरिष्ठ बैज्ञानिक एवं अध्यक्ष कृषि विज्ञान केन्द्र कठौरा के द्वारा प्रशिक्षणार्थियों को प्रमाण पत्र प्रदान किया गया। इस अवसर पर राकेश विक्रम सिंह ने प्रशिक्षणार्थियों को मशरूम उत्पादन कार्य प्रारम्भ करने के लिए प्रेरित करते हुए अपनी शुभकामना दी। डा नवनीत कुमार मिश्र ने प्रशिक्षणार्थियों को मशरूम उत्पादन के लिए अग्रदूत बनकर काम करने तथा आय एवं रोजगार बढ़ाने में मशरूम उत्पादन को प्रमुख घटक के रूप में अपनाने की सलाह दी। कार्यक्रम के अन्त में डा सुरेन्द्र सिंह ने सभी अतिथियों, पत्रकार बन्धुओं, प्रशिक्षणार्थियों एवं वैज्ञानिकों, कर्मचारियों को धन्यवाद ज्ञापित किया। कार्यक्रम में डॉ रेनू सिंह, डॉ पीके सिंह, डॉ देवेश पाठक, डॉ अर्चना, दयाशंकर यादव, दिनेश प्रताप सिंह, वीरेंद्र यादव, राहुल, कुलदीप, रोहित, मोहित, मयंक आदि उपस्थित रहे।

# दिव्यांग की मदद को व्यापार मंडल ने बढ़ाया हाथ

▸ 5 हजार की नगदी समेत दैनिक उपयोग की वस्तुएं की भेंट

लालगंज रायबरेली, समृद्धि न्यूज।

क्षेत्र के पहुरी गांव में दोनो आखों से दिव्यांग गया प्रसाद लोहार की मदद के लिये व्यापार मंडल आगे आया है। इस सम्बन्ध में जानकारी देते हुए व्यापार मंडल के अध्यक्ष राहुल भदौरिया ने बताया कि सोशल मीडिया के माध्यम से यह जानकारी प्राप्त हुई कि पहुरी गांव में एक व्यक्ति की दोनो आखों की रोशनी चली गई है।

घर में उसके साथ उसकी पत्नी व नाबलिक पुत्र व पुत्री रहते है। घर की आर्थिक स्थिति ठीक न होने के चलते उसके सामने रोजी-रोटी का संकट है।



जिसके बाद उपाध्यक्ष डा. सलीम के सहयोग से पीड़ित की मदद का संकल्प लिया गया।

व्यापार मंडल की टीम ने दिव्यांग के घर पहुंचकर 5 हजार की नगदी समेंत 25 किलो आटा, 20 किलो चावल समेंत अन्य दैनिक उपयोग की वस्तुएं प्रदान की है। व्यापार मंडल के पदाधिकारियों ने पीड़ित को आश्वस्त किया है कि इसके इलाज के लिये आगे भी समुचित प्रबंध किया जायेगा।

# सभी भाषाओं का अपना-अपना महत्व : शालिनी सिंह

▸ बीएमपीएस में हिंदी-दिवस सप्ताह के अंतर्गत हुए विविध कार्यक्रम

लालगंज, रायबरेली, समृद्धि न्यूज।

कस्बे के बक्शी मेमोरियल पब्लिक स्कूल लालगंज में हिंदी दिवस सप्ताह मनाया गया,जिसमें बच्चों ने विभिन्न प्रकार के शिक्षाप्रद कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए।

इस अवसर पर विद्यालय की सह प्रशासनिक सचिव श्रीमती शालिनी सिंह ने कहा कि हिंदी हमारी राष्ट्रभाषा है जिसका हम सभी भरपूर उपयोग करते हैं किंतु अंतरराष्ट्रीय स्तर पर सभी भाषाओं का अपना-अपना




महत्व है।भाषण प्रतियोगिता,वाद-विवाद, कहानी वाचन, सस्वर कविता वाचन, पोस्टर मेकिंग आदि के द्वारा बच्चों ने अपनी आंतरिक प्रतिभा का जबरदस्त प्रदर्शन किया। भाषण प्रतियोगिता में विशोक तिवारी, आदर्श त्रिवेदी, अंशिका तिवारी, नंदिनी सिंह, ईशा गुप्ता,स्तुति सिंह आदि ने अपने आंतरिक भावों को भाषण के माध्यम से व्यक्त किया। वाद-विवाद प्रतियोगिता में सेजल सिंह,विश्वास मिश्रा, शताक्षी सिंह, अजय प्रताप सिंह ने अपने विचारों को व्यक्त किया। कहानी वाचन प्रतियोगिता में रुद्र प्रताप, काव्या गुप्ता, अनन्या सिंह ने अपने स्मरण शक्ति के द्वारा अपने भावों को व्यक्त किया,कविता सस्वर वाचन में अनन्या यादव,आरोही यादव, जानवी बाजपेई, ध्रुव सिंह ने सस्वर वाचन किया।पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता में अनन्या, केअदिति, आराध्या यादव, अपराजिता होरो, अंशिका पांडे, अर्पित मौर्य आदि ने अपने आंतरिक भावों को पोस्टर के माध्यम से व्यक्त किया। इस अवसर पर शिरीष तिवारी, संगीत सिंह, लता सिंह ने विभिन्न प्रतियोगिताओं में निर्णायक की भूमिका निभाई। कार्यक्रम का संयोजन प्रीति श्रीवास्तव ने किया। कार्यक्रम को सफल बनाने में सभी अध्यापकों का अपना-अपना यथोचित योगदान रहा।यह जानकारी बीएमपीएस के पीआरओ यशबहादुर यादव ने दी।

# मनोज कुमार कुशवाहा के द्वारा राइजिंग स्टार नेशनल प्री स्कूल समदा में हुआ पौध वितरण व पौध रोपण

डलमऊ /रायबरेली, समृद्धि न्यूज।

एक वृक्ष मां के नाम योजना के अंतर्गत मनोज कुमार कुशवाहा मुख्य जीवन बीमा सलाहकार भारतीय जीवन बीमा निगम शाखा प्रथम रायबरेली ने राइजिंग स्टार नेशनल प्री स्कूल समदा में पौध रोपण एवं पौध वितरण का कार्यक्रम रखा इस मौके पर विद्यालय के प्रबंधक कुलदीप मौर्या जी ने कहा वृक्षों की जब करोगे रक्षा, तभी बनेगा जीवन अच्छा,और सभी बच्चों से एवं अपने सहायक अध्यापकों से कहा सभी लोग वृक्षारोपण के इस कार्यक्रम में अपनी जिम्मेदारी पूर्वक वृक्षारोपणकरें

मुख्य जीवन बीमा सलाहकार मनोज कुमार कुशवाहा ने कहा पेड़



पौधे लगाकर अपना सच्चा धर्म निभाएं और उन्हें बचाकर अपना कर्तव्य निभाएं एवं हवा को प्रदूषित होने से बचाए अपनी धरती की रक्षा करें हरियाली की रक्षा करें! संरक्षक ओमप्रकाश मौर्य जी ने कहां एक समय था की जंगल बहुत बड़े-बड़े हुआ करते थे आज पेड़ पौधे कोई लगाना ही नहीं चाहता है पेड़ पौधे लगाएंगे नहीं तो पशु पंछी हम लोगों के घरों में तो आएंगे उनके लिए ठिकाना पेड़ पौधे ही तो है ,विद्यालय के प्रधानाध्यापक मनोज सिंह ने कहा अभी पेड़ लगाए वह निकट भविष्य में आपको बचाएंगे पेड़ लगाए बेहतर भविष्य के लिए आशा का बीज बोए विद्यालय के अध्यापक अमरेंद्र कुमार जी अपने विचार व्यक्त किया कहा मानव ने अपनी खुशियों को मार दिया जब उसने कुल्हाड़ी से पेड़ काट दिया इस मौके पर अध्यापिका प्रियांशी जी ने कहा एक पेड़ सौ पुत्र के समान होता है इस मौके पर अध्यापिका नीतू, सोहिनी, मुस्कान, ज्योति, मानया ,अध्यापक दीपक कुमार आज तमाम लोग उपस्थित रहे!

# गोशाला व सामुदायिक शौचालय में मिलीं अनियमितताएं

अमेठी समृद्धि न्यूज़।

विकास खंड जामो के ग्राम सभा वर्रा में कल्याण विभाग की टीम ने निरीक्षण के दौरान सामुदायिक शौचालय और गौशाला की स्थिति बेहद खराब पाई गई। अधिकारियों ने मौके पर कई गंभीर लापरवाहियों और अनियमितताओं को दर्ज किया है । जिससे क्षेत्रीय प्रशासन की कार्यशैली पर सवाल उठने लगे हैं। गौशाला में पचासों कुंतल भूसा बरसात में भीगकर सड़ चुका था। भूसे को खुले में बिना किसी सुरक्षा के रखा गया था, जिससे वह पूरी तरह अनुपयोगी हो गया। अधिकारियों ने इसे गंभीर प्रशासनिक लापरवाही करार दिया और जिम्मेदारों के खिलाफ कार्रवाई की बात कही है। इसके अतिरिक्त सामुदायिक शौचालय की स्थिति




अत्यंत खराब मिली। शौचालय में न तो नियमित साफ-सफाई हो रही थी और न ही पर्याप्त पानी की व्यवस्था थी। कई शौचालयों के दरवाजे टूटे पाए गए और अंदर की स्थिति इतनी बदतर थी, अधिकारियों ने शौचालय की स्थिति को ÷दिखावे के लिए बने ढांचे÷ की संज्ञा दी और सुधार के निर्देश दिए। निरीक्षण टीम में शामिल अधिकारियों ने बताया कि ग्राम प्रधान और संबंधित सचिव से इस संबंध में जवाब-तलब किया जाएगा। ग्रामीणों ने भी मौके पर अधिकारियों को बताया कि लंबे समय से शौचालय और गौशाला की अनदेखी की जा रही है, लेकिन कोई ठोस कदम नहीं उठाया गया। अधिकारियों ने कहा कि दोषियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी और ग्रामीणों को मूलभूत सुविधाएं सुनिश्चित की जाएंगी।

# डीएम-एसपी ने सुनी समस्याएं, दिये निर्देश



अमेठी समृद्धि न्यूज़।

माह के दूसरे शनिवार को जनपद के समस्त थानों पर थाना समाधान दिवस का आयोजन किया गया। इसी क्रम में जनपद भ्रमण के दौरान जिलाधिकारी संजय सिंह चौहान व पुलिस अधीक्षक अपर्णा रजत कौशिक द्वारा महिला थाना पर तथा पुलिस अधीक्षक द्वारा थाना संग्रामपुर पर आये हुए फरियादियों की शिकायतों को सुना गया तथा उनके गुणवत्तापूर्ण व समयबद्ध निस्तारण हेतु संबंधित अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिये गए। इस दौरान संबन्धित सर्किल के क्षेत्राधिकारी व अन्य अधिकारी, कर्मचारीगण मौजूद रहे।

# डीएम-एसपी ने प्रतिमा विसर्जन स्थल रामघाट का लिया जायजा

अमेठी समृद्धि न्यूज़।

डीएम एसपी ने आगामी 7 अक्टूबर को शरद पूर्णिमा के शुभ अवसर पर जनपद के थाना क्षेत्र संग्रामपुर के ग्राम सभा ठेंगहा स्थित रामघाट पर लगने वाले विशाल मेले की तैयारियां का जायजा लिया। हर साल यहां मालती नदी के तट पर दुर्गा पूजा विसर्जन समिति के नेतृत्व में बड़ी संख्या में प्रतिमाओं का विसर्जन किया जाता है। अनुमान है कि इस बार भी 200 से अधिक प्रतिमाओं का विसर्जन किया जाएगा। इसी को ध्यान में रखते हुए



शनिवार को जिलाधिकारी संजय चौहान और पुलिस अधीक्षक अपर्णा रजत कौशिक ने रामघाट, ठेंगहा पहुंचकर सुरक्षा व व्यवस्थाओं का निरीक्षण किया। अधिकारियों ने विसर्जन स्थल का बारीकी से जायजा लेते हुए एसडीएम अमेठी आशीष कुमार सिंह, पुलिस उपाधीक्षक अमेठी मनोज कुमार मिश्रा तथा संग्रामपुर थाना प्रभारी अखिलेश कुमार सिंह को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।डीएम और एसपी ने स्पष्ट किया कि भीड़ प्रबंधन, यातायात व्यवस्था और सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए जाएं। साथ ही नदी के किनारे सुरक्षा की दृष्टि से अतिरिक्त पुलिस बल, बैरिकेडिंग और रोशनी की उचित व्यवस्था करने के निर्देश दिए गए। स्थानीय लोगों का कहना है कि दशहरे के दिन से ही प्रतिमा विसर्जन का सिलसिला शुरू हो जाता है और शरद पूर्णिमा तक यह सिलसिला चलता है। ऐसे में प्रतिदिन यहां बड़ी संख्या में श्रद्धालु और दर्शक जुटते हैं। प्रशासन की ओर से इस बार विशेष निगरानी और सुरक्षा इंतजाम किए जाने की बात कही जा रही है। निरीक्षण के दौरान रामघाट विकास सेवा समिति के अध्यक्ष अनुपम मिश्र, करुणेशचंद्र मिश्र सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण मौजूद रहे और उन्होंने अधिकारियों को सहयोग का भरोसा दिलाया।

# केंद्रीय दुर्गा पूजा व्यवस्था समिति की बैठक सम्पन्न

अमेठी समृद्धि न्यूज़।

क्षेत्र की शांतिपूर्ण एवं सुव्यवस्थित दुर्गा पूजा के आयोजन को लेकर केंद्रीय दुर्गा पूजा व्यवस्था समिति मुसाफ़िरखाना द्वारा एक महत्वपूर्ण बैठक का आयोजन किया गया। बैठक उपजिलाधिकारी मुसाफिरखाना अभिनव कन्नौजिया की अध्यक्षता में संपन्न हुई। बैठक में सभी दुर्गा पूजा समितियों के प्रतिनिधि, साथ ही शासन प्रशासन के अधिकारी मौजूद रहे। बैठक का मुख्य उद्देश्य आगामी दुर्गा पूजा पर्व के दौरान संभावित समस्याओं को चिन्हित कर उनका समुचित समाधान निकालना था। विभिन्न समितियों द्वारा पूजा पंडालों की सुरक्षा व्यवस्था, बिजली आपूर्ति, साफ-सफाई, यातायात प्रबंधन, और स्वास्थ्य सेवाओं के बेहतर प्रबंध पर विस्तार से चर्चा की गई। जिसमें श्री केंद्रीय दुर्गा पूजा व्यवस्था



समिति के अध्यक्ष अतुल सिंह ने कहा कि दुर्गा पूजा बुराई पर अच्छाई की जीत, शक्ति की उपासना और नारी शक्ति के सम्मान का प्रतीक है. यह त्योहार सकारात्मक ऊर्जा का संचार करता है, नकारात्मकता और अहंकार को दूर करता है। बैठक का संचालन बलराम कुमार अग्रहरि ने किया वही श्री केंद्रीय दुर्गा पूजा व्यवस्था समिति के युवा सेना अध्यक्ष राहुल कौशल विद्यार्थी ने कहा कि दुर्गा पूजा त्यौहार आस्था का त्यौहार है हम सबकी स्वयं जिम्मेदारी है कि हम सब मिलकर आगे बढ़ चढ़कर जिम्मेदारी से कार्य करें एवं जो भी समस्याएं आए हैं उसको नोट किया गया है हर समस्या के समाधान का आश्वासन शासन प्रशासन द्वारा मिला है। बैठक में अभिषेक तिवारी, संरक्षक सुरेश अग्रहरि, संतोष श्रीवास्तव, शिव शंकर अग्रहरी, शिवम मौर्य, वासु ,चेयरमैन बृजेश अग्रहरी, अंशुमान, मुरली राज मिश्रा, बबलू बरनवाल,पत्रकार यशपाल सिंह समेत अन्य पदाधिकारी भी मौजूद थे। एसडीएम ने कहा कि सभी समितियां प्रशासन के निर्देशों का पालन करें ताकि किसी प्रकार की अव्यवस्था न हो। बैठक के अंत में समिति द्वारा सभी उपस्थित लोगों ने आपसी सहयोग व अनुशासन बनाए रखने का संकल्प लिया।

# भाजपा की मंडल कार्यशाला आयोजित



सीतापुर, समृद्धि न्यूज।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिवस (17 सितंबर) से गांधी जयंती (02 अक्टूबर) तक चलने वाले सेवा पखवाड़ा के अंतर्गत भाजपा मंडल मानपुर की कार्यशाला आयोजित की गई। बैठक में नि. वर्तमान जिला अध्यक्ष अचिन मेहरोत्रा मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। शिक्षक-स्नातक विधान परिषद सदस्य और त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव की तैयारियों को लेकर कार्यकर्ताओं के साथ रणनीति बनाई।

अचिन मेहरोत्रा ने कहा कि भाजपा का चुनावी प्रबंधन देश में सबसे मजबूत है और सभी सीटों पर विजय सुनिश्चित करना ही लक्ष्य है। उन्होंने कहा कि शिक्षक और स्नातक विधान परिषद का चुनाव प्रबंधन और संपर्क का चुनाव है, इसलिए हर कार्यकर्ता को अपनी पूरी क्षमता से कार्य करना होगा। प्रत्येक कार्यकर्ता की योग्यता के अनुसार जिम्मेदारी तय की जाएगी। उन्होंने कहा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी देश का गौरव है... उन्होंने विपक्षी दलों पर कटाक्ष करते हुए कहा कि सपा, बसपा और कांग्रेस की सरकारों के समय गरीबों के विकास की धनराशि बिचौलियों की जेब में चली जाती थी, जबकि भाजपा सरकार में गरीब के हिस्से का पैसा सीधे खाते में पहुंच रहा है। मोदी और योगी सरकार सेवा, सुशासन और गरीब कल्याण के संकल्प के साथ कार्य कर रही है। अचिन मेहरोत्रा ने कहा कि चुनाव जीतने का सबसे बड़ा मंत्र है शत-प्रतिशत स्नातक मतदाताओं को जोड़ना। इसके लिए कार्यकर्ताओं को स्कूल, कॉलेज और घर-घर जाकर मतदाता बनवाने होंगे।

विधानसभा स्तर तक संयोजक और सहसंयोजक की नियुक्ति हो चुकी है। अब संपर्क, संवाद, समन्वय और समीक्षा की रणनीति से चुनावी विजय सुनिश्चित की जाएगी। उन्होंने मानपुर संगठन की कार्यप्रणाली की सराहना करते हुए कहा कि यहां नेता, पदाधिकारी और कार्यकर्ताओं का अनोखा सामंजस्य देखने को मिलता है, जो सफलता की कुंजी है।

बैठक में प्रमुख रूप से उपस्थित मंडल अध्यक्ष अरविन्द वर्मा पूर्व मंडल अध्यक्ष अनुज शुक्ला , मानपुर संघ के अध्यक्ष अतुल गुप्ता मंडल महामंत्री कुंवर गणेश शुक्ला, सौरभ शुक्ला राजेंद्र यादव महानरायण वर्मा एवं मंडल पदाधिकारीकरण, मोर्चा अध्यक्षगण शक्ति केन्द्र संयोजक एवं कार्यकर्तागण उपस्थित रहे।

# सेवा पखवाड़ा की तैयारी को लेकर भाजयुमो की बैठक संपन्न

▸ प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिन पर रक्तदान शिविर आयोजन में जुटा युवा मोर्चा

सीतापुर, समृद्धि न्यूज।

भारतीय जनता युवा मोर्चा द्वारा प्रतिवर्ष प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी के जन्मदिवस (17 सितम्बर) से लेकर राष्ट्रपिता महात्मा गांधी जी के जन्मदिवस (2 अक्टूबर) तक ÷सेवा पखवाड़ा÷ का आयोजन किया



जाता है। इसी क्रम में आज भाजपा कार्यालय, सीतापुर में बैठक का आयोजन किया गया।

बैठक की अध्यक्षता भाजयुमो जिलाध्यक्ष सचिन मिश्रा ने की। इस अवसर पर प्रवासी के रूप में क्षेत्रीय मंत्री शिवंजलि पाण्डेय तथा क्षेत्रीय कार्यसमिति सदस्य सोमी शर्मा विशेष रूप से उपस्थित रहीं। बैठक में भाजपा सीतापुर के महामंत्री विश्राम सागर राठौर भी मौजूद रहे।

जिला पदाधिकारी प्रतीक पाण्डेय ने बताया बैठक का मुख्य उद्देश्य प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी के जन्मदिवस 17 सितम्बर को आयोजित होने वाले रक्तदान शिविर की तैयारी करना रहा। इसमें शिविर को सफल बनाने के लिए कार्यकर्ताओं की जिम्मेदारियों का निर्धारण किया गया तथा अधिक से अधिक युवाओं को रक्तदान के लिए प्रेरित करने का आह्वान किया गया।

बैठक में उपस्थित कार्यकर्ताओं ने संकल्प लिया कि सेवा पखवाड़ा के अंतर्गत होने वाले सभी कार्यक्रमों को जनभागीदारी से सफल बनाया जाएगा और समाज सेवा के कार्यों को गाँव-गाँव तक पहुँचाया जाएगा।

बैठक में भाजयुमो जिला महामंत्री तरुण शुक्ला, अनूप विश्वकर्मा जिला उपाध्यक्ष अभिषेक मिश्रा, नमन वर्मा, जिला मंत्री वैभव सिंह व अन्य पदाधिकारियों में अंकुल तिवारी, अखिलेश शर्मा, राजा शुक्ला, वासुदेव पाण्डेय, ऋषभ पाण्डेय, आशु सिंह, कमलेन्द्र मिश्रा, सूर्य प्रताप सिंह, धर्मेंद्र यादव, मृत्युंजय, कन्हैया आदि कार्यकर्ता मौजूद रहे।

### विद्युत पोल के तार की चपेट में आने से अधेड़ की मौत


**बिसवां सीतापुर, समृद्धि न्यूज।** थाना क्षेत्र सकरन मोहरी गांव के निवासी किशोरी लाल पुत्र परशुराम उम्र 50 वर्ष अपने भतीजे सरोज के साथ अपने खेत मवेशियों के लिए चारा लेने जा रहा थे तभी गांव के पास लगे विद्युत पोल से लटक रहे तार की चपेट में किशोरी लाल आकर गिर गए बचाने में सरोज भी करंट की चपेट में आ गया। शोर गुल सुनकर ग्रामीणों ने खुद किसी तरह ट्रांसफार्मर से लाइन काट दी ग्रामीणों द्वारा दोनों घायलों को एम्बुलेंस से सीएचसी सांडा लाया गया जहां चिकित्सों ने किशोरी लाल को मृत घोषित कर दिया। वहीं घायल सरोज का इलाज चल रहा है। चौकी प्रभारी सांडा बृजेंद्र बहादुर सिंह ने बताया मृतक के शव को पीएम के लिए जिला मुख्यालय भेजा गया है। अग्रिम विधिक कार्रवाई की जा रही है।

## विश्वसनीय मतदाता सूची

भारत दुनिया का सबसे बड़ा लोकतंत्र है। लेकिन एक मजबूत लोकतंत्र के लिये जरूरी है कि उसकी चुनावी प्रक्रिया पारदर्शी और मतदाता सूची विश्वसनीय हो। पिछले दिनों बिहार में विधानसभा चुनाव से कुछ समय पहले मतदाता सूचियों का विशेष गहन पुनरीक्षण यानी एसआईआर अभियान चलाया गया। जिसको लेकर विपक्ष ने कड़ा प्रतिवाद किया और अदालत में चुनाव आयोग के फैसले को चुनौती भी दी। बताते हैं कि अब भारतीय चुनाव आयोग देश भर में मतदाता सूचियों का विशेष गहन पुनरीक्षण करने की योजना बना रहा है। हाल ही में बिहार में चल रही इस प्रक्रिया से उपजे राजनीतिक प्रतिवाद को देखते हुए यह एक चुनौतीपूर्ण कार्य होगा। उल्लेखनीय यह भी है कि आसन्न चुनाव वाले राज्य बिहार में एसआईआर की प्रक्रिया न्यायिक जांच के दायरे में हैं। दरअसल, सर्वोच्च न्यायालय ने इस सप्ताह की शुरुआत में चुनाव आयोग को निर्देश दिया था कि आधार कार्ड को मतदाता पहचान पत्र के रूप में मान्यता दी जानी चाहिए। इसमें दो राय नहीं कि यह सुनिश्चित करना चुनाव आयोग का दायित्व है कि कोई भी पात्र नागरिक अपने मताधिकार के मौलिक हक से वंचित न रहे । उल्लेखनीय है कि बिहार में अंतिम मतदाता सूची इस महीने के अंत तक प्रकाशित होने वाली है। इसमें दो राय नहीं कि देश में पड़ोसी देशों के नागरिकों की बड़े पैमाने पर घुसपैठ गाहे-बगाहे होती रही है। कुछ लोग बेहतर भविष्य की तलाश में गैर-कानूनी तरीके से भारत में घुस आते हैं। फिर कतिपय वोट बैंक के ठेकेदारों, दलालों व भ्रष्ट अधिकारियों की मिलीभगत से जाली कागजात बनवाकर वोट डालने के अधिकारी बन जाते हैं। निस्संदेह, यह गैर-कानूनी है और इस प्रवृत्ति पर अंकुश लगना ही चाहिए। ऐसे में दो राय नहीं हो सकती है कि मतदाता सूची में त्रुटियों और विसंगतियों को दूर करने करने के लिये तथा अवैध प्रवासियों को बाहर निकालने के लिए अखिल भारतीय स्तर पर मतदाता सूचियों में संशोधन अत्यंत आवश्यक हो जाता है। निस्संदेह, राष्ट्रीय स्तर पर मतदाता सूचियों में संशोधन अपरिहार्य है। लेकिन इसके साथ ही यह प्रक्रिया निष्पक्ष, पारदर्शी और सरल होनी जरूरी है। जिसमें वास्तविक नागरिकों के हितों तथा चिंताओं को प्राथमिकता दी जाए। इसके अलावा दिक्कत राजनीतिक दलों के मुखर विरोध की भी है। खासकर विपक्षी दलों द्वारा शासित राज्यों केरल, तमिलनाडु और पश्चिम बंगाल में एसआईआर क्रियान्वयन तो और ज्यादा मुश्किल होगा। हाल के वर्षों में देखा गया है कि सीमावर्ती राज्यों में अपना वोट बैंक बढ़ाने के लिये राजनीतिक दलों के कार्यकर्ता विदेशी नागरिकों के जरूरी कागजात बनवाने में गुरेज नहीं करते। उल्लेखनीय है कि उपरोक्त तीनों राज्यों में अगले साल विधानसभा चुनाव होने जा रहे हैं। ऐसे में राजनीतिक प्रतिरोध स्वाभाविक ही है। हाल में तमिलनाडु के द्रुमक मंत्री दुरई मुरुगन तल्ख टिप्पणी कर चुके हैं कि बिहार में इस्तेमाल की गई 'चालें' तमिलनाडु में काम नहीं आने वाली हैं, क्योंकि उनके राज्य में लोग राजनीतिक रूप से ज्यादा जागरूक हैं। उनके राज्य में लोगों को भ्रमित नहीं किया जा सकता। यह भी हकीकत है कि चुनाव आयोग को विश्वास की कमी को पाटने के लिये सभी हितधारकों को एक साथ लाने और इस धारणा को दृढ़ता से दूर करने की आवश्यकता होगी कि उसकी इस कार्रवाई से प्रत्यक्ष व अप्रत्यक्ष तौर पर केंद्र के सत्तारूढ़ दल को लाभ नहीं पहुंचता है।

# विश्व की सबसे समृद्ध भाषा है हिन्दी

**रमेश सर्राफ धमोरा**



**हिन्दी दिवस (14 सितम्बर) पर विशेष**

**हिन्दी उत्तर प्रदेश, बिहार, झारखंड, मध्य प्रदेश, छत्तीसगढ़, राजस्थान, उत्तराखण्ड, हिमाचल प्रदेश, हरियाणा और दिल्ली राज्यों की राजभाषा भी है। राजभाषा बनने के बाद हिन्दी ने विभिन्न राज्यों के कामकाज में लोगों से सम्पर्क स्थापित करनें का अभिनव कार्य किया है। लेकिन विश्व भाषा बनने के लिए हिन्दी को अब भी संयुक्त राष्ट्र के कुल सदस्यों के दो तिहाई देशों के समर्थन की आवश्यकता है। भारत सरकार इस दिशा में तेजी से कार्य कर रही है। हम संभावनाएं जता सकते हैं कि शीघ्र ही हिन्दी को संयुक्त राष्ट्र संघ की आधिकारिक भाषा में शामिल कर लिया जायेगा। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी अपनी विदेश यात्रा के दौरान अधिकतर अपना सम्बोधन हिन्दी भाषा में ही देते हैं।**

हिन्दी एक भारतीय इंडो-यूरोपीय भाषा है जो संस्कृत से विकसित हुई और देवनागरी लिपि में लिखी जाती है। देवनागरी लिपि में ही संस्कृत, मराठी, नेपाली और कई अन्य भारतीय भाषाएँ भी लिखी जाती है। देवनागरी का अर्थ है देवताओं की लिपि या शहर की लिपि। यह संस्कृत के दो शब्दों देव (ईश्वर/देवता) और नागरी (नगर/शहर से लिया गया विशेषण) से मिलकर बना है। देवनागरी एक ब्राह्मी-आधारित वर्णमाला है जिसका उपयोग भारत की कई भाषाएँ जैसे हिंदी, मराठी और संस्कृत को लिखने के लिए किया जाता है। इसीलिए हिंदी भाषा को संस्कृत भाषा की प्रत्यक्ष वंशज कहा जाता है।

हिंदी भाषा एक-दूसरे के साथ बातचीत करने के लिए बहुत आसान और सरल माध्यम प्रदान करती है। यह प्रेम, मिलन और सौहार्द की भाषा है। हिन्दी विविध भारत को एकता के सूत्र में पिरोने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है। लेकिन यह कैसी विडम्बना है कि जिस भाषा को कश्मीर से कन्याकुमारी तक सारे भारत में समझा जाता हो। उस भाषा के प्रति आज भी इतनी उपेक्षा व अवज्ञा क्यों ? प्रत्येक वर्ग का व्यक्ति हिन्दी भाषा को आसानी से बोल-समझ लेता है। इसलिए इसे सामान्य जनता की भाषा अर्थात जनभाषा कहा गया है। हिन्दी भारत सरकार की आधिकारिक भाषा है और हिंदी बोलने वालों की संख्या भारत में सर्वाधिक है। हिंदी भाषा का अर्थ है ÷भारत या हिंद से संबंधित÷। यह भारत की आधिकारिक राजभाषा है और दुनिया में तीसरी सबसे अधिक बोली जाने वाली भाषा है। इसका इतिहास प्राचीन संस्कृत और प्राकृत भाषाओं से जुड़ा है। हिन्दी भाषा का जन्म भारत में ही हुआ था । एक भाषा के रूप में हिंदी न सिर्फ भारत की पहचान है। बल्कि यह हमारे जीवन मूल्यों, संस्कृति एवं संस्कारों की सच्ची परिचायक भी है। बहुत सरल, सहज और सुगम भाषा होने के साथ हिंदी विश्व की संभवतः सबसे वैज्ञानिक भाषा है। जिसे दुनिया भर में समझने, बोलने और चाहने वाले लोग बहुत बड़ी संख्या में मौजूद हैं। भारतेन्दु हरिश्चंद्र को आधुनिक हिंदी का जनक कहा जाता है। जिन्होंने हिंदी, पंजाबी, बंगाली और मारवाड़ी सहित कई भाषाओं में अपना योगदान दिया था।

भारत की स्वतंत्रता के बाद 14 सितम्बर 1949 को संविधान सभा ने एक मत से यह निर्णय लिया कि हिन्दी की खड़ी बोली ही भारत की राजभाषा होगी। इस महत्वपूर्ण निर्णय के बाद 1953 से सम्पूर्ण भारत में 14 सितम्बर को प्रतिवर्ष हिन्दी-दिवस के रूप में मनाया जाते लगा है जो हिंदी भाषा के महत्व को दर्शाता है। यदि हम हिंदी भाषा के विकास की बात करें तो यह कहना गलत नहीं होगा कि पिछले सौ सालों में हिंदी का बहुत विकास हुआ है। हिंदी भाषा का इतिहास लगभग एक हजार वर्ष पुराना माना गया है। भारत में धर्म, परंपराओं और भाषा में विविधता के बावजूद यहां के लोग एकता में विश्वास रखते हैं। भारत में विभिन्न भाषाएं बोली जाती हैं। लेकिन सबसे ज्यादा हिंदी भाषा बोली, लिखी व पढ़ी जाती है। इसीलिए हिंदी भारत की सबसे प्रमुख भाषा है। हिन्दी के ज्यादातर शब्द संस्कृत, अरबी और फारसी भाषा से लिए गए हैं। यह मुख्य रूप से आर्यों और पारसियों की देन है। इस कारण हिन्दी अपने आप में एक समर्थ भाषा है। जहां अंग्रेजी में मात्र 10 हजार मूल शब्द हैं। वहीं हिन्दी के मूल शब्दों की संख्या 2 लाख 50 हजार से भी अधिक है। हिन्दी विश्व की एक प्राचीन, समृद्ध तथा महान भाषा होने के साथ हमारी राजभाषा भी है। हिन्दी उत्तर प्रदेश, बिहार, झारखंड, मध्य प्रदेश, छत्तीसगढ़, राजस्थान, उत्तराखण्ड, हिमाचल प्रदेश, हरियाणा और दिल्ली राज्यों की राजभाषा भी है। राजभाषा बनने के बाद हिन्दी ने विभिन्न राज्यों के कामकाज में लोगों से सम्पर्क स्थापित करनें का अभिनव कार्य किया है। लेकिन विश्व भाषा बनने के लिए हिन्दी को अब भी संयुक्त राष्ट्र के कुल सदस्यों के दो तिहाई देशों के समर्थन की आवश्यकता है। भारत सरकार इस दिशा में तेजी से कार्य कर रही है। हम संभावनाएं जता सकते हैं कि शीघ्र ही हिन्दी को संयुक्त राष्ट्र संघ की आधिकारिक भाषा में शामिल कर लिया जायेगा। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी अपनी विदेश यात्रा के दौरान अधिकतर अपना सम्बोधन हिन्दी भाषा में ही देते हैं। जिससे हिन्दी भाषा का महत्व विदेशी धरती पर भी बढ़ने लगा है।हिन्दी ने भाषा, व्याकरण, साहित्य, कला, संगीत के सभी माध्यमों में अपनी उपयोगिता, प्रासंगिकता एवं वर्चस्व कायम किया है। हिन्दी की यह स्थिति हिन्दी भाषियों और हिन्दी समाज की देन है। लेकिन हिन्दी भाषा समाज का एक तबका हिन्दी की दुर्गति के लिए भी जिम्मेदार है। अंग्रेजी बोलने वाला ज्यादा ज्ञानी और बुद्धिजीवी होता है। यह धारणा हिन्दी भाषियों में हीन भावना लाती है। जिंदगी में सफलता पाने के लिये हर कोई अंग्रेजी भाषा को बोलना और सीखना चाहता है। हिन्दी भाषी लोगों को इस हीन भावना से उबरना होगा, क्योंकि मौलिक विचार मातृभाषा में ही आते हैं। शिक्षा का माध्यम भी मातृभाषा होनी चाहिए। शिक्षा विचार करना सिखाती है और मौलिक विचार उसी भाषा में हो सकता है जिस भाषा में आदमी जीता है। हमें अहसास होना चाहिये कि हिन्दी दुनिया की किसी भी भाषा से कमजोर नहीं है। अंग्रेजी व चीनी भाषा मंदारिन के बाद हिन्दी विश्व में सबसे अधिक बोली जाने वाली तीसरी सबसे बड़ी भाषा है। नेपाल, पाकिस्तान की तो अधिकांश आबादी को हिंदी बोलना, लिखना, पढना आता है। बांग्लादेश, भूटान, तिब्बत, म्यांमार, अफगानिस्तान में भी लाखों लोग हिंदी बोलते और समझते हैं।

## हिंदी भाषा पर अवलंबित वैश्विक अर्थतंत्र

**संजीव ठाकुर**

डॉ राजेंद्र प्रसाद ने कहा है कि हिंदी चिरकाल से ऐसी भाषा रही है जिसने मात्र विदेशी होने के कारण किसी शब्द या भाषा का तिरस्कार नहीं किया और यही तथ्य हिंदी भाषा के गौरव को अत्यंत विशाल तथा विराट बनाती है। हिंदी भाषा भारतीय संस्कृति सनातन तथा संस्कारों की सारगर्भित भाषा है। हिंदी भाषा भारत में ही 141 करोड़ लोगों की भाषा बन चुकी है।

देश के लिए जनसंख्या जरूर समस्या के रूप में देखी जा सकती है पर अंतरराष्ट्रीय व्यावसायिक प्रतिष्ठानों के लिए यह एक बड़े बाजार का खजाना ही साबित हो रही है। भारत अब एक बड़ा अंतरराष्ट्रीय उपभोक्ता बाजार बन चुका है और और भारतीय उत्पाद को बेचने के लिए हिंदी भाषा एक सशक्त माध्यम बन चुकी है।

भारत में न जाने कितनी अंतरराष्ट्रीय व्यावसायिक संस्थाएं अपने उत्पाद बेचने के लिए आतुर रहती हैं और यही एक बड़ा कारण है कि उन्हें अपने विज्ञापन तथा माल बेचने के लिए भारतीय उपभोक्ताओं को आकर्षित करने हिंदी में विज्ञापन में बेची जाने वाली वस्तुओं की समस्त जानकारी रखनी होती हैं ।यह उनकी व्यावसायिक मजबूरी ही है कि भारत तथा विदेशों में रहने वाले तमाम हिंदुस्तानियों के लिए हिंदी भाषा के माध्यम से प्रचार प्रसार तथा विज्ञापन करती रहें तब जाकर उनका निर्मित उत्पाद विक्रय के लिए बाजार में आ सकेगा। वर्तमान में हिंदी को वैश्विक स्तर पर उपभोक्तावाद से जोड़ा गया है। और बीच-बीच में हिंदी के मध्य उर्दू और अंग्रेजी ने अपनी जगह बनाई है। आज स्थिति यह है कि हिंदुस्तान में ही हिंदी से ज्यादा अंग्रेजी के कई शब्द मिलाकर हिंग्लिश भाषा बोली जाती है। न्यूज चौनल में न्यूज एंकर विशुद्ध हिंदी की जगह हिंग्लिश ही बोलकर अपनी इतिश्री कर लेते हैं। और तो और अब हिंदी के बड़े साहित्यकार भी हिंदी में अंग्रेजी तथा उर्दू के शब्द मिलाकर लिख रहे हैं, बोल रहे हैं, और पढ़ रहे हैं।

**विचार**

# दलित राजनीति की ताकत और कमजोरी तथा उसका भविष्य

**एसआर दारापुरी**




**दलित राजनीति आंतरिक विभाजनोंकृवैचारिक, क्षेत्रीय और उपजातिगत प्रतिद्वंद्विता से ग्रस्त है। बसपा, लोक जनशक्ति पार्टी और विदुथलाई चिरुथैगल काची (वीसीके) जैसी कई पार्टियाँ अक्सर एकजुट होने के बजाय प्रतिस्पर्धा करती हैं, जिससे उनकी सामूहिक शक्ति कमजोर हो जाती है। हालाँकि आरक्षण एक ताकत है, लेकिन यह एक बैसाखी भी बन गया है, जिससे दलित राजनीति व्यापक परिवर्तनकारी एजेंडे को आगे बढ़ाने के बजाय आरक्षण की रक्षा तक सीमित हो गई है। इससे इसकी अपील कम हो जाती है और संभावित सहयोगी अलग-थलग पड़ जाते हैं। कांग्रेस और भाजपा जैसी राष्ट्रीय पार्टियों ने दलित नेताओं और मतदाताओं को संरक्षण देकर या अंबेडकर की विरासत को अपनाकर, स्वतंत्र दलित आंदोलनों को कमजोर करके, अपने में समाहित कर लिया है। उदाहरण के लिए, गैर-जाटव दलित जातियों तक भाजपा की पहुँच ने वोट आधार को विभाजित कर दिया है।**

भारत में दलित राजनीति, डॉ. बी.आर. आंबेडकर के विचारों से प्रेरित और सम्मान, समानता और प्रतिनिधित्व की चाहत से प्रेरित, दलित राजनीति जाति-आधारित उत्पीड़न को चुनौती देने में एक गतिशील शक्ति रही है। इसकी ताकत और कमजोरी इसकी उपलब्धियों और इसके सामने आने वाली संरचनात्मक चुनौतियों, दोनों को दर्शाती है, जबकि इसका भविष्य उभरती रणनीतियों और व्यापक गठबंधनों पर टिका है। यहाँ एक विश्लेषण प्रस्तुत है। स्वतंत्रता, समानता और बंधुत्व के आंबेडकर के दृष्टिकोण में निहित, दलित राजनीति का एक स्पष्ट बौद्धिक और नैतिक ढाँचा है।

जाति का उन्मूलन जैसी रचनाएँ प्रणालीगत असमानता की एक ऐसी आलोचना प्रस्तुत करती हैं जो दलितों से परे भी गूंजती है और एक व्यापक सामाजिक न्याय विमर्श को प्रेरित करती है। भारत के संविधान के निर्माण में आंबेडकर की भूमिका ने दलितों को शिक्षा, नौकरियों और विधायिकाओं में आरक्षण (जैसे, अनुसूचित जातियों के लिए 15 प्रतिशत संसदीय सीटें) जैसे साधन प्रदान किए। इस संस्थागत समर्थन ने राजनीतिक प्रतिनिधित्व और संसाधनों तक पहुँच सुनिश्चित की है, जिससे एक मुखर दलित मध्यम वर्ग और नेतृत्व का निर्माण हुआ है। दलित राजनीति सामुदायिक एकजुटता पर फलती-फूलती है, जैसा कि 1970 के दशक में दलित पैंथर्स जैसे आंदोलनों या अत्याचारों के खिलाफ विरोध प्रदर्शनों (जैसे, ऊना कोड़े मारने कांड, 2016) में देखा जा सकता है। जमीनी स्तर पर लामबंदी करने की यह क्षमता जातिगत मुद्दों को राजनीतिक रूप से प्रासंगिक बनाए रखती है।

बौद्ध धर्म, अम्बेडकरवादी प्रतीकों (जैसे, नीले झंडे, मूर्तियाँ) और साहित्य को अपनाने से एक विशिष्ट दलित पहचान को बढ़ावा मिला है, जिसने उच्च-जाति के आधिपत्य का मुकाबला किया है और आत्मविश्वास को बढ़ाया है। उत्तर प्रदेश जैसे राज्यों में, दलित वोट चुनावों को प्रभावित कर सकते हैं, जैसा कि मायावती के नेतृत्व वाली बहुजन समाज पार्टी (बसपा) ने दिखाया है, जो कई बार मुख्यमंत्री बनीं। यह चुनावी प्रभाव मुख्यधारा के दलों को दलितों की चिंताओं को दूर करने के लिए मजबूर करता है।

दलित राजनीति आंतरिक विभाजनोंकृवैचारिक, क्षेत्रीय और उपजातिगत प्रतिद्वंद्विता (जैसे, महार बनाम चमार) से ग्रस्त है। बसपा, लोक जनशक्ति पार्टी (लोजपा) और विदुथलाई चिरुथैगल काची (वीसीके) जैसी कई पार्टियाँ अक्सर एकजुट होने के बजाय प्रतिस्पर्धा करती हैं, जिससे उनकी सामूहिक शक्ति कमजोर हो जाती है। हालाँकि आरक्षण एक ताकत है, लेकिन यह एक बैसाखी भी बन गया है, जिससे दलित राजनीति व्यापक परिवर्तनकारी एजेंडे को आगे बढ़ाने के बजाय आरक्षण की रक्षा तक सीमित हो गई है। इससे इसकी अपील कम हो जाती है और संभावित सहयोगी अलग-थलग पड़ जाते हैं। कांग्रेस और भाजपा जैसी राष्ट्रीय पार्टियों ने दलित नेताओं और मतदाताओं को संरक्षण (जैसे, कैबिनेट पद) देकर या अंबेडकर की विरासत को अपनाकर, स्वतंत्र दलित आंदोलनों को कमजोर करके, अपने में समाहित कर लिया है।

उदाहरण के लिए, गैर-जाटव दलित जातियों तक भाजपा की पहुँच ने वोट आधार को विभाजित कर दिया है। राजनीतिक लाभ के बावजूद, कई दलित आर्थिक रूप से वंचित हैंकृभूमिहीन, अल्पशिक्षित और कम वेतन वाली नौकरियों में फँसे हुए हैं। इससे स्थायी राजनीतिक सत्ता के लिए आवश्यक संसाधन और स्वायत्तता सीमित हो जाती है। जातिगत तनावों या भिन्न प्राथमिकताओं के कारण दलित राजनीति को अन्य हाशिए पर पड़े समूहों के साथ लगातार तालमेल बिठाने में संघर्ष करना पड़ा है, जिससे उच्च जातियों के प्रभुत्व को व्यापक रूप से चुनौती देने की इसकी क्षमता सीमित हो गई है। दलित राजनीति की दिशा इस बात पर निर्भर करती है कि वह समकालीन चुनौतियों और अवसरों के साथ कैसे तालमेल बिठाती है। भविष्य में क्या हो सकता है, यहाँ बताया गया है। प्रासंगिक बने रहने के लिए, दलित राजनीति जाति से आगे बढ़कर वर्ग, लिंग और पर्यावरणीय न्याय को शामिल करने के लिए अपना ध्यान केंद्रित कर सकती है।

**तर्पण**

## पिता ने दी सच्चाई व धर्म के मार्ग पर चलने की शिक्षा







हमारे पूज्य पिता

स्वर्गीय आचार्य पंडित बीरचंद्र त्रिपाठी ने हमेशा सच्चाई व धर्म के मार्ग पर चलने की शिक्षा दी। धर्म के क्षेत्र में उन्होंने कई जनपदों में अपना नाम कमाया तथा लोगों को भी धर्म के मार्ग पर चलने की प्रेरणा हमेशा देते रहे। समय-समय पर उन्होंने दूसरों की मदद भी की तथा धन को प्राथमिकता ना देकर रिश्तों को बचाने में विश्वास किया। 10 मई 2025 को हम सभी को रोता बिलखता छोड़कर इस नश्वर संसार से विदा हो गए, पर उनका आशीर्वाद एवं धर्म के मार्ग पर चलने की शिक्षा हमारा मार्गदर्शन प्रतिपल कर रही है। मेरी सामाजिक प्रतिष्ठा उन्हीं के आशीर्वाद से बढ़ रही है। भगवान से यही प्रार्थना है पुण्य आत्मा जिस लोक में हो अपना आशीर्वाद बनाये रखे, ताकि आपके द्वारा बताये धर्म के मार्ग पर चल सकूँ व लोंगो को चलने के लिए प्रेरित कर सकूं।

**आचार्य पं. अभय त्रिपाठी**
**कथावाचक एवं ज्योतिषाचार्य**



## राशिफल

**मेषः-** आज का दिन शुभ और फलदायी होगा। महत्त्वपूर्ण निर्णय न लेने की सलाह है। यात्रा के योग हैं। लेखनकार्य के लिए अच्छा दिन है। महिला के साथ विवाद में न उतरें।

**वृषभः-** मन को स्थिर रखने की सलाह गणेशजी देते हैं, क्योंकि अनिर्णय की मनोदशा से अवसर गवां सकते हैं। प्रवास का आयोजन टाल दें। नए कार्य प्रारंभ न करें।

**मिथुनः-** लक्ष्मीजी की कृपा से दिन लाभदायी होगा। उत्तम भोजन, सुंदर वस्त्र व अपनों के साथ से दिन आनंददायी होगा। धन अधिक व्यय न करें।

**कर्कः-** कोई भी महत्त्वपूर्ण निर्णय न लें। संबंधियों से मनमुटाव हो सकता है। वाणी पर संयम रखें। स्वास्थ्य का ध्यान रखें। मानहानि एवं धनहानि से बचें।

**सिंहः-** आज का दिन लाभदायी है। मित्रों से लाभ और पर्यटन की संभावना है। हाथ आया अवसर जा सकता है, इसलिए निर्णय टाल दें। व्यापार एवं आर्थिक लाभ के योग हैं।

**कन्याः-** आज दिन शुभ है। नए कार्य संपन्न होंगे। व्यापारी व नौकरीपेशा लोगों के लिए समय अच्छा है। व्यापार में लाभ व नौकरी में पदोन्नति के योग हैं।

**तुलाः-** व्यावसाय में लाभ की संभावना है ऐसा गणेशजी कहते हैं। नौकरी व व्यापार में सहकर्मियों से सहयोग नहीं मिलेगा। लंबी यात्रा का आयोजन हो सकता है। अस्वस्थ रहेंगे।

**वृश्चिकः-** आज शांति व सावधानीपूर्वक रूप से रहने की गणेशजी की सलाह है। नए कार्यों में असफलता के योग हैं। क्रोध पर संयम रखें। सरकार विरोधी प्रवृत्तियों से दूर रहें।

**धनुः-** आज का दिन आनंदपूर्वक बीतेगा। सहवास का आनंद मिलेगा। प्रवास, पर्यटन होगा। लेखनकार्य के दिन अनुकूल है। साझेदारी से लाभ होगा।

**मकरः-** व्यापार में विकास के लिए आज का दिन लाभकारी रहेगा। धन के लेनदेन में सफलता मिलेगी। स्वास्थ्य अच्छा रहेगा। घर में सुख-शांति का वातावरण बना रहेगा।

**कुंभः-** आप की वाणी व विचारों में शीघ्र परिवर्तन होगा। बौद्धिक चर्चा में शामिल होंगे। आकस्मिक खर्च की आशंका है। पाचन न होने जैसी बीमारियों से परेशान होंगे।

**मीनः-** गणेशजी कहते हैं कि आप में उत्साह व स्फूर्ति की कमी होगी। परिजनों के साथ विवाद न करें। अस्वस्थ महसूस करेंगे। नौकरी में चिंता रहेगी।

# प्रधानमंत्री का संदेश : विकास और संवाद से समस्याओं का समाधान

**डॉ. मयंक चतुर्वेदी**



प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने मिजोरम से अपने भाषण में जो बातें कहीं, वे केवल एक राज्य के विकास का ब्योरा भर नहीं थीं, आज यह पूरे पूर्वोत्तर और भारत के लिए गहरे संदेश भी समेटे हुए थीं। उन्होंने कहा कि लंबे समय से हमारे देश की कुछ राजनीतिक पार्टियां वोट बैंक की पॉलिटिक्स कर रही हैं। जिन्होंने मिजोरम को अनदेखा किया, लेकिन आज मिजोरम फ्रंटलाइन में हैं। अब पूर्वोत्तर, भारत का विकास इंजन बन रहा है।

प्रधानमंत्री ने हाल ही में मिजोरम के लिए कई करोड़ रुपये से अधिक की परियोजनाओं का उद्घाटन और शिलान्यास किया है। इनमें 51 किलोमीटर लंबी बैराबी-सायरंग रेलवे लाइन सबसे अहम है, जिसमें 45 सुरंगें और भारत का दूसरा सबसे ऊँचा रेलवे पुल शामिल है। इस लाइन से सायरंग पहली बार दिल्ली, कोलकाता और गुवाहाटी से रेल मार्ग द्वारा सीधे जुड़ गया। राजधानी एक्सप्रेस अब सायरंग से दिल्ली तक 2,510 किलोमीटर का सफर तय करेगी, जबकि कोलकाता और गुवाहाटी से भी नियमित ट्रेनें उपलब्ध होंगी। प्रधानमंत्री ने कहा कि यह कनेक्टिविटी केवल यातायात का विस्तार नहीं बल्कि आर्थिक और सामाजिक बदलाव का द्वार है। किसानों को अब अपने उत्पाद बड़े बाजारों तक पहुँचाने का अवसर मिलेगा, छात्रों को शिक्षा और युवाओं को रोजगार की नई राहें मिलेंगी।

देखा जाए तो पूर्वोत्तर में विकास का यह परिदृश्य कोई आकस्मिक घटना नहीं है। 2014 के बाद से केंद्र ने इस क्षेत्र को देश की विकास धारा से जोड़ने को अपनी प्राथमिकता बनाया। सड़क अवसंरचना में यह बदलाव साफ दिखता है। जहाँ 2014 में राष्ट्रीय राजमार्गों की कुल लंबाई पूर्वोत्तर में लगभग 8,500 किलोमीटर थी, वहीं आज यह 14,000 किलोमीटर से अधिक हो चुकी है। अकेले मिजोरम में 1,500 किलोमीटर नई सड़कें बनीं। भारतमाला परियोजना के अंतर्गत दर्जनों नए पुल और सुरंगों ने दुर्गम पहाड़ी इलाकों की दूरी घटा दी है। रेलवे का ही उदाहरण लें। आज से पहले तक पूर्वोत्तर के कई राज्य भारतीय रेल मानचित्र पर नहीं थे। अरुणाचल प्रदेश, त्रिपुरा और मणिपुर की तरह अब मिजोरम भी इसमें शामिल हो गया है। यह ऐतिहासिक उपलब्धि केवल सुविधा का विस्तार नहीं बल्कि मनोवैज्ञानिक दृष्टि से भी महत्त्वपूर्ण है। वर्षों तक यह भावना गहरी रही कि दिल्ली पूर्वोत्तर से दूर है। मगर रेल, सड़क और हवाई कनेक्टिविटी ने इस दूरी को सच्चे अर्थों में घटाना शुरू किया है।

हवाई संपर्क का भी यही हाल है। 2014 तक पूर्वोत्तर में केवल 9 हवाई अड्डे संचालित थे, जो अब 17 हो चुके हैं। उड़ान योजना ने छोटे शहरों और दुर्गम क्षेत्रों तक हवाई सेवा पहुँचाई। प्रधानमंत्री ने अपने भाषण में संकेत दिया कि जल्द ही मिजोरम में हेलीकॉप्टर सेवाएँ शुरू होंगी, जिससे दूर-दराज़ के इलाकों तक पहुँचना आसान होगा। बिजली और ऊर्जा के मोर्चे पर भी तस्वीर बदली है। सौभाग्य योजना और 'पावर फॉर ऑल' कार्यक्रम के तहत लगभग हर घर तक बिजली पहुँची है। मिजोरम में जहाँ 2014 तक बिजली की पहुँच 70 प्रतिशत से कम थी, आज लगभग सार्वभौमिक हो चुकी है। उज्ज्वला योजना से 1.25 लाख से अधिक परिवारों को एलपीजी कनेक्शन मिले। यह बदलाव केवल आँकड़ों में नहीं बल्कि रोज़मर्रा के जीवन में महिलाओं के लिए राहत और स्वास्थ्य में सुधार के रूप में दिखता है। प्रधानमंत्री ने अपने भाषण में मिजोरम की युवा शक्ति का भी उल्?लेख किया। उन्होंने कहा कि राज्य प्रतिभाशाली युवाओं से भरा है और सरकार का काम उन्हें सशक्त बनाना है। यही कारण है कि यहाँ 11 एकलव्य आवासीय विद्यालय पहले ही बन चुके हैं और 6 और निर्माणाधीन हैं। इसके अतिरिक्त, लगभग 4,500 स्टार्टअप और 25 इनक्यूबेटर इस क्षेत्र में काम कर रहे हैं। यह आँकड़ा साबित करता है कि पूर्वोत्तर अब केवल उपभोक्ता नहीं बल्कि नवाचार का भी केंद्र बन सकता है। स्वास्थ्य सेवाओं में प्रधानमंत्री स्वास्थ्य सुरक्षा योजना और आयुष्मान भारत ने बड़ा असर डाला है। मिजोरम के लाखों परिवारों को अब मुफ्त इलाज की सुविधा उपलब्ध है। नए अस्पताल और मेडिकल कॉलेज निर्माणाधीन हैं। इसी तरह खेल अवसंरचना को भी प्राथमिकता दी जा रही है। यह क्षेत्र पहले ही भारत को मैरी कॉम और मीराबाई चानू जैसे विश्वस्तरीय खिलाड़ी दे चुका है। अब उनके नक्शेकदम पर चलने के लिए संस्थागत ढाँचा तैयार किया जा रहा है। आर्थिक दृष्टि से भी मिजोरम की सौगातें महत्?वपूर्ण हैं। पूर्वोत्तर औद्योगिक विकास योजना के तहत निवेशकों को कर छूट और प्रोत्साहन दिया जा रहा है। बांस आधारित उद्योगों को वैश्विक बाजार से जोड़ने की योजना पर काम हो रहा है। ÷वन डिस्ट्रिक्ट, वन प्रोडक्ट÷ कार्यक्रम ने जिलों की पारंपरिक हस्तकला और उत्पादों को नया बाजार दिया है। इससे स्थानीय युवाओं के लिए रोजगार के अवसर बढ़ेंगे। इन तमाम प्रयासों का व्यापक असर पूर्वोत्तर की मानसिकता पर दिख रहा है। कभी अलगाव और हिंसा के लिए चर्चित यह क्षेत्र अब संवाद और विकास की भाषा बोल रहा है। मोदी ने मिजोरम से जो संदेश दिया कि समस्याओं का समाधान संवाद और विकास दोनों से होता है, वह न केवल क्षेत्र के लिए बल्कि पूरे भारत के लिए महत्?व रखता है। क्योंकि जब सीमांत क्षेत्र मजबूत होते हैं तो राष्ट्र की एकता और सुरक्षा अधिक मजबूत होती है। क्योंकि पूर्वोत्तर सिर्फ सीमांत राज्य नहीं हैं बल्कि भारत के 'एक्ट ईस्ट' विजन के द्वार हैं। आज मिजोरम को मिली सौगातें केवल स्थानीय जनता के लिए राहत नहीं, वस्तुतः भारत की रणनीतिक, आर्थिक और सांस्कृतिक शक्ति का विस्तार भी हैं। यह वह प्रक्रिया है जिसके जरिए पूर्वोत्तर अब हाशिये से निकलकर भारत की मुख्यधारा का अभिन्न हिस्सा बन रहा है। आने वाले वर्षों में यही आत्मविश्वास अमृतकाल में प्रवेश करते भारत की प्रगति का आधार बनेगा। इसलिए यह कहा जा सकता है कि मिजोरम और पूर्वोत्तर के विकास की यह यात्रा भारत की एकता और प्रगति के लिए अनिवार्य है। आज जब देश अमृतकाल की ओर बढ़ रहा है, तब पूर्वोत्तर का हर गांव, हर शहर और हर नागरिक उसी मुख्यधारा में खड़ा दिखाई दे रहा है, जो भारत को 2047 तक विकसित राष्ट्र बनाने की दिशा में आगे ले जाएगा।

**स्वामी, मुद्रक व प्रकाशकः** जितेन्द्र सिंह द्वारा एवीबी रिप्रोग्राफिक्स ए-59 इण्डस्ट्रियल एरिया तालकटोरा लखनऊ से मुद्रित एवं कार्यालय 2/353, विशाल खण्ड-2 गोमती नगर लखनऊ (उ.प्र.) से प्रकाशित। **सम्पादक जितेन्द्र सिंह***
(इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु पी.आर.बी. एक्ट के तहत उत्तरदायी) समाचार से संबंधित सभी प्रकरण लखनऊ न्यायालय के अधीन ही मान्य होंगे। आरएनआई UPHIN/2013/55887
**संपादकीय एवं व्यवसायिक कार्यालय : 201-202 द्वितीय तल, रीजेन्सी प्लाजा, 5-पार्क रोड, सिविल अस्पताल के सामने, हजरतगंज, लखनऊ-226001, मो. 9305748833, 7985738649, 9451244788, 9554964672**
**For News :** samradhinewslko@gmail.com/samradhinews@gmail.com **For Official :** chiefeditorsamriddhinews@gmail.com

# अधिवक्ता पर जानलेवा हमले से आक्रोश

- अब तक पांच आरोपी गिरफ्तार, धरना स्थगित

**मोहम्मदी (खीरी), समृद्धि न्यूज।**



अधिवक्ता पर हुए जानलेवा हमले ने अधिवक्ता समाज को गहरे आक्रोश में ला दिया है। घटना के बाद पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए पहले तीन और शनिवार को दो और आरोपितों को गिरफ्तार कर लिया। इस तरह अब तक कुल पांच मुल्जिम पुलिस की गिरफ्त में आ चुके हैं। बावजूद इसके अधिवक्ताओं ने सभी आरोपितों की गिरफ्तारी और कठोर कार्रवाई की मांग को लेकर शुक्रवार को पूरे दिन तहसील परिसर में धरना-प्रदर्शन किया।

धरना बार एसोसिएशन अध्यक्ष कुलदीप सिंह के नेतृत्व में हुआ। अधिवक्ताओं ने कहा कि यह हमला केवल एक अधिवक्ता पर नहीं, बल्कि पूरी वकालत पेशे की स्वतंत्रता और सुरक्षा पर गंभीर चोट है। जब तक हमले में शामिल सभी आरोपित गिरफ्तार नहीं हो जाते, तब तक आंदोलन चरणबद्ध तरीके से जारी रहेगा। प्रभारी निरीक्षक इंद्रजीत सिंह ने बताया कि पुलिस लगातार दबिश दे रही है। कई आरोपित घर छोड़कर फरार हैं और उनके मकानों पर ताले मिले हैं। टीम गठित कर हर संभावित ठिकाने पर छापेमारी की जा रही है। उन्होंने आश्वस्त किया कि बचे हुए आरोपित भी शीघ्र ही सलाखों के पीछे होंगे। धरना समाप्त कराने के लिए विधायक लोकेन्द्र प्रताप सिंह को हस्तक्षेप करना पड़ा। उन्होंने अधिवक्ताओं को भरोसा दिलाया कि प्रशासन मामले में गंभीर है और दोषियों को किसी भी हाल में छोड़ा नहीं जाएगा। उनके आश्वासन के बाद बार एसोसिएशन ने फिलहाल धरना समाप्त किया। हालाँकि अधिवक्ताओं ने चेतावनी दी है कि यदि बुधवार तक सभी आरोपित गिरफ्तार नहीं होते हैं तो वे गुरुवार से पुनः धरना-प्रदर्शन शुरू करेंगे।

# जेल में बंद कैदी की इलाज के दौरान मौत

**मितौली (खीरी), समृद्धि न्यूज।**



- परिजनों का रो-रो कर बुरा हाल
- परिवार को समझाने में जुटे क्षेत्र के संभ्रांत नागरिक

जिला जेल में निरुद्ध कैदी सोनू पुत्र मंगू लाल की इलाज के दौरान मौत हो गई। शुक्रवार की शाम उसका शव पैतृक गांव ढखिया जाट पहुंचा तो परिवारजन गहरे शोक में डूब गए और अंतिम संस्कार से इंकार कर हंगामा करने लगे। बताया जाता है कि 28 अगस्त 2025 को मितौली थाना पुलिस ने सोनू को चोरी के आरोप में गिरफ्तार कर जेल भेजा था। पुलिस के अनुसार उसके पास से चोरी किया हुआ माल भी बरामद हुआ था। 11 सितंबर को उसकी तबीयत अचानक बिगड़ गई, जिसके बाद उसे जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया। हालत गंभीर होने पर डॉक्टरों ने उसे लखनऊ मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया, जहां उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई। शनिवार को शव गांव पहुंचने पर परिजन आक्रोशित हो गए और अंतिम संस्कार करने से मना कर दिया। सूचना पर पहुंचे एसओ मितौली रविंद्र सोनकर और मढ़िया चौकी इंचार्ज ने परिजनों व ग्रामीणों से शांति पूर्ण वार्ता की। करीब दो घंटे की समझाइश और क्षेत्र के संभ्रांत नागरिकों के सहयोग से परिजन मान गए। गमगीन माहौल में सोनू का अंतिम संस्कार कर दिया गया। परिवारजन का रो-रोकर बुरा हाल है और गांव में मातम छाया हुआ है।

# सोशल मीडिया पर भाजपा कार्यकर्ता को जातिसूचक गालियां

- पुलिस ने आरोपी पर आईटी एक्ट में दर्ज किया मुकदमा
- विधायक चाचा धर्मेंद्र गिरि मोंटी ने कोतवाली पहुंचकर की सख्त कार्रवाई की मांग

**गोला गोकर्णनाथ (लखीमपुर), समृद्धि न्यूज।** शहर की शिव कॉलोनी निवासी भाजपा कार्यकर्ता कपिल भारती के खिलाफ सोशल मीडिया पर की गई अभद्र व जातिसूचक टिप्पणी मामले में पुलिस ने आईटी एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। घटना को लेकर शुक्रवार शाम विधायक के चाचा धर्मेंद्र गिरि मोंटी अपने समर्थकों संग कोतवाली पहुंचे और दोषी के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की मांग की।

भाजपा कार्यकर्ता कपिल भारती ने बताया कि शुक्रवार दोपहर लगभग 2 बजे, हैदराबाद थाना क्षेत्र के ग्राम ममरी निवासी माही वर्मा ने अपनी फेसबुक आईडी से उनके खिलाफ अभद्र भाषा में अपमानजनक एवं जातिसूचक टिप्पणियां पोस्ट कीं। यह पोस्ट कई लोगों द्वारा देखी गई, जिससे सामाजिक माहौल भी प्रभावित हुआ। घटना की जानकारी होते ही धर्मेंद्र गिरि मोंटी अपने समर्थकों के साथ कोतवाली पहुंचे और मामले को दलित उत्पीड़न की गंभीर श्रेणी में लेते हुए त्वरित कार्रवाई की मांग की। पुलिस ने मामले की गंभीरता को देखते हुए आईटी एक्ट के तहत माही वर्मा के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली है। पुलिस का कहना है कि जांच के बाद आवश्यकतानुसार अन्य धाराएं भी जोड़ी जा सकती हैं।

## खबरें एक नजर में

### जगन्नाथपुरी के लिए तीर्थ यात्रियों का जत्था रवाना



**सादुल्लानगर/बलरामपुर, समृद्धि न्यूज।** धार्मिक उत्साह और भक्ति भाव से ओत-प्रोत श्रद्धालुओं का जत्था शनिवार को गाजे-बाजे के साथ जगन्नाथ पुरी (उड़ीसा) के लिए रवाना हुआ। सादुल्लानगर, अचलपुर चौधरी, मद्दोभट्टा,रामपुर अरना, घासीपोखरा सहित आसपास के गांवों से बड़ी संख्या में श्रद्धालु इस यात्रा में शामिल हुए। सादुल्लानगर से रवाना हुए तीर्थ यात्रियों को बस के माध्यम से विदा किया गया। रवाना होने से पूर्व राधेश्याम गुप्ता, विष्णु गुप्ता, राम लोटन गुप्ता, रामबहोर वर्मा, रमेश गुप्ता प्रधान, दीपचंद जायसवाल आदि ने श्रद्धालुओं का तिलक कर, माला पहनाकर एवं पुष्प वर्षा कर स्वागत व सम्मान किया। घनश्याम महाराज ने बताया कि यात्रा दल सबसे पहले अयोध्या पहुंचेगा, जहां सरयू नदी में स्नान एवं रामलला के दर्शन-पूजन किए जाएंगे। इसके बाद यात्रा काशी विश्वनाथ के दर्शन हेतु वाराणसी होते हुए उड़ीसा के जगन्नाथ पुरी पहुंचेगी। करीब 15 दिन तक चलने वाली इस पवित्र यात्रा के उपरांत श्रद्धालु वापस लौटकर भंडारे का आयोजन करेंगे।

### सीनियर स्टेट सेपक टाकरा चैंपियनशिप में लखीमपुर खीरी की बेटियों का जलवा, ग्रुप के सभी मुकाबले जीते




**गोला गोकर्णनाथ (लखीमपुर खीरी), समृद्धि न्यूज।** बरेली के स्पोर्ट्स स्टेडियम में आयोजित 20वीं सीनियर राज्य स्तरीय सेपक टकरॉ चैंपियनशिप में लखीमपुर खीरी की महिला टीम ने अपने ग्रुप के सभी मुकाबलों में शानदार जीत दर्ज कर जिले का नाम रोशन किया। बेटियों के दमदार प्रदर्शन ने खेल प्रेमियों का दिल जीत लिया। टीम की कप्तान मनीषा कुमारी के नेतृत्व में खिलाड़ियों ने बेहतरीन तालमेल और खेल भावना का परिचय दिया। टीम में शामिल डॉली, शिवानी कनौजिया, समरीन, प्रीति मौर्य और बंधन कश्यप ने अपने-अपने प्रदर्शन से दर्शकों की खूब तालियां बटोरीं। टीम के कोच खेम सिंह और मैनेजर धर्म सिंह ने खिलाड़ियों को प्रतियोगिता के लिए बेहतर प्रशिक्षण और मार्गदर्शन दिया, जिसका असर मैदान में साफ तौर पर देखने को मिला। जिला सेपक टकरॉ संघ के सचिव एवं प्रदेश संयुक्त सचिव तान सिंह ने टीम को बधाई देते हुए कहा कि, फ्रखिलाड़ियों ने अनुशासन, मेहनत और समर्पण के साथ खेल कर जिले का मान बढ़ाया है। यह जीत जिले के लिए गर्व की बात है। पुरुष टीम ने भी लीग मुकाबलों में अच्छा प्रदर्शन किया है और आगे के मैचों में बेहतर परिणाम की उम्मीद की जा रही है। लखीमपुर खीरी की महिला सेपक टकरॉ टीम की यह जीत सिर्फ एक ट्रॉफी नहीं, बल्कि आने वाली पीढ़ियों के लिए प्रेरणा है। अगर इसी प्रकार का प्रदर्शन जारी रहा, तो निकट भविष्य में यह टीम राष्ट्रीय स्तर पर भी जिले का नाम रोशन कर सकती है।

### मकान के गेट का ताला काटकर ज्वेलरी व नगदी समेत लाखों की चोरी

**फरधान खीरी, समृद्धि न्यूज।** बीतीरात फरधान थाना क्षेत्र नेशनल हाईवे पर स्थिति रुकुंदीपुर गांव के एक मकान के गेट का ताला काटकर मेडिकल और घर से 55 हजार की नगदी सहित लाखों की ज्वेलरी की चोरी हुई। यह घटना जिस समय हुई उस समय पुलिस मात्र मकान से मात्र 50 मीटर की दूरी पर बैंक की सुरक्षा में खड़ी थी। ग्रामीणों और पुलिस के आने पर चोर मकान के पीछे गन्ने के में भाग गये। पीड़ित ने पुलिस को तहरीर दे दी है। फरधान थाना क्षेत्र मन्यौरा गांव निवासी डा0 शिवांग वर्मा पुत्र प्रेम सागर वर्मा परिवार सहित रुकुंदीपुर चौराहे पर मकान बनाकर निवास करते हैं। इसी मकान में होम्योपैथिक दवा का मेडिकल करते और प्रेक्टिस भी करते हैं। बीती रात परिवार सहित लखीमपुर किसी रिश्तेदारी में गये थे। घर में सब ताले पड़े थे। चोर मकान पर आ धमके सबसे पहले सदर गेट का ताला काटकर अंदर पहुंचे और मेडिकल रैक को तोड़कर उसमें रखे 50 हजार रुपये निकाले। इसके बाद चोर दूसरी रैक में से एक डेढ़ तौले की सोने की चैन निकाली। घर के दो मंजिला पर ऊपर कमरे का ताला काटकर चांदी की बिछिया, सोने झाले एक जोड़ और करीब 2000 रुपये पार कर लिए हैं। मकान का इन्वर्टर और बैटरी निकालकर घर बाहर एक खोखे के पास रख दिया। घर की बाहर से लेकर अंदर तक सभी लाइट बंदकर दी। इसी दौरान गृहस्वामी परिवार सहित आ गये। घर के बाहर के सब बल्ब बंद फ्रीज की बोतले सड़क किनारे पड़ी, घर का इन्वेटर बैटरा रोड के किनारे रखा देख दंग रह गये। तुरंत मकान से थोड़ी दूर बैंक पास पुलिसकर्मी खड़े थे। पीड़ित ने उनको बताया। पास पड़ोस को जगाया जब मकान पर गये तो घर से भागते हुए दिखे। ग्रामीणों ने पीछा किया लेकिन चोर अंधेरे का फायदा लेते हुए मकान के पीछे गन्ने के खेत में भाग गये। पीड़ित ने पुलिस को तहरीर दे दी है। प्रभारी निरीक्षक दयाशंकर द्विवेदी ने बताया हल्का दरोगा को मौके पर भेजकर जांच कराई है उचित कार्रवाई की जाएगी।

# मैगलगंज थाना समाधान दिवस सम्पन्न

- 10 में से पांच प्रार्थना पत्रों का मौके पर निस्तारण

**मैगलगंज (खीरी), समृद्धि न्यूज।**



थाना समाधान दिवस के तहत शनिवार को मैगलगंज थाने में लोगों की समस्याएं सुनी गईं। कार्यक्रम की अध्यक्षता उपजिलाधिकारी मितौली मधुसूदन गुप्ता ने की। समाधान दिवस में क्षेत्रीय नागरिकों ने अपनी विभिन्न शिकायतों को लेकर कुल 10 प्रार्थना पत्र प्रस्तुत किए। इनमें से 5 प्रार्थना पत्रों का निस्तारण मौके पर ही कर दिया गया, जबकि शेष 5 प्रार्थना पत्रों पर कार्रवाई के लिए राजस्व और पुलिस की संयुक्त टीम गठित कर मौके पर रवाना किया गया।

कार्यक्रम में आए नागरिकों ने भूमि विवाद, पुलिस कार्रवाई और राजस्व संबंधी मामलों से जुड़े प्रार्थना पत्र सौंपे। अधिकारियों ने सुनवाई करते हुए जिन मामलों का निस्तारण तुरंत संभव था, उन्हें वहीं पर निपटा दिया। इससे फरियादियों को त्वरित राहत मिली और लोगों ने समाधान दिवस की व्यवस्था को सराहा। जो प्रार्थना पत्र मौके पर निस्तारित नहीं हो सके, उन पर गंभीरता से कार्रवाई के निर्देश दिए गए। राजस्व और पुलिस की संयुक्त टीम को मौके पर भेजा गया, ताकि वास्तविक स्थिति देखकर समस्याओं का निस्तारण किया जा सके।

समाधान दिवस के दौरान एसआई राजपाल सिंह, कानूनगो जितेंद्र सिंह चंदेल, लेखपाल सौरभ राय, राम किशोर, राजकुमार, सुशील कुमार, अरुण चौधरी और रवी सिंह समेत कई विभागीय अधिकारी मौजूद रहे।

# सेवा पखवाड़ा अभियान की तैयारी में जुटा भाजपा मण्डल मैलानी

- विधायक अमन गिरि के फार्म हाउस पर हुई कार्यशाला
- रक्तदान, स्वच्छता व सेवा कार्यों पर रहेगा विशेष जोर

**गोला गोकर्णनाथ (लखीमपुर), समृद्धि न्यूज।**



भाजपा मण्डल मैलानी की ओर से सेवा पखवाड़ा अभियान (17 सितम्बर से 2 अक्टूबर) की तैयारी को लेकर एक विशेष कार्यशाला का आयोजन स्थानीय विधायक अमन गिरि के फार्म हाउस पर किया गया। इस कार्यशाला में पार्टी पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं ने आगामी सेवा गतिविधियों की रूपरेखा तय की।कार्यशाला के मुख्य अतिथि भाजपा जिला मंत्री रामआसरे कनौजिया ने बताया कि सेवा पखवाड़ा के तहत रक्तदान शिविर, अस्पतालों में सेवाभावी कार्यक्रम, और स्वच्छता अभियान सहित कई जनकल्याणकारी गतिविधियों का आयोजन किया जाएगा। उन्होंने कार्यकर्ताओं से इन कार्यों में सक्रिय सहभागिता की अपील की। विधायक अमन गिरि ने कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा, भाजपा देश का एकमात्र ऐसा दल है, जो समाज के अंतिम पंक्ति में खड़े व्यक्ति के कल्याण के लिए प्रतिबद्ध है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की दूरदर्शी सोच के कारण भारत आज आर्थिक, सामाजिक और वैश्विक स्तर पर नई ऊंचाइयों की ओर बढ़ रहा है।÷ कार्यशाला का संचालन मण्डल मंत्री अमित मिश्रा ने किया, जबकि मण्डल अध्यक्ष संजीव वर्मा ने सभी उपस्थित जनों के प्रति आभार व्यक्त किया।

इस अवसर पर महामंत्री एवं अभियान संयोजक मिथिलेश मिश्र, रमन सोनी, राजेश राठौर, महिला मोर्चा जिलाध्यक्ष मंजूलता, सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता और पदाधिकारी उपस्थित रहे।

# शिक्षक सम्मान समारोह में गूंजा गुरु वंदन

**गोला गोकर्णनाथ (लखीमपुर), समृद्धि न्यूज।**



- 22 विद्यालयों के 242 शिक्षक हुए सम्मानित
- न्यू चिल्ड्रेंस वेलफेयर सोसाइटी ने सांई मैरिज लॉन में किया भव्य आयोजन

न्यू चिल्ड्रेंस वेलफेयर सोसाइटी की ओर से शनिवार को साईं मैरिज लॉन में शिक्षक सम्मान समारोह का भव्य आयोजन किया गया। समारोह में नगर के 22 विद्यालयों के कुल 242 शिक्षकों और शिक्षिकाओं को प्रशस्ति-पत्र एवं स्मृति चिन्ह प्रदान कर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता वरिष्ठ शिक्षक बेनीराम श्रीवास्तव ने की, जबकि मुख्य अतिथि के रूप में प्रदेश व्यापार मंडल के अध्यक्ष नानक चंद वर्मा मौजूद रहे। समारोह की शुरुआत मां सरस्वती पूजन-अर्चन एवं डॉ. सर्वपल्ली राधाकृष्णन के चित्र पर माल्यार्पण के साथ हुई। इसके उपरांत शिक्षिका नीलम तिवारी द्वारा प्रस्तुत की गई सरस्वती वंदना ने माहौल को भक्तिमय बना दिया।

मुख्य अतिथि नानक चंद वर्मा ने कहा, शिक्षक केवल ज्ञान नहीं देता, वह समाज को दिशा देने वाला दीप स्तंभ है। शिक्षक राष्ट्र निर्माण की आधारशिला होते हैं। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे बेनीराम श्रीवास्तव ने शिक्षकों को समाज का दर्पण बताते हुए उनके योगदान को अमूल्य कहा।

विशिष्ट अतिथि डॉ. सौरभ दीक्षित ने कहा, एक शिक्षक अपने शिष्य को आकार देने वाला मूर्तिकार होता है, जो भावी पीढ़ी की नींव रखता है।÷ वहीं डॉ. सुमेघा पटेल ने शिक्षक को समाज का सबसे बड़ा स्तंभ बताते हुए कहा कि, मां पहली गुरु होती है, पर शिक्षक जीवन का मार्गदर्शक बनता है। इस दौरान कनक तिवारी द्वारा प्रस्तुत ओजस्वी वक्तव्य ने सभी को प्रेरित किया। समारोह में ग्लोबल इंटर कॉलेज, श्री बाबूराम बाल उद्यान, आदर्श सरस्वती बाल विद्या मंदिर, इंडियन हेरिटेज एकेडमी, कामधेनु विद्या निकेतन, आदर्श भारती विद्यालय, मदरसा रहबरे हिंद, एसडी इंटरनेशनल स्कूल, ब्राइट पब्लिक एकेडमी एवं सेंट मैरी पब्लिक स्कूल जैसे प्रमुख विद्यालयों के शिक्षक-शिक्षिकाओं को सम्मानित किया गया।

समिति अध्यक्ष आलोक तिवारी ने डॉ. राधाकृष्णन के जीवन एवं उनके शैक्षिक योगदान पर विस्तृत व्याख्यान प्रस्तुत किया। उन्होंने सभी अतिथियों को स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया। कार्यक्रम का संचालन समिति के कोषाध्यक्ष महेंद्र वर्मा ने कुशलता से किया। अंत में अध्यक्ष आलोक तिवारी ने सभी आगंतुकों एवं सहभागियों के प्रति आभार व्यक्त करते हुए समारोह के समापन की घोषणा की।

# उ.प्र. में इलेक्ट्रो होम्योपैथिक बोर्ड गठन की मांग तेज, विधायक को सौंपा ज्ञापन

**गोला गोकर्णनाथ, (लखीमपुर), समृद्धि न्यूज।**



उत्तर प्रदेश में इलेक्ट्रो होम्योपैथिक चिकित्सा पद्धति को सरकारी मान्यता दिलाने और बोर्ड गठन की मांग को लेकर चिकित्सकों ने दबाव तेज कर दिया है। बोर्ड ऑफ इलेक्ट्रो होम्योपैथिक मेडिसिन उत्तर प्रदेश के अध्यक्ष डॉ. मोहम्मद हाशिम इदरीसी के निर्देश पर गोला विधायक अमन गिरी को जिला महामंत्री डॉ. देवेश त्रिवेदी के नेतृत्व में एक ज्ञापन सौंपा गया। इस दौरान आशुतोष सिंह, अविनाश मिश्रा, राजेश वर्मा, मुनेंद्र पाल सिंह सहित अन्य चिकित्सक मौजूद रहे। चिकित्सकों ने मांग की कि राजस्थान सरकार की तर्ज पर उत्तर प्रदेश में भी इलेक्ट्रो होम्योपैथिक का सरकारी बोर्ड गठित किया जाए। राजस्थान में वर्ष 2018 में विधेयक पारित कर 1 मई 2025 से बोर्ड प्रभावी किया गया, जिसकी देशभर में सराहना हो रही है। ज्ञापन में यह भी बताया गया कि इलेक्ट्रो होम्योपैथिक पद्धति 1975 से देश में चिकित्सा सेवा में कार्यरत है, और यह उत्तर प्रदेश शासन व भारत सरकार के आदेशों के तहत मान्यता प्राप्त ढंग से शिक्षा, पंजीकरण, अनुसंधान और विकास के क्षेत्र में काम कर रही है। हाल ही में इस पद्धति ने 24 अप्रैल 2025 को स्वर्ण जयंती समारोह भी मनाया।

प्रदेशभर में विधायकों व सांसदों को ज्ञापन सौंपे जा रहे हैं ताकि सरकार इलेक्ट्रो होम्योपैथिक बोर्ड गठन पर शीघ्र निर्णय ले।

# आमजन मानस के लिए वरदान सावित हो रही सीएचसी उतरौला

**उतरौला (बलरामपुर), समृद्धि न्यूज।** लगातार प्रचंड धूप के बाद भादों का महीना राहत की बारिश लेकर आया। बारिश से जहां किसानों के चेहरे खुशी से खिले, वहीं आमजन मानस के लिए यह मौसम बीमारियों की सौगात भी लेकर आया है। दिन में धूप और उमस से गर्मी तो शाम को बारिश के बाद ठंडक—इस तरह का बदलता मौसम सर्दी-जुकाम और बुखार जैसी मौसमी बीमारियों का बड़ा कारण बन रहा है।

इसका असर साफ तौर पर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र (सीएचसी) उतरौला में देखा जा रहा है, जहां मरीजों की संख्या लगातार बढ़ रही है। बीते दिनों से यहां बड़ी संख्या में लोग सर्दी, जुकाम, वायरल बुखार और बदन दर्द की शिकायत लेकर इलाज कराने पहुंचे हैं। अधिकांश मरीज बुखार से पीड़ित हैं। यही स्थिति उतरौला बाजार के निजी अस्पतालों और क्लीनिकों की भी है, जहां तीमारदार अपने मरीजों का इलाज कराने के लिए भारी-भरकम खर्च उठाने को मजबूर हैं।

वहीं, दूसरी ओर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र उतरौला मरीजों और तीमारदारों के लिए संजीवनी साबित हो रहा है। अधीक्षक डॉ. चंद्र प्रकाश सिंह के नेतृत्व में डॉक्टरों और स्वास्थ्यकर्मियों की पूरी टीम लगातार मरीजों की सेवा में जुटी हुई है। यहां इलाज न केवल प्रभावी ढंग से किया जा रहा है, बल्कि अधिकतर दवाएं अस्पताल से ही मरीजों को उपलब्ध करा दी जा रही हैं। इससे मरीजों और उनके परिजनों को दवा व महंगी जांचों पर होने वाला अनावश्यक खर्च नहीं उठाना पड़ रहा है।

निजी अस्पतालों में जहां मामूली बुखार या जुकाम के नाम पर भी हजारों रुपये खर्च कराए जा रहे हैं, वहीं सीएचसी उतरौला की व्यवस्था गरीब और मध्यमवर्गीय परिवारों के लिए राहत लेकर आई है। यहां दवा वितरण व्यवस्था और डॉक्टरों का सहयोग मरीजों को संतोषजनक लग रहा है। इस संबंध में बातचीत के दौरान



अधीक्षक डॉ. चंद्र प्रकाश सिंह ने बताया कि, मौसम में तेजी से बदलाव के कारण वायरल फीवर और सर्दी-जुकाम के मरीजों की संख्या अचानक बढ़ गई है। हमारी पूरी टीम चौबीसों घंटे मरीजों की देखभाल कर रही है। अस्पताल में अधिकतर जरूरी दवाएं उपलब्ध हैं और उन्हें निःशुल्क दिया जा रहा है। साथ ही गंभीर मरीजों को समय पर उचित उपचार और आवश्यकता पड़ने पर रेफर की भी व्यवस्था की जा रही है।

इलाज कराने आए रामलाल (बक्सरिया) ने बताया कि मुझे तेज बुखार था, पहले मैं एक निजी क्लिनिक गया था जहाँ 2000 रुपये से ज्यादा खर्च हो गए। लेकिन जब यहाँ आया तो मुफ्त दवा और टेस्ट से मुझे राहत मिली।

कमरुद्दीन अंसारी (कस्बा उतरौला) ने कहा कि बच्चे को लगातार खाँसी-जुकाम हो रहा था, डर लगा कहीं डेंगू न हो। यहाँ डॉक्टर ने तुरंत जाँच की और दवा दी, जिससे अब हालत बेहतर है।

वहीं मरीज के तीमारदार रीना देवी ने कहा – निजी अस्पताल में हर टेस्ट के पैसे लिए जाते हैं, लेकिन यहाँ बिना पैसा खर्च किए सबकुछ मिल रहा है। यह गरीबों के लिए सच में वरदान है।

बरसात के इस मौसम में जहाँ बीमारियों ने लोगों को जकड़ रखा है, वहीं सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र उतरौला अपनी सेवाओं और निःशुल्क सुविधाओं के चलते मरीजों के लिए जीवनदायिनी साबित हो रहा है।

# चौधरी राम तीरथ इंटर कालेज में कार्यशाला का आयोजन



**बलरामपुर, समृद्धि न्यूज।** गोमडीआज दिनांक 13 अगस्त 2025 दिन शनिवार को विधानसभा बलरामपुर सदर के अंतर्गत गुमड़ी मंडल* में स्थान चौधरी राम तीरथ कन्या इंटर कॉलेज गौर खास में मेरे अध्यक्षता में *सेवा पखवाड़ा* के अंतर्गत मंडल कार्यशाला* आयोजित की गई। उक्त कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में पूर्व जिला अध्यक्षा/मंडल प्रभारी गुमड़ी मंजू तिवारी तथा विशिष्ट अतिथि के रूप में ब्लॉक प्रमुख दत्तगंज हेमंत जयसवाल तथा मंडल के दोनों मंडल महामंत्री राजेश भारती एवं विजय बहादुर श्रीवास्तव (टिंकू) जी एवं मंडल के पदाधिकारी गण,शक्ति केंद्र संयोजक बंधु तथा बूथ अध्यक्ष एवं अन्य भाजपा के वरिष्ठ कार्यकर्ता उपस्थित थे।

# मोटर साइकिल की चोरी करने वाला अपराधी गिरफ्तार

- कब्जे से तीन अदद मोटर साइकिल व एक अदद मोबइल बरामद

**बलरामपुर, समृद्धि न्यूज।**



दिनांक 20.08.2025 को वादी आत्माराम यादव पुत्र जगजीवन यादव नि0 साधूपुरवा मध्यनगर पकरैला थाना ललिया जनपद बलरामपुर द्वारा थाना ललिया पर लिखित तहरीर दी गई कि दिनांक 16.08.2025 की रात्रि में अज्ञात व्यक्ति द्वारा एक मोटरसाइकिल स्पलेन्डर जिसका रजि0 नम्बर UP-47-AD 5988 व 01 अदद मोबाइल फोन (टेक्नो) चोरी कर लिया गया है, जिसके सम्बंध में थाना स्थानीय पर मु0अ0सं0- 93/2025 धारा 303(2)/317(2)/318(4)/336(3)/340(2) बीएनएस बनाम अज्ञात पंजीकृत किया गया।

पुलिस अधीक्षक बलरामपुर विकास कुमार द्वारा थाना ललिया क्षेत्रांतर्गत हुई उक्त चोरी की घटना के सफल अनावरण व अभियुक्त की गिरफ्तारी हेतु दिये गये निर्देश के क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक विशाल पाण्डेय व क्षेत्राधिकारी ललिया डॉ0 जितेन्द्र कुमार के कुशल पर्यवेक्षण में तथा थानाध्यक्ष सत्येन्द्र वर्मा के नेतृत्व मे- थानाध्यक्ष ललिया सत्येन्द्र वर्मा, उ0नि0 ब्रम्हान्नद चौधरी मय हमराह द्वारा थाना स्थानीय पर पंजीकृत मु0अ0सं0- 93/2025 धारा 303(2)/317(2)/318(4)/336(3)/340(2) बीएनएस से संबंधित प्रकाश में आये अभियुक्त नियाज अहमद उर्फ नादिल उर्फ नागराज पुत्र मकसूद नाऊ नि0 सुआवपुल के पास भगवतीगंज थाना को0 नगर जनपद बलरामपुर को सिकटिहवा के पास पुलिया तिराहे से चोरी किये गये 03 अदद मोटरसाइकिल रजिस्ट्रेशन नंबर UP-47-AD 5988 2. UP 47 K 8435 3. बजाज प्लेटिना (बिना नम्बर प्लेट) के साथ गिरफ्तार किया गया । गिरफ्तार अभियुक्त उपरोक्त को न्यायालय रवाना किया जा रहा है ।

# मोबाइल के बदले बर्तन का कारोबार निजता व सुरक्षा पर मंडराता खतरा

**उतरौला (बलरामपुर), समृद्धि न्यूज।**

शहर और आसपास के ग्रामीण इलाकों में इन दिनों मोबाइल के बदले बर्तन का अनोखा कारोबार तेजी से फैल रहा है। इस व्यापार में पुराने, खराब या डेड मोबाइल फोन के बदले स्टील के बर्तन दिए जा रहे हैं। लोग यह सोचकर अपने फोन दे रहे हैं कि खराब मोबाइल का अब कोई उपयोग नहीं है, जबकि यह नासमझी गंभीर खतरा साबित हो सकती है।

तकनीकी विशेषज्ञों का कहना है कि आज के स्मार्टफोन में डाटा इंटरनल फ्लैश मेमोरी (ROM/Storage chip) में सुरक्षित रहता है। मोबाइल बंद या डेड होने पर भी उसमें मौजूद फोटो, वीडियो, बैंकिंग जानकारी, व्हाट्सऐप चैट और अन्य निजी दस्तावेज आसानी से रिकवर किए जा सकते हैं। यही नहीं, इस डाटा का इस्तेमाल बाद में ब्लैकमेलिंग, साइबर ठगी और निजता से जुड़े अपराधों में किया जा सकता है।

साइबर सुरक्षा विशेषज्ञों की सलाह है कि कोई भी व्यक्ति अपना पुराना या खराब मोबाइल किसी अनजान व्यक्ति को न दे। यदि बेचना आवश्यक हो, तो पहले डिवाइस को पूरी तरह फॉर्मेट करें और बेहतर होगा कि स्टोरेज चिप को नष्ट कर दें।

स्थानीय नागरिकों ने प्रशासन और साइबर सेल से मांग की है कि इस संदिग्ध कारोबार की गहराई से जांच की जाए और दोषियों पर सख्त कार्रवाई हो, ताकि लोगों की निजता और आर्थिक सुरक्षा सुरक्षित रह सके।

# उतरौला नगर पालिका का अभियान : आवारा मवेशियों पर सख्ती, सात गोवंश भेजे गए गोशाला

**उतरौला (बलरामपुर), समृद्धि न्यूज।**



नगर की सड़कों पर आवारा मवेशियों से हो रही परेशानियों को देखते हुए उतरौला नगर पालिका परिषद ने शनिवार को विशेष अभियान चलाया। नगर पालिका कर्मचारियों की टीम ने उतरौला-बलरामपुर मार्ग से 7 आवारा गौवंश पकड़कर गोशाला भेजे। अधिकारियों ने बताया कि सभी मवेशियों की देखभाल के लिए गोशाला में चारे और पानी की समुचित व्यवस्था की गई है।

नगर पालिका अध्यक्ष प्रतिनिधि ने स्पष्ट किया कि सड़कों पर मवेशी छोड़ने वाले पशु मालिकों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। लापरवाह मालिकों से न केवल जुर्माना वसूला जा रहा है, बल्कि मवेशियों के चारे-पानी का खर्च भी उन्हीं से लिया जाएगा। टीम ने अभियान के दौरान कई पशु मालिकों को चेतावनी दी और दोहराया कि अगली बार मवेशी खुला छोड़ने पर अधिक जुर्माना लगाया जाएगा।

स्थानीय लोगों का कहना है कि आए दिन आवारा पशु सड़कों पर घूमते रहते हैं, जिससे जाम और दुर्घटनाओं का खतरा बढ़ जाता है। नगर पालिका का यह कदम आमजन को राहत देने वाला है। अधिकारियों ने नागरिकों से अपील की कि वे अपने मवेशियों को खुले में न छोड़ें और गोशाला में पंजीकरण कराएं, ताकि शहर की सड़कों को सुरक्षित और स्वच्छ रखा जा सके।

# निजी व सहायता प्राप्त महाविद्यालयों की मान्यता व प्रवेश प्रक्रिया की होगी जांच

**बलरामपुर, समृद्धि न्यूज।** निजी एवं सहायता प्राप्त महाविद्यालयों की मान्यता एवं प्रवेश प्रक्रिया की जांच के संबंध में बैठक डीएम श्री पवन अग्रवाल की अध्यक्षता में संपन्न हुई। बैठक में डीएम ने कहा की सभी निजी एवं सहायता प्राप्त महाविद्यालयों के प्रबंधक महाविद्यालय मान्यता एवं कोर्स वार मान्यता के डॉक्यूमेंट की अटेस्टेड तथा प्रवेश प्रक्रिया की अटेस्टेड डॉक्यूमेंट निर्धारित फॉर्मेट पर दे दें। सभी डॉक्यूमेंट को पब्लिक डोमेन पर अपलोड किया जाएगा। उन्होंने कहा कि तहसील स्तर पर एसडीएम, सीओ एवं खंड शिक्षा अधिकारी की गठित टीम द्वारा निजी एवं सहायता प्राप्त महाविद्यालयों की मान्यता एवं प्रवेश प्रक्रिया की जांच की जाएगी। इस दौरान एडीएम न्यायिक, समस्त एसडीएम, सीओ व बेसिक शिक्षा अधिकारी व अन्य संबंधित अधिकारी / कर्मचारीगण उपस्थित रहे।

# पात्रों को समय से मिल जाये दिव्यांग विधवा पेंशन : केशव

▸ दिव्यांगजनों को ट्राईसाइकिल देकर समूह की दीदियो को प्रशस्ति पत्र देकर किया वितरित

**उन्नाव, समृद्धि न्यूज।**

प्रदेश के उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने जनपद में पहुंचकर विकास भवन सभागार में जनपद के प्रशासनिक अधिकारियों के साथ विकास कार्यों की समीक्षा की। इस अवसर पर उपमुख्यमंत्री ने किसानों को उर्वरक की उपलब्धता, किसान सम्मान निधि, आयुष्मान कार्ड, प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत दिए जाने वाले आवास, धान खरीद, बृद्धा दिव्यांग महिला पेंशन, निर्वाध विद्युत आपूर्ति, बेसिक शिक्षा, स्वास्थ्य सुविधाएं, जल जीवन मिशन, राशन वितरण, शिकायतों के निस्तारण सहित अन्य महत्वपूर्ण बिंदुओं पर समीक्षा कर आवश्यक दिशा निर्देश दिए। उपमुख्यमंत्री ने जनपद की समितियों में उर्वरक की उपलब्धता की समीक्षा करते हुए कहा कि समितियां में सभी किसानों को सामान्य तरीके से उर्वरक दिया जाए, किसी के साथ भेदभाव ना हो यदि कोई भी दिक्कत आ रही है तो उसका निराकरण कर लिया जाये। उपमुख्यमंत्री ने कहा कि तहसील स्तर उप जिलाधिकारी और क्षेत्राधिकारी खंड विकास अधिकारी प्रतिमाह बैठक करें जो जनप्रतिनिधियों की शिकायतें हैं उनका निराकरण करें जो तहसील स्तर पर शिकायत का निस्तारण नहीं हो सकता है उसका जिला स्तर पर करें। उपमुख्यमंत्री ने




कहा कि आइजीआरएस और मुख्यमंत्री हेल्पलाइन की शिकायतों का निस्तारण गुणवत्तापूर्ण किया जाए जिला स्तरीय अधिकारियों से सत्यापन कराया जाए। उपमुख्यमंत्री ने मिड डे मील में मशरूम दिए जाने, निर्विवाद उत्तराधिकार में जनपद नंबर वन होने, पैमाइश का कोई भी पुराना केस लंबित न होने पर, जिलाधिकारी की सराहना कर बधाई दिया। कहा कि सीमांकन पत्थर गड़ी पैमाइश के जो आदेश दिए गए हैं उनका अनुपालन कराया जाए। जो भी बृद्धा दिव्यांग विधवा पेंशन के लाभार्थी है सभी को समय से पेंशन मिल जाए। दिव्यांग जनों को मुख्यमंत्री आवास योजना का लाभ दिया जाए। विकास भवन में समीक्षा बैठक के बाद उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने सांसद डा. सच्चिदानंद हरि साक्षी महाराज के आवासीय परिसर मे स्थापित शहीद गुलाब सिह लोधी की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया और परिसर में एक पेड़ मां के नाम पर वृक्षारोपण किया। इस अवसर पर उपमुख्यमंत्री ने दिव्यागजनों को ट्राईसाइकिल वितरण, समूहो की दीदियो को प्रशस्ति पत्र वितरित किये। ततपश्चात गर्भवती महिलाओं की गोद भराई की व नवजात बच्चों को अन्नप्रासन कर बच्चों के उत्तम स्वास्थ्य की कामना किया। उप मुख्यमंत्री ने शहीद गुलाब सिंह लोधी के प्रति अपनी भावपूर्ण आत्मिक श्रद्धांजलि अर्पित कर स्वतंत्रता आंदोलन में उनके योगदान की सराहना किया।

# विधायक व पूर्व ब्लाक प्रमुख ने किया विकास कार्यों का लोकार्पण



**हैदरगढ़ बाराबंकी समृद्धि न्यूज़।**

विकासखंड त्रिवेदीगंज अंतर्गत 35 लाख रुपए की लागत से निर्मित विभिन्न ग्राम पंचायत में बने इंटरलॉकिंग मार्गों का क्षेत्रीय विधायक दिनेश रावत एवं पूर्व ब्लाक प्रमुख सुनील सिंह द्वारा फीता काटकर ग्राम वासियों को समर्पित किया गया।

इस अवसर पर विधायक दिनेश रावत ने कहा कि केंद्र व प्रदेश सरकार द्वारा शहरों के साथ-साथ ग्रामीण क्षेत्रों में भी निरंतर विकास कार्य किया जा रहे हैं। पूर्व ब्लॉक प्रमुख सुनील सिंह ने कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों में होने वाले विकास कार्य के प्रति सरकार पूरी तरह प्रतिबद्ध है सरकार गांवों के समग्र विकास के लिए निरंतर कार्य कर रही है। उद्घाटन अवसर पर प्रमुख रूप से मंडल अध्यक्ष मोहित मिश्रा पूर्व मंडल अध्यक्ष प्रहलाद शरण जायसवाल महामंत्री संतोष श्रीवास्तव जगत सिंह जिला प्रतिनिधि अतुल सिंह रावत बृजेश रावत सहित पार्टी पदाधिकारी कार्यकर्ता एवं ग्रामवासी उपस्थित रहे।

## दहेज न मिलने पर युवक ने रचाई दूसरी शादी

**जैदपुर-बाराबंकी।** दहेज के लोभी एक पति ने दहेज में एक लाख रुपए व सोने की चैन न मिलने से दूसरी शादी कर ली, पहली पत्नी ने जैदपुर थाने में शिकायत कर कार्यवाही करने की मांग की है।, जैदपुर पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू दी है। जानकारी के अनुसार प्रिती पुत्री रामनरेश ग्राम तुनिहा थाना कोठी ने जैदपुर थाने में शिकायती पत्र देते हुये बताया कि उसका विवाह श्यामू पुत्र केदार नाथ ग्राम निहालपुर थाना जैदपुर के साथ हिंदू रीति-रिवाज के साथ हुआ था, जिसमें स्पेलंडर मोटरसाइकिल 51000 रूपये सहित फर्नीचर का पूरा समान दिया गया था ,बाद में पति सहित भाई राम प्रसाद, गोविंद,सास सुनीता, आय दिन एक लाख रुपए व सोने की चैंन की मांग कर मारते पीटते थे।

# पूर्व प्रमुख प्रतिनिधि व कोटेदार का लटका मिला शव



**जैदपुर बाराबंकी, समृद्धि न्यूज।**

थाना क्षेत्र के गुजरन पुरवा गांव निवासी पूर्व ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि व मौजूदा कोटेदार का संदिग्ध परिस्थितियो मे पेड़ से फांसी के फंदे से लटका मिलने से हड़कंप मच गया। जबकि शव की जेब में सुसाइड नोट मिला है।

मौके पर पहुंची जैदपुर पुलिस द्वारा शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम हेतु भेज दिया गया है।जानकारी के अनुसार जैदपुर थाना क्षेत्र अंतर्गत गुजरन पुरवा मजरे बलछत निवासी पूर्व ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि व मौजूदा कोटेदार महादेव रावत का गांव के बाहर संदिग्ध परिस्थितियों मे पेड़ से गमछे के सहारे लटका हुआ शव मिला है।शनिवार की सुबह करीब 7 बजे ग्रामीणों द्वारा पेड़ से शव को लटका हुआ देखकर हड़कंप मच गया। जिसकी जानकारी परिजनों को दी गई।वहीं जानकारी होते ही परिजन सहित क्षेत्र से भारी संख्या में लोग एकत्रित हो गए।सूचना मिलते ही पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा।पुलिस को मृतक की जेब से सुसाइड नोट मिला भी मिला है।

मृतक के दामाद विमल कुमार के मुताबिक बीते शुक्रवार को मृतक और उसके पुत्र के बीच किसी बात को लेकर विवाद हुआ था।इसके दौरान राशन वितरण की मशीन को भी तोड़ दिया गया था।जिसकी सूचना 112 पुलिस को दी गई थी। जिसपर 112 पुलिस द्वारा मामले को शांत कराया था। जबकि इस घटना को लेकर क्षेत्र में तरह तरह की चर्चाएं हो रही है।वहीं पुलिस जांच पड़ताल में जुटी हुई है।मौके पर प्रधान बलछत,प्रधान टेरा सहित भारी संख्या में इस पास क्षेत्र को लोगों की भारी भीड़ मौजूद थी।

# दो दिन पहले हुई मारपीट का हुआ क्रॉस मुकदमा दर्ज

**हैदरगढ़ बाराबंकी समृद्धि न्यूज़।**

दो दिन पूर्व कॉलेज से वापस आते समय रायपुर गांव के निकट अपने साथ हुई मारपीट का मुकदमा दर्ज कराने वाले आर्यन सिंह और उनके साथियों पर भी मारपीट का मुकदमा दर्ज किया गया है। उल्लेखनीय है कि लखनऊ जनपद के एसएमएस कॉलेज के छात्र कोतवाली हैदरगढ़ के पूरे दरियाव मजरे बड़नापुर गांव निवासी आर्यन सिंह ने कोतवाली क्षेत्र के ही रायपुर मजरे पोखरा गांव निवासी चार लोगों के विरुद्ध मारपीट करने का मुकदमा दर्ज कराया था। इस मारपीट के मामले में रायपुर गांव निवासी देवकीनंदन पुत्र रामलाल ने भी आर्यन सिंह पुत्र सत्येंद्र बहादुर सिंह कस्बा हैदरगढ़ की सुभाष वार्ड निवासी प्रतीक पुत्र हेमंत कुमार सिंह सहित तमाम लोगों के विरुद्ध नामजद मुकदमा दर्ज कराया है।

देवकीनंदन ने बताया कि वह व उनके गांव के रहने वाले विनोद कुमार पुत्र केसरी नंदन एवं अर्जुन वर्मा पुत्र शिव बहादुर शुक्रवार की देर शाम अपने गांव के मोड पर डेरी पर दूध देने आए हुए थे कि तभी डेढ़ से दो दर्जन मोटरसाइकिल से हाकी डंडे से लैस होकर आए आरोपियों ने अचानक हमला कर दिया भांति भांति की गालियां देते हुए व जान से मारने की धमकी देते हुए गांव वालों को आता देख भाग गए। पीड़ितों ने बताया कि जाते समय आरोपी जहां भी मिलोगे वहां मारेंगे की धमकी देते हुए फरार हो गए।

# सहन के विवाद में चले लाठी डंडे, तीन घायल

**हैदरगढ़ बाराबंकी समृद्धि न्यूज़।**

घर के सहन के विवाद को लेकर विपक्षियों द्वारा कोतवाली क्षेत्र के गनेशपुर मजरे बबुआपुर गांव में शनिवार की सुबह लाठी डंडा व धारदार हथियारों से हमला बोलकर तीन लोगों को बुरी तरह से घायल कर दिया। यही नहीं बचाव के लिए घर में घुसे पीड़ितों को घर में घुसकर भी मारा पीटा गया। इस मामले में गांव निवासी राम गोपाल सिंह पुत्र राम शंकर सिंह ने कोतवाली में तहरीर देकर दबंगो के विरुद्ध कठोर कार्यवाही की गुहार लगाई है।

जानकारी के अनुसार गांव निवासी रामगोपाल सिंह ने बताया कि वह शनिवार की सुबह 6बजे अपने दरवाजे पर लगे सरकारी हाथ पर दातुन कर रहा था कि तभी सहन के विवाद को लेकर गाँव के ही पवन सिंह, सुनील सिंह (हेमन्त) पुत्रगण स्व0 भारत सिंह, रणजीत सिंह पुत्र स्व0 शिवबालक सिंह, शिवदेवी पत्नी स्व0 भारत सिंह, रूबी सिंह पत्नी सुनील सिंह, प्रिया सिंह पत्नी पवन सिंह आदि एक राय होकर डंडा, लाठी, फरसा, कुल्हाडी लेकर उन पर जान लेवा हमला कर दिया । यही नहीं पास खडे गांव के ही इस्लाम अली पुत्र मो0 लतीफ, राबिया बानो पत्नी महमूद अली के ऊपर पव न सिंह ने फरसे से सर पर जानलेवा हमला कर दिया।जान बचाने के लिए पीड़ित अपने-अपने घर को भागे लेकिन विपक्षियों ने इतने पर भी नहीं बख्शा । घर में घुसकर मारा- पीटा। जान से मरा समझकर धमकी देते हुये कि अगर कोई जिंदा बचा हो तो अभी-देख लो कोई बचना नहीं चाहिए। पीड़ित ने बताया कि इस विवाद के सम्बन्ध में गत 12 सितम्बर को तहसील समाधान दिवस में दिया गया है जिसके बाद विपक्षी गणों द्वारा पूर्व नियोजित तरीके से उसे जान से मार देने का प्रयास किया गया है।

## पुलिस ने मानसिक रुप से विक्षिप्त महिला को आत्महत्या करने से बचाया

**बाराबंकी।** शनिवार को बजे थाना देवा पुलिस को सूचना मिली कि एक महिला किसान पथ के नीचे माती के पास शारदा नहर में कूदकर आत्महत्या करने जा रही है। उक्त सूचना पर चौकी प्रभारी माती श्री अशोक वर्मा व हमराही द्वारा मौके पर पहुंचकर आत्महत्या करने जा रही महिला को जनसहयोग से बचाया गया एवं पारिवारिजन को नियमानुसार सुपुर्द किया गया। महिला की मानसिक स्थिति ठीक नही है।

## खबरें एक नजर में

### कुएं में गिरे व्यक्ति को सिपाही ने बाहर निकाला



**बाराबंकी।** थाना जहांगीराबाद के ग्राम कादिरपुर में एक व्यक्ति के कुएं में दुर्घटनावश गिरने की सूचना पर आरक्षी दिनेश सिंह सागर, थाना जहांगीराबाद पुलिस द्वारा तत्काल मौके पर पहुंचकर बिना अपनी जान की परवाह किए स्वयं कुंए में उतरकर अत्यंत जोखिमपूर्ण स्थिति में उपरोक्त व्यक्ति को सकुशल बाहर निकालकर जान बचाई गई। उक्त सराहनीय कार्य के उत्साहवर्धन हेतु पुलिस अधीक्षक बाराबंकी अर्पित विजयवर्गीय द्वारा आरक्षी दिनेश सिंह सागर को प्रशस्ति पत्र व 1000/- रुपये नगद देकर पुरस्कृत किया गया।

### 19 सितम्बर को नगर भ्रमण करेगी देवों के देव महादेव की बारात

**भरथना, इटावा।** देवों के देव महादेव की बारात आगामी 19 सितम्बर को नगर भ्रमण करेगी। आकर्षक साज-सज्जायुक्त विभिन्न देवों की झाँकी व काली मण्डल के नृत्य के साथ श्रद्धालुओं के दर्शनार्थ निकलने वाली बारात में नगर व क्षेत्र की जनता दर्शन पूजन कर अपने आराध्य का आवाहन करेगी। उक्त आशय की जानकारी श्री रामलीला कमेटी (रजि0) भरथना के अध्यक्ष रोहित यादव, कोषाध्यक्ष नीलेश त्रिपाठी व महामंत्री विनोद गोस्वामी ने संयुक्त रूप से देते हुए बताया कि 127वें श्री रामलीला महोत्सव के दौरान आगामी 19 सितम्बर दिन शुक्रवार को कस्बा के कुंअरा स्थित ब्लाक कार्यालय से देवों के देव महादेव की बारात नगर भ्रमण हेतु निकाली जायेगी। आकर्षक साज-सज्जा के बीच भगवान शंकर के साथ वीर हनुमान जी, जगतजननी माँ दुर्गा, रामदरबार, राधाकृष्ण सहित विभिन्न देवी-देवताओं की झाँकियां व काली मण्डल के कलाकारों का रोमांचक नृत्य आकर्षण का प्रमुख केन्द्र रहेगें।

### ट्रक की टक्कर से साइकिल सवार अधेड़ की मौत

**उन्नाव।** दही थाना क्षेत्र के चांदपुर गांव निवासी सुरेन्द्र कुमार (45) पुत्र स्व.गंगाराम मजदूरी से अपना परिवार पालता था। शुक्रवार देरशाम वह पुरवा कोतवाली क्षेत्र के पलही गांव निवासी अपनी मौसी विशुना के घर गया था। जहां से रात में लौटते समय उन्नाव-पुरवा मार्ग पर दही थाना क्षेत्र की दरोगाखेड़ा चौकी के पास तेज रफ्तार अज्ञात ट्रक ने उसकी साइकिल में टक्कर मारता हुआ भाग निकला। सड़क पर उछलकर गिरने से वह सिर में आई चोटों से अचेत हो गया। पुलिस ने उसे बिछिया सीएचसी की एंबुलेंस से जिला अस्पताल भेजा लेकिन वहां पहुंचने से पहले उसकी सांसे थम गई। हादसे की खबर मिलते पत्नी अनीता बेहाल हो गई। वहीं वृद्ध मां मौका देवी भी बेहाल है। सुरेन्द्र दो भाइयों में राम संजीवन से छोटा था। उसके तीन बच्चों में बेटा शोभित सहित बेटियां सोनम, काजल व शिवानी है। शनिवार को पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम करा परिजनों के सुपुर्द किया। एसओ अवनीश सिंह ने बताया पोस्टमार्टम कराया गया है। टक्कर मारने वाले वाहन का पता किया जा रहा है।

### बाइक की टक्कर से अबोध की मौत

**उन्नाव।** सदर कोतवाली क्षेत्र के पतारी गांव के मजरा रजईखेड़ा निवासी अनिल वर्मा का 3 वर्षीय बेटा चिंटू उर्फरुद्र शुक्रवार की शाम घर के सामने खेल रहा था। खेलते-खेलते वह अचानक सड़क पर चला गया तभी उधर से निकली तेज रफ्तार बाइक ने उसे टक्कर मार दी। इसमें वह गंभीर घायल हो गया। परिजन उसे गंभीर हालत में जिला अस्पताल लाए। जहां डॉक्टर ने हेड इंजरी देख उसे कानपुर हैलट रेफ्र किया लेकिन परिजन उसे एक निजी अस्पताल ले गए जहां उसकी मौत हो गई। परिजन फ्रि जिला अस्पताल पहुंचे जहां डॉक्टर जांच के बाद उसे मृत बताया। यह सुनते परिजनों में चीख पुकार मच गई। चिंटू भाई भरत व बहन पृथ्वी से छोटा था। बेटे की मौत से मां माधुरी बदहवाश है। शनिवार को पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम कराया है।

# गौशाला में डाली गई मिट्टी का अब तक नहीं हुआ भुगतान

**जैदपुर, बाराबंकी समृद्धि न्यूज़।**

मानपुर में प्रभारी मंत्री के आगमन से पहले गौशाला में डाली गई मिट्टी का अभी तक भुगतान नही किया गया। पीड़ित ने जिलाधिकारी सहित अन्य जगहो पर शिकायत कर पैसो का भुगतान कराने की मांग की है। जानकारी के मुताबिक विकास खंड हरख क्षेत्र के मानपुर गांव स्थित गौशाला में प्रभारी मंत्री सुरेश राही ने आगमन से पूर्व मिट्टी डालकर पटाई कराई गई थी।

इस संबंध में पीड़ित अंकुर वर्मा ने जिलाधिकारी को शिकायती प्रार्थना पत्र दिया है।पीड़ित अंकुर वर्मा ने शनिवार करीब 1:30 बजे जानकारी देते हुए बताया कि हरख ब्लॉक के ग्राम पंचायत सचिव बृजेश कुमार के द्वारा करीब 9 माह पहले प्रभारी मंत्री सुरेश राही के आगमन से पहले गौशाला में मिट्टी की पटाई का कार्य दिया गया।

जिसे समय से पूरा कर दिया गया। जिसके बाद भी सचिव द्वारा 1,45,500 रुपए का भुगतान नहीं कराया गया।कई बार भुगतान करने की मांग की गई। लेकिन अभी तक भुगतान नहीं हुआ।जिसके संबंध में खंड विकास अधिकारी सहित जिलाधिकारी को शिकायती प्रार्थना पत्र देकर भुगतान कराने की मांग की गई है। जबकि खण्ड विकास अधिकारी प्रिती वर्मा ने मामला संज्ञान में होने की बात कहते हुए जल्द भुगतान कराने की बात कही है।

# पौधरोपण कर पूर्व विधायक को दी गई श्रद्धांजलि

लक्ष्य फाउंडेशन द्वारा पितृपक्ष में पौधरोपण कर पूर्वजों को श्रद्धांजलि अर्पित करने का चलाया अभियान

**हैदरगढ़ बाराबंकी समृद्धि न्यूज़।**

शनिवार को लक्ष्य फाउंडेशन की प्रेरणा से क्षेत्र के दौलतपुर गांव के स्मृति उपवन मे बरगद और पीपल के वृक्षारोपित कर हैदरगढ़ के माटी के लाल पूर्व विधायक दादा सुंदर लाल दीक्षित को श्रद्धांजलि अर्पित की गई इस अवसर पर उनके सुपौत्र भाजपा के मंडल उपाध्यक्ष अनुराग दीक्षित ने कहा दादा बरगद जैसे विशाल हृदय वाले नेता थे उन्होंने हमेशा से जनता की सेवा को ही अपना धर्म माना आज उनके श्राद्ध अवसर पर बरगद और पीपल के वृक्षारोपित करते हुए धरती पर हरियाली बढ़ाने का प्रयास किया गया एवं सभी से एक वृक्ष पूर्वजों के नाम रोपित करने की



अपील की जिससे धरती पर हरियाली बढ़े बताया कि लक्ष्य फाउंडेशन द्वारा चलाए जाने वाले कार्यक्रम पूर्वजों की याद में वृक्षारोपण बहुत ही सराहनीय कार्य है पौधारोपण अभियान अपने पूर्वजों के नाम कृतज्ञता ज्ञापित करने का मौका देता है इसलिए इस अभियान को पूर्वजों की याद से जोड़ दिया गया है ताकि अधिक से अधिक लोग अपनी जिम्मेदारी को समझें आज के समय में प्राकृतिक आपदा का सामना पूरी दुनिया को करना पड़ रहा है अमेरिका जैसे देश भी इसे सुरक्षित नहीं है यह सोयोजित विकास का परिणाम है ऐसे में हमें विकास के साथ पर्यावरण की रक्षा करनी होगी आज के दिन पौधारोपण कर उनकी सुरक्षा और संरक्षण के लिए सभी को संकल्पित होना पड़ेगा वृक्ष हम सभी के जीवन के रक्षक हैं पर्यावरण संरक्षण के लिए पौधों का होना अत्यंत आवश्यक है इसीलिए हम सभी को अपनी-अपनी जिम्मेदारी निभाते हुए पौधारोपण अवश्य करना चाहिए प्रदूषण मुक्त वातावरण के लिए हर नागरिक का कर्तव्य है कि बढ़ चढ़कर पौधारोपण करें लक्ष्य फाउंडेशन के प्रयास के कारण आज वृक्षारोपण जन आंदोलन का हिस्सा बन गया है इसी तरह सभी को आगे बढ़कर पर्यावरण संरक्षण के लिए आगे आना चाहिए जितने अधिक वृक्ष होंगे पर्यावरण उतना ही स्वच्छ होगा इस मौके पर हिंदू युवा वाहिनी महामंत्री पंडित शशांक दीक्षित, कार्यक्रम संयोजक आदर्श अवस्थी,मंडल मंत्री बृजेश कुमार शुक्ला, लवकुश कुमार, सरोज दीक्षित, विनय दीक्षित मौजूद रहे।

# शिवपाल यादव ने राजनश्री की मूर्ति का किया अनावरण

▸ कार्यक्रम के आयोजन एवं संयोजक प्रधान के सुपुत्र सर्वेश यादव बाबा रहे मौजूद

**इटावा, समृद्धि न्यूज।**

विधानसभा जसवंतनगर ब्लॉक बसरेहर के ग्राम गोरादयालपुर में स्व॰जुगराज सिंह यादव प्रधान जी एवं उनकी पत्नी स्वः राजनश्री की मूर्ति अनावरण के शुभ अवसर पर समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय महासचिव एवं जसवंतनगर के लोकप्रिय विधायक शिवपाल सिंह यादव ने स्वर्गीय प्रधान की मूर्ति का फीता काटकर अनावरण किया एवं प्रधान को याद करते हुए सभी कार्यकर्ताओं को मनोबल बढ़ाया।



कार्यक्रम के आयोजन एवं संयोजक प्रधान के सुपुत्र सर्वेश यादव बाबा रहे।

इस मौके पर पूर्व मंत्री रामसेवक यादव, लखन सिंह जाटव, जिला महासचिव वीरू भदोरिया, सदस्य जिला पंचायत पंकज यादव, सत्यभान यादव, प्रेम सागर जाटव, डॉ अरविंद यादव पूर्व ब्लाक प्रमुख, जिला उपाध्यक्ष सीटू यादव, जिला प्रवक्ता विक्की गुप्ता, संतोष यादव, जिलाध्यक्ष छात्र सभा रवि यादव विधायक, कमलेश चंद्र, श्रीपति नारायण, मालती यादव, प्रदीप सोनी, सुदीप दीक्षित, नारद यादव, नीरज यादव आदि उपस्थित रहें।

## सोशल मीडिया पर की गई अभद्र टिप्पणी, मुकदमा दर्ज

**हैदरगढ़ बाराबंकी समृद्धि न्यूज़।** कोतवाली हैदरगढ़ के श्रीकृष्णपुर मजरे बहुता गांव निवासी अरुण शुक्ला ने सोशल मीडिया पर की गई अभद्र टिप्पणी को लेकर आरोपी के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कराया है। अरुण शुक्ला ने दर्ज कराये गये मुकदमे में बताया कि बहुता गांव के ही रहने वाले शोभित त्रिपाठी ने 29 मार्च को डी एम को दिये गये शिकायती पत्र में उनको प्रधान प्रतिनिधि दर्शाया है। बताया कि 11 सितंबर को पेपर में प्रकाशित समाचार को सोशल मीडिया पर वायरल किया गया। जिस पर शोभित त्रिपाठी द्वारा कमेंट करते हुए प्रशासन की कार्यवाही पर प्रश्न उठाया गया और प्रार्थी को अपमानजनक बातें कही गई हैं।

# विपक्षी लगा रहे हार के डर से वोट चोरी का आरोप: सतीश




**रामसनेहीघाट बाराबंकी, समृद्धि न्यूज।**

मंडल बनीकोडर अध्यक्ष नीरज सिंह की अध्यक्षता में आयोजित सेवा पखवाड़ा के मुख्यातिथि पूर्व जिलाध्यक्ष अवधेश श्रीवास्तव रहे वही राज्यमंत्री सतीश चंद्र शर्मा भी मौजूद रहे। ब्लॉक बनीकोडर के सभागार में आयोजित सेवा पखवाड़े को संबोधित करते हुए खाद्य एवं रसद राज्य मंत्री सतीश शर्मा ने विपक्षी दलों पर निशाना साधते हुए कहा कि जब-जब विपक्षी पार्टियों को हार का सामना करना पड़ता है, वे जनता के जनादेश को स्वीकारने के बजाय वोट चोरी का आरोप लगाकर लोकतंत्र को बदनाम करने का प्रयास करती हैं।जहा वह जीत हासिल करते है तब वोट की चोरी नही होती है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारत आज दुनिया की चौथी आर्थिक महाशक्ति के रूप में स्थापित हुआ है। भाजपा की नीतियों और उपलब्धियों को जन-जन तक पहुँचाना ही कार्यकर्ताओं की जिम्मेदारी है।

शनिवार को बनीकोडर मंडल के भाजपा कार्यकर्ताओं ने ब्लाक सभागार में सेवा पखवाड़ा कार्यक्रम आयोजित किया। इस अवसर पर भाजपा के पूर्व जिलाध्यक्ष अवधेश श्रीवास्तव ने कहा कि भाजपा की योजनाएं गरीब, किसान, महिला और नौजवानों को सशक्त बनाने का कार्य कर रही हैं। उज्ज्वला योजना, पीएम आवास योजना, आयुष्मान भारत और हर घर जल जैसी योजनाओं का लाभ अब गांव-गांव तक पहुँच चुका है। मंडल अध्यक्ष नीरज सिंह ने कहा कि सेवा ही संगठन का मूल मंत्र है और भाजपा कार्यकर्ता राजनीति को समाज सेवा के माध्यम से ही जीते हैं।

# चोरी के सामान सहित पुलिस के हत्थे चढ़ा चोर

**बाराबंकी समृद्धि न्यूज़।**

स्वाट सर्विलांस व थाना सफदरगंज की संयुक्त पुलिस टीम द्वारा अन्तर्जनपदीय शातिर अभियुक्त को किया गिरफ्तार कर कब्जे से छिनैती चोरी के 11 अदद मोबाइल, 17 हजार रुपये नकद, ज्वैलरी व मोटरसाइकिल बरामद किया है। जनपद में चोरी लूट छिनैती की घटनाओं पर रोकथाम लगाने व घटित घटनाओं का अतिशीघ्र अनावरण कर संलिप्त अपराधियों के गिरफ्तारी हेतु पुलिस अधीक्षक अर्पित विजयवर्गीय द्वारा समस्त थाना प्रभारियों को विशेष अभियान चलाने हेतु निर्देशित किया गया। इसी क्रम में स्वाट/सर्विलांस व थाना सफदरगंज की संयुक्त पुलिस टीम द्वारा शनिवार को मैनुअल इंटेलीजेंस व डिजिटल डेटा के मदद से प्रकाश में आये शातिर अभियुक्त मनीष कुमार गोस्वामी पुत्र विनोद कुमार गोस्वामी उर्फ झम्मन उम्र करीब 25 वर्ष निवासी ग्राम ठकुरापुर डिहवा थाना कोतवाली देहात जनपद गोण्डा को प्यारेपुर सरैया मोड़ से गिरफ्तार किया गया। अभियुक्त के कब्जे से चोरी/छिनैती के 11 अदद एण्ड्राइड मोबाइल, सोने चांदी के जेवरात, 17000/- रुपये नकद, घटना कारित करने में प्रयुक्त मोटरसाइकिल, 01 अदद तमंचा व 02 अदद जिंदा कारतूस बरामद किया गया।

# ताइक्वांडो प्रतियोगिता में खिलाड़ियों ने मनवाया अपना लोहा

**इटावा, समृद्धि न्यूज।**

सीबीएसई राष्ट्रीय ताइक्कांडो प्रतियोगिता जो कि अमनीव विजन स्कूल ने उत्कृष्टता से संपन्न की। जिसमें इटावा जिला ताइक्वांडो संघ के खिलाड़ियों ने अपना लोहा मनवाया। 5 स्वर्ण,2 रजत,1 कांस्य पदक अपनी झोली में कर नया कीर्तिमान स्थापित किया।

संघ की कोषाध्यक्ष नबीला जी ने बताया कि अंडर 14 इयर्स अंडर 29 किलोग्राम भर वर्ग में प्रियदर्शन शाक्य स्वर्ण पदक,अंडर 14 इयर्स अंडर 32 किलोग्राम भार वर्ग में अनमोल वर्मा रजत पदक,अंडर 14 इयर्स अंडर 35 किलोग्राम भार वर्ग में अदम्य अनुराग का कांस्य पदक,



अंडर 14 इयर्स बालिका वर्ग में अंडर 35 किलोग्राम भार वर्ग में वैष्णवी यादव का स्वर्ण पदक।

संघ के सह प्रशिक्षक श्याम जी व हरि गोविंद सिंह जी ने बताया कि अंडर 17 इयर्स अंडर 35 किलोग्राम भार वर्ग में रुद्र प्रताप का स्वर्ण पदक,अंडर 38 किलोग्राम भार वर्ग में अभिनव कुशवाहा का स्वर्ण पदक,अंडर 48 किलोग्राम भार वर्ग में शौर्य सिंह का स्वर्ण पदक, बालिका वर्ग में आराध्या सिंह ने ओवर 68 किलोग्राम भार वर्ग में रजत पदक जीतकर इटावा में नए कीर्तिमान स्थापित किए। संघ के मीडिया प्रभारी तरुण गुप्ता जी ने सभी की उपलब्धियों पर हर्ष जताया। वहीं इटावा जिले में प्रथम बार ताइक्कांडो खेल के रियो ओलंपिक्स के स्वर्ण पदक विजेता अहमद अबू घोष ने संघ के खिलाड़ियों के साथ समय व्यतीत किया एवं उन्होंने अपने अनुभव साझा किया।

वहीं इटावा जिला ताइक्कांडो संघ की ओर से अमनीव विजन स्कूल के वाइस चेयरमैन डॉ विकास यादव जी को ब्रांड एंबेसेडर की पदवी से नवाजा गया। डॉ विकास यादव जी की ताइक्कांडो खेल में दिए गए योगदान की वजह से उन्हें ये पदवी से नवाजा गया। हमारे लिए गौरवान्वित क्षण ये भी है कि, जिले के प्रथम व्यक्तित्व श्री डॉ विकास यादव जी को ग्रांड मास्टर जियांगहिली रिपब्लिक ऑफ कोरिया डॉन ब्लैक बेल्ट ने डॉन ब्लैक बेल्ट से सम्मानित किया।

**कार्यालय नगर पंचायत शमसाबाद, जनपद-फर्रुखाबाद।**

पत्रांकः-453/न0पं0-ना0द0हे0/2025-26/शमशाबाद दिनांक 26 अगस्त 2025

**सार्वजनिक सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि श्रीमती शाहीन पत्नी मेराज अली निवासी मोहल्ला कोटला, शमसाबाद जिला-फर्रुखाबाद द्वारा एक किता दुकान श्री दिलीप कुमार सक्सेना व संदीप कुमार सक्सेना पुत्रगण स्व0 शमसेर बहादुर सक्सेना निवासी मो0 ताड़वाली हवेली से पंजीकृत बैनामा के आधार पर क्रय की है जो मोहल्ला बाजार मण्डी में स्थित है जिसकी चौहद्दी इस प्रकार है। पूरब में दुकान पप्पू, पश्चिम में नीरज रस्तोगी, उत्तर में सड़क, दक्षिण में आराजी कल्लू राठौर है।

अतः उक्त के सम्बन्ध में किसी व्यक्ति को कोई आपत्ति हो तो वह सूचना प्रकाशन से तीस (30) दिवस के अन्तर्गत अपनी आपत्ती सय प्रमाणित अभिलेखों/साक्ष्यों के साथ नियमानुसार प्रस्तुत कर सकता है, बाद मियाद प्राप्त आपत्तियों पर कोई विचार नहीं किया जायेगा व निरस्त समझी जावेगी तथा नगर पालिका अधिनियम 1916 की धारा 147 (1) के खण्ड (ख) के अन्तर्गत नास परिवर्तन/दर्ज कर दिया जावेगा। इसके उपरान्त नगर पंचायत शमसाबाद की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी।

अधिशाषी अधिकारी
नगर पंचायत, शमशाबाद, फर्रु0

# गुणवत्तापूर्ण शिक्षा व स्मार्ट कोचिंग पर दें जोर: डीएम



**कन्नौज, समृद्धि न्यूज।**

## मुख्यमंत्री अभ्युदय योजना के अंतर्गत हुई समीक्षा बैठक

मुख्यमंत्री अभ्युदय योजना के अंतर्गत संचालित कोचिंग संस्थानों की गुणवत्ता और प्रभावशीलता बढ़ाने को लेकर कलेक्ट्रेट सभागार में समीक्षा बैठक का आयोजन किया गया। बैठक की अध्यक्षता करते हुए जिलाधिकारी आशुतोष मोहन अग्निहोत्री ने कहा कि बच्चों को प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी के लिए गुणवत्तापूर्ण शिक्षा और स्मार्ट कोचिंग मुहैया कराना प्राथमिकता होनी चाहिए। उन्होंने कहा कि शिक्षकों को लगन, ईमानदारी और परिणाम देने की इच्छा के साथ कार्य करना होगा। यदि मेहनत के बावजूद परिणाम नहीं आते हैं तो ऐसे प्रयास व्यर्थ माने जाएंगे। उन्होंने शिक्षकों एवं संबंधित अधिकारियों को दिशा-निर्देश देते हुए कहा कि यह भी आत्ममंथन करने की आवश्यकता है कि आखिर बच्चे कोचिंग में क्यों नहीं आ रहे हैं। इसके लिए आकर्षक शिक्षण पद्धति और अनुकूल माहौल विकसित करना जरूरी है। जिलाधिकारी ने निर्देश दिए कि जनपद में संचालित कोचिंग संस्थानों को स्मार्ट कोचिंग के रूप में विकसित किया जाए। शिक्षण कार्य पीपीटी मोड में हो, ताकि छात्रों को विषयवस्तु आसानी से समझ में आ सके। साथ ही, उन्होंने जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी को निर्देशित किया कि डिजिटल बोर्ड और रिकॉर्डिंग कैमरों की व्यवस्था हेतु शीघ्र प्रस्ताव तैयार किया जाए।

### सभी कोचिंग सेंटरों में होंगे डिजिटल बोर्ड और कैमरे

कन्नौज। जिलाधिकारी ने कहा कि जनपद में संचालित तीनों अभ्युदय कोचिंग केंद्रों जिनमें पीएसएम कॉलेज में संचालित यूपीएससी कोचिंग भी शामिल है। जिनमें डिजिटल संसाधनों की स्थापना की जाएगी। उन्होंने कहा कि संसाधनों की कोई कमी नहीं है, कमी सिर्फ लगन और कार्य निष्पादन की इच्छाशक्ति की है।

### नियमित टेस्ट और टाइम-टेबल की व्यवस्था

कन्नौज। सभी कोचिंग संस्थानों में समयबद्ध टाइम-टेबल और नियमित टेस्ट पेपर की व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए हैं। जिलाधिकारी ने यह भी कहा कि ऐसे शिक्षकों की पहचान की जाए जिनमें पढ़ाने का जुनून हो और जो छात्रों को प्रतियोगी परीक्षाओं में सफल बनाने में अपना योगदान देने को तत्पर हों।

# शातिर अपराधी को पुलिस ने अवैध हथियार के साथ पकड़ा

**कन्नौज, समृद्धि न्यूज़।** अवैध तमंचे व कारतूस के साथ पुलिस ने एक युवक को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। छिबरामऊ थाना प्रभारी निरीक्षक विष्णुकान्त तिवारी, उपनिरीक्षक मनुज चौधरी, कांस्टेबल मनीचन्द्र, अर्जुन सिंह पुलिस टीम के साथ संदिग्ध व्यक्तियों एवं वाहनों की चेकिंग के दौरान रशीद कोल्ड स्टोर के पास नेपाल (22) पुत्र मटरू निवासी तिर्वा को गिरफ्तार कर कब्जे से एक अदद नाजायज तमंचा 315 बोर तथा दो अदद जिंदा कारतूस 315 बोर बरामद किए। पुलिस ने बरामदगी के आधार पर अभियुक्त के विरुद्ध थाना छिबरामऊ पर मुकदमा दर्ज कर न्यायालय में प्रस्तुत किया, जहां से उसे जेल भेज दिया गया। गिरफ्तार अभियुक्त के विरुद्ध पूर्व में कई मुकदमे दर्ज है।

# 73 किलो विस्फोटक सामग्री बरामद, एक गिरफ्तार

**छिबरामऊ, कन्नौज, समृद्धि न्यूज।**



कोतवाली क्षेत्र में पुलिस ने त्वरित कार्रवाई कर बड़ी सफलता हासिल की। सौरिख रोड स्थित कल्यानपुर गांव के रास्ते पर एक मकान से पुलिस ने 73 किलोग्राम से अधिक विस्फोटक सामग्री बरामद कर एक व्यक्ति को गिरफ्तार कर लिया।

पुलिस के मुताबिक सूचना मिली थी कि उक्त मकान में अवैध रूप से विस्फोटक सामग्री तैयार की जा रही है। इसके आधार पर उप निरीक्षक रावेंद्र सिंह, मनुज चौधरी, फायर ब्रिगेड उप निरीक्षक प्रांशु अवस्थी, कॉन्स्टेबल अनुराग चौहान और मनोज कुमार ने छापेमारी की और निर्मित व अर्धनिर्मित विस्फोटक सामग्री जब्त करने के साथ आरोपी संतोष सक्सेना को मौके से गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने आरोपी को विस्फोटक सामग्री सहित कोतवाली लाकर पूछताछ शुरू की। पुलिस की सतर्कता और तत्परता ने क्षेत्र में संभावित बड़े हादसे को टाल दिया। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ विस्फोटक अधिनियम, 1908 के तहत मुकदमा दर्ज किया, जो बिना अनुमति विस्फोटक सामग्री के भंडारण, निर्माण या परिवहन पर कठोर दंड का प्रावधान करता है। साथ ही भारतीय दंड संहिता की धारा 286 (खतरनाक पदार्थों में लापरवाही) और धारा 336, 337, 338 (जीवन को खतरे में डालने वाली गतिविधियों) के तहत भी कार्रवाई की जा सकती है। प्राथमिक जांच से पता चला कि बरामद सामग्री का उपयोग अवैध पटाखे या विस्फोटक बनाने में हो सकता था। सामग्री को सुरक्षित कर फॉरेंसिक जांच के लिए भेजा गया है। पुलिस आरोपी के नेटवर्क और मकसद की गहन जांच कर रही है। इस कार्रवाई ने क्षेत्र में सुरक्षा सुनिश्चित कर एक बड़े खतरे को टाल दिया।

# बनाना पार्टी में बच्चों ने की जमकर मस्ती



**छिबरामऊ, कन्नौज।** आवास विकास कॉलोनी स्थित सुप्रभाष अकादमी में बच्चों ने बनाना पार्टी का आयोजन कर खूब मस्ती की। पीले परिधानों में सजे बच्चों ने उत्साहपूर्वक इस अनूठे आयोजन का आनंद लिया। विद्यालय परिसर को पीले गुब्बारों और केले के कटआउट से आकर्षक ढंग से सजाया गया था। पार्टी से पहले बच्चों ने बाल गीतों, देशभक्ति गीतों और फिल्मी तरानों पर मनमोहक नृत्य प्रस्तुतियां दीं। टीवी के माध्यम से दिखाए गए बनाना राइम्स के जरिए बच्चों को फलों की जानकारी दी गई। शिक्षकों ने बच्चों को केले के पोषक तत्वों के बारे में बताया। प्रधानाचार्या अलका गुप्ता ने जानकारी दी कि केले में कार्बोहाइड्रेट, विटामिन ए, सी, बी6, कैल्शियम, जिंक और पोटेशियम जैसे तत्व होते हैं, जो शरीर को स्वस्थ रखते हैं। इसे सुपर फूड भी कहा जाता है। उन्होंने बताया कि भारत में केले का उत्पादन मुख्य रूप से तमिलनाडु और असम जैसे राज्यों में होता है। इस आयोजन में शिक्षक गुंजन, नेहा, वंशिका, आरती, प्रियंका, इरम, अभिषेक सहित अन्य उपस्थित रहे।

# अवध एजुकेशन सेंटर में बच्चों ने दिखाई प्रतिभा

**छिबरामऊ, कन्नौज, समृद्धि न्यूज।**



अवध एजुकेशन सेंटर में हिंदी दिवस के अवसर पर आयोजित विभिन्न प्रतियोगिताओं में विद्यार्थियों ने अपनी प्रतिभा का शानदार प्रदर्शन किया। निबंध लेखन, भाषण, और वाद-विवाद प्रतियोगिताओं में छात्र-छात्राओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया।

वाद-विवाद प्रतियोगिता का मुख्य विषय नारी शिक्षा रहा, जिसमें प्रतिभागियों ने पक्ष और विपक्ष में अपने विचारों को प्रभावी ढंग से प्रस्तुत किया। इस अवसर पर प्रधानाचार्य शिवम मिश्रा ने हिंदी भाषा के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि हिंदी हमारी मातृभाषा है, जो हमें गौरवान्वित करती है और हमारी सांस्कृतिक पहचान को मजबूत करती है। उन्होंने प्रतियोगिताओं के विजेताओं की शीघ्र घोषणा और पुरस्कार वितरण की बात कही। समन्वयक अनुज वर्मा ने हिंदी को एकता का सूत्र बताते हुए कहा कि यह भाषा भारतीयों को आपस में जोड़ती है।

**हिंदी दिवस पर हुई प्रतियोगिताएं**

कार्यक्रम के समापन पर प्रबंधक संदीप सेंगर ने वरिष्ठ हिंदी शिक्षिका ज्योति दुबे को प्रतीक चिन्ह और शाल भेंटकर सम्मानित किया। इस अवसर पर आलोक चतुर्वेदी, आशीष अग्निहोत्री, दीपा दीक्षित, ज्योति शुक्ला, मोनिका द्विवेदी, अभय सिंह, श्रेया दीक्षित, तरु तिवारी, अनमोल सिंह, और ईशा सिंह सहित कई शिक्षक उपस्थित रहे।

# अवैध तमंचा व कारतूस के साथ अपराधी गिरफ्तार

**छिबरामऊ, कन्नौज, समृद्धि न्यूज।** पुलिस अधीक्षक विनोद कुमार द्वारा चलाये जा रहे अपराध एवं अपराधियों के विरुध्द अभियान के क्रम में कोतवाली पुलिस ने एक शातिर अपराधी को अवैध तमंचा व जिंदा कारतूस के साथ गिरफ्तार कर लिया है।

कोतवाली प्रभारी विष्णुकान्त तिवारी ने बताया कि मुखबिर खास की सूचना पर उपनिरीक्षक मनुज चौधरी, कांस्टेबल मनीचन्द्र, अर्जुन सिंह और हाकिम सिंह ने तिर्वा थाना निवासी शातिर अपराधी नेपाल पुत्र मटरू को 1 अदद अवैध तमंचा 315 बोर मय 2 अदद जिन्दा कारतूस के साथ रशीद कोल्ड के पास से गिरफ्तार कर लिया।

# शारदीय नवरात्रि में मां दुर्गा होगी हाथी पर सवार

**छिबरामऊ, कन्नौज, समृद्धि न्यूज।**



इस वर्ष शारदीय नवरात्रि 22 सितंबर (सोमवार) से शुरू होकर 1 अक्टूबर को समाप्त होगी। आचार्य पं. अभय त्रिपाठी के अनुसार, मां दुर्गा इस बार हाथी पर सवार होकर आएंगी, जो सुख, समृद्धि और शांति का प्रतीक है। यह अच्छी बारिश, भरपूर फसल और किसानों की समृद्धि का संकेत देता है। नवरात्रि 10 दिनों की होगी, जिसमें 2 अक्टूबर को दशहरा मनाया जाएगा। माता का प्रस्थान मनुष्य के कंधे पर होगा, जो व्यापार वृद्धि और समृद्धि का सूचक है। आश्विन शुक्ल प्रतिपदा तिथि 21 सितंबर रात्रि 1:25 से शुरू होकर 22 सितंबर रात्रि 2:57 तक रहेगी। इस दौरान उत्तर फागुनी नक्षत्र का शुभ योग है। ग्रहों की स्थिति में मंगल तुला, सूर्य-बुध कन्या, शुक्र-केतु सिंह, चंद्रमा धनु, शनि मीन, गुरु मिथुन और राहु कुंभ राशि में रहेंगे। यह किसानों, व्यापारियों और मजदूर वर्ग के लिए शुभ समय होगा। पूजन का शुभ मुहूर्त-22 सितंबर को प्रातः 6:30-8:00 (अमृतवेला), 9:30-11:00 (शुभ), 12:06-12:55 (अभिजीत) में घट स्थापना श्रेष्ठ रहेगी। तिथि विवरण-22 सितंबर-प्रतिपदा, 23 सितंबर द्वितीया, 24 सितंबर, तृतीया, 25 सितंबर, तृतीया (7:07 तक), चतुर्थी, 26 सितंबर, चतुर्थी, 27 सितंबर पंचमी, 28 सितंबर षष्ठी, 29 सितंबर सप्तमी, 30 सितंबर अष्टमी, 1 अक्टूबर नवमी, 2 अक्टूबर दशहरा2 आदि।

# लोक अदालत में 561 वादों का हुआ निस्तारण

## 57190 रूपये का अर्थदंड वसूला

**छिबरामऊ, कन्नौज, समृद्धि न्यूज।**



यहां आयोजित लोक अदालत में अपर मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट व अपर सिविल जज जूनियर डिवीजन की अदालत में 561 वादों का निस्तारण कर 57190 रूपये अर्थदंड वसूला गया। वाह्य न्यायालय परिसर में आयोजित लोक अदालत में अपर मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट अनुपम कुशवाहा ने सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्ज्वलित कर लोक अदालत की शुरुआत की। अपर मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट अनुपम कुशवाहा की अदालत में 1500 वाद निस्तारण के लिए रखे गए। आपसी सुलह समझौते के आधार पर 333 वादों का निस्तारण कर 44250 रूपए अर्थदंड वसूल किया। इसके अलावा अपर सिविल जज जूनियर डिवीजन अंकुश श्रीवास्तव की अदालत में 259 वाद निस्तारण के लिए चिन्हित किए गए जिसमें आपसी सुलह समझौते के आधार पर 228 वादों का निस्तारण कर 12940 रूपए अर्थदंड वसूल किया गया। इस दौरान बार एसोसिएशन के अध्यक्ष अरविन्द कुमार सिंह राठौर, महासचिव ललित प्रताप सिंह, रावेन्द्र सिंह चौहान, रावेन्द्र शाक्य, मुफीद खान, अमित दुबे, पंकज वर्मा, जितेंद्र यादव, स्नेहलता गुप्ता, नाजिर संजीव गौतम, सुभाष शुक्ला, दिव्यांक यादव, सुमित वर्मा, आनंद सत्यार्थी, अमित, शाहिद, नागेंद्र सिंह, अर्जुन, अनु यादव, देवेंद्र सत्येंद्र, सौरभ सहित समस्त कर्मचारी मौजूद रहे।

# महालक्ष्मी का आज भक्तिभाव से होगा पूजन

**छिबरामऊ, कन्नौज, समृद्धि न्यूज।**

घर में हाथी पर सवार मां लक्ष्मी की तस्वीर या मूर्ति से संपन्नता, सुख, समृद्धि, शांति, वैभव, ऐश्वर्य, उन्नति, उपलब्धि, खुशियां, धन आदि के रास्ते सरलता से खुलते हैं। हाथी पर सवार मां लक्ष्मी गजलक्ष्मी कही जाती हैं और श्राद्ध पक्ष की अष्टमी पर इनका विशेष व्रत, अर्चन और आराधन किया जाता है। बाजार में बिक्री के लिए गज लक्ष्मी की मूर्तियां सज गई हैं। अश्विन मास कृष्ण पक्ष की अष्टमी तिथि 14 सितंबर रविवार को है। इस दिन महिलाएं महालक्ष्मी व्रत रखकर मिट्टी से बने हाथी की विधि विधान से पूजन अर्चन करती हैं। मान्यता हैं कि माता लक्ष्मी के आठ रूप माने जाते हैं, इसमें से इस दिन गज लक्ष्मी रूप की पूजा होती है। इस व्रत को करने से धन, ऐश्वर्य, समृद्धि व संपदा की प्राप्ति होती है। यह व्रत राधा अष्टमी से प्रारंभ होकर पितृपक्ष में पड़ने वाली अष्टमी को पूर्ण होता है। जो इस व्रत को 16 दिन तक नहीं रख सकते वह इस दिन यह व्रत रखकर पुण्य लाभ अर्जित कर करते हैं। इस त्यौहार को गज लक्ष्मी तथा हाथी पूजा भी कहा जाता हैं। यूं तो श्राद्ध पक्ष में शुभ कार्य वर्जित माने जाते हैं, लेकिन इस दिन सोना-चांदी खरीदने से इसका आठ गुना फल मिलता हैं। गज लक्ष्मी पूजन में महिलाएं मिट्टी का हाथी चौकी पर स्थापित कर बेसन से बने आभूषणों से सजाकर हाथी की पूजा करती हैं। साथ ही माता के सामने सोने चांदी के आभूषण रखकर मिठाई, फल आदि अर्पित कर उनकी कृपा प्राप्त की जाती है। मान्यता है कि इस दिन माता की पूजा से जातक के जीवन में धन धान्य की कमी नहीं होती है।

# राम वन गमन की कथा का भावपूर्ण वर्णन



**छिबरामऊ, कन्नौज, समृद्धि न्यूज।**

नगर के प्राचीन गंगेश्वरनाथ मंदिर परिसर में श्री गोविंद सत साहिब प्रचार समिति एवं प्रभात फेरी मंडल की ओर से आयोजित श्री रामकथा का आयोजन हो रहा है, जिसमें वृंदावन धाम के प्रसिद्ध संत प्रहलाद जी महाराज द्वारा श्री राम कथा का मार्मिक वर्णन किया जा रहा है।

शनिवार को राम वन गमन के प्रसंग पर केंद्रित कथा ने भक्तों के हृदय को छू लिया। साथ ही, ऋषिकेश के ब्रह्मचारी संत स्वरूप दास जी महाराज और ब्रह्मचारी संत श्रीकृष्ण जी महाराज द्वारा दुर्लभ सत्संग का आयोजन हो रहा है, जो श्रद्धालुओं को आध्यात्मिक ऊर्जा प्रदान कर रहा है। कैकेयी के कोप भवन में पहुंचने पर राम पिता दशरथ को दुखी देखते हैं, लेकिन वे माता के वचन का सम्मान करते हुए वनवास स्वीकार कर लेते हैं। श्री राम कहते हैं, ÷माता, पिताजी के वचन का पालन ही धर्म है। मैं वन जाकर तपस्या करूंगा। राम, सीता और लक्ष्मण तपस्वी वेश धारण कर गंगा पार करते हैं। निषादराज गुह का स्वागत प्राप्त कर वे चित्रकूट की ओर प्रस्थान करते हैं। इस कथा का वर्णन सुनकर भक्तों की आंखें नम हो जाती हैं, क्योंकि यह त्याग, मर्यादा और भक्ति का प्रतीक है। राम वन गमन से हमें सीख मिलती है, कि विपत्ति में भी धर्म का पालन कैसे करें। साथ ही, स्वरूप दास जी महाराज और किशनजी महाराज के सत्संग में भजन-कीर्तन हो रहे हैं।

# गुरसहायगंज थाना का निरीक्षण कर एसपी ने जांचे अभिलेख

**कन्नौज, समृद्धि न्यूज़।**



पुलिस अधीक्षक विनोद कुमार ने थाना गुरसहायगंज का आकस्मिक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने महिला हेल्प डेस्क, थाना कार्यालय, मालखाना, कंप्यूटर कार्यालय, मेस, आरक्षी बैरक सहित सम्पूर्ण थाना परिसर का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया।

निरीक्षण के दौरान एसपी ने थाना कार्यालय में रखे अभिलेखों की जांच की और उन्हें सुव्यवस्थित एवं अद्यावधिक रखने के निर्देश दिए। साथ ही उन्होंने मालखाना व अन्य महत्वपूर्ण दस्तावेजों के रख- रखाव की स्थिति पर संतोष जताया तथा संबंधित अधिकारियों और कर्मचारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। एसपी ने कहा कि थानों में स्वच्छता, अनुशासन और दक्ष कार्यप्रणाली प्राथमिकता में होनी चाहिए। निरीक्षण के अंत में उन्होंने पुलिसकर्मियों का मनोबल बढ़ाते हुए जनता के प्रति संवेदनशीलता और कर्तव्यनिष्ठा बनाए रखने की अपील की।

# आतिशबाजी भंडारण नियमों की न करें अनदेखी: एसपी

**कालपी,जालौन समृद्धि न्यूज।**



आतिशबाजी के भण्डारण को लेकर पुलिस प्रशासन बेहद सतर्क है। शनिवार को पुलिस अधीक्षक ने दुकानों का निरीक्षण कर सुरक्षा मानकों को परखा है।

इस दौरान उन्होंने दुकानदारों को नियमों की अनदेखी न करने की भी नसीहत दी है। दीपावली और दशहरा के त्योहार मे ज्यादा समय नही है जिसमें लोग बडी मात्रा में आतिशबाजी का इस्तेमाल करते है जिसकी बिक्री के लिए लाईसेंस लेना पडता है वर्तमान समय में नगर में पांच दुकानें संचालित है जिन्हें बाजार से दूर वन विभाग कार्यालय के पास नगर पालिका परिषद के बाजार मे मौजूद है जहां सुरक्षा मानकों के साथ प्रशासन द्वारा उन्हे बिक्री की अनुमति दी गई है। शनिवार को इन्हीं आतिशबाजी की दुकानों की हकीकत जानने के लिये पुलिस अधीक्षक डा. दुर्गेश कुमार ने निरीक्षण किया इस दौरान उन्होंने स्टाक के साथ सुरक्षा मानकों को भी परखा और वहां पर अग्निशमन उपकरणों की उपलब्धता और उनकी बैधानिकता को भी जांचा हालांकि निरीक्षण में उन्हें कुछ भी नहीं मिला है जो गलत हो फ़िर भी उन्होने दुकानदारो को आतिशबाजी की बिक्री नियमानुसार करने की नसीहत देकर मौके पर मौजूद इलाकाई पुलिस और अग्निशमन शमन विभाग के जिम्मेदारों को नजर रखने के निर्देश दिये है। इस दौरान सीओ अवधेश कुमार सिंह चौहान, कोतलाल परमहंस तिवारी चौकी इंचार्ज टरननगंज सुरेश चंद्र सहित अन्य पुलिस बल मौजूद रहे।

# सुरापान कर पत्नी सहित परिवार के साथ की मारपीट

**जालौन ,उरई।** शराब के नशे में पत्नी व परिवार के लोगों के साथ अभद्रता व मारपीट किए जाने की सूचना पर पुलिस ने आरोपी के खिलाफ कार्रवाई की है। कोतवाली क्षेत्र के ग्राम ऐंदलपुर निवासी अर्चना देवी ने पुलिस को बताया कि उसके पति दिनेश कुमार आए दिन शराब के नशे में घर में झगड़ा करते रहते हैं। घर खर्च के लिए भी रुपये नहीं देते हैं। परिवार के लोग भी समझाते हैं लेकिन समझने को तैयार नहीं हैं। आरोप लगाया कि शनिवार की सुबह पति शराब के नशे में घर आए और गाली, गलौज कर अभद्रता करने लगे। समझाने की कोशिश की तो मारपीट शुरू कर दी। परिवार के लोगों ने रोका तो उनके साथ भी मारपीट की। पत्नी की तहरीर पर पुलिस ने आरोपी पति के खिलाफ कार्रवाई की है।

# कूटरचित दस्तावेजों से बेचा प्लॉट कब्जा देने को कहा तो मिली धमकी

**कोंच,जालौन समृद्धि न्यूज।**

कोतवाली कोंच क्षेत्र के ग्राम लौना में महिला ने गांव के ही एक व्यक्ति पर प्लॉट बेचकर कब्जा न देने और कूटरचित दस्तावेजों के जरिए गुमराह करने एवं धमकी देने का आरोप लगाते हुए पुलिस से शिकायत कर कार्यवाही की मांग की है।



ग्राम लौना निवासिनी वेवा महिला रेशमा पत्नी स्वर्गीय महेंद्र ने शिकायती पत्र में आगे बताया कि गांव के ही मोहरसिंह पुत्र विजयकरण से मैंने एक आवासीय प्लॉट खरीदा था, लेकिन उक्त मोहर सिंह ने कूटरचित दस्तावेजों के जरिए गुमराह किया। और अब प्लॉट पर कब्जा नहीं दे रहा है और गांव में ना रहने की भी जानमाल की धमकी दी है। और मुझे प्लॉट के पूरे रुपए लेने के उक्त ने रजिस्ट्री की थी और जब मैंने अपनी खरीदी गई जगह पर कब्जा मांगा तो उक्त ने भगा दिया। फिलहाल मामले में महिला ने पुलिस से उक्त व्यक्ति के खिलाफ कार्यवाही किए जाने और प्लॉट पर कब्जा दिलाए जाने की मांग की है। वही इस मामले में कोतवाली प्रभारी अजीत कुमार सिंह का कहना है कि दिए गए शिकायती पत्र की जांच पड़ताल की जा रही है।

# प्रेमी संग दादी की नातिन ने की हत्या, प्यार में बाधा बन रही थी दादी

**उरई ,जालौन समृद्धि न्यूज।**



नातिन के प्यार में बाधा बनी दादी को प्रेमी के साथ मिलकर सिलबट्टा से प्रहार कर हैरत अंगेज घटना को अंजाम देने के मामले का पुलिस ने 32 घंटे में खुलासा करते हुये हत्यारोपी नातिन को पकड़कर जेल भेज दिया जबकि उसका प्रेमी पुलिस की पकड़ से दूर बताया जा रहा है। गौरतलब हो कि कोंच कोतवाली क्षेत्र के ग्राम भदेवरा निवासी परमा देवी की सिलबट्टा से प्रहार कर हत्या कर दी गयी। उक्त मामले में पुलिस की छानबीन में पूरी घटना स्पष्ट होने के बाद पुलिस ने मृतका की नातिन पल्लवी को हिरासत में लेकर जब पूंछतांछ की तो वह कुछ ही देर में टूट गयी फिर उसने बताया कि उसका दीपक पुत्र रामलाल निवासी तोरन थाना रेढ़र से प्रेम प्रसंग चल रहा था। एक दिन जब दीपक उससे मिलने उसके घर आया जहां हम दोनों प्रेमालाप में लीन थे तभी मेरी दादी की नींद खुल गयी तो उन्होंने हम दोनों को देख लिया था। इसी से कुपित होकर मैंने अपने प्रेमी के साथ मिलकर प्रेम में बाधक बनी दादी परमा देवी को रास्ते से हटाने की योजना बनायी और फिर अपने प्रेमी को घर बुलाकर जब दादी गहरी नींद में सो गयी तब प्रेमी दीपक ने सिलबट्टा से दादी के सिर पर प्रहार कर दिया इसके बाद मैंने भी दादी के सिर पर कई प्रहार किये जिससे उनकी मौत हो गयी।

उक्त मामले में पुलिस ने मृतका के बेटे की तहरीर पर मुकदमा अपराध संख्या 195/25 धारा 103 (1) बीएनएस बनाम अज्ञात में पंजीकृत किया था। इसके बाद हत्या का खुलासा करने के लिये पुलिस टीमों का गठन किया गया था जिसमें मृतका की नातिन पल्लवी को आज पुलिस ने गिरफ्तार कर जेल भेज दिया जबकि उसका प्रेमी दीपक पुत्र रामलाल निवासी ग्राम तोरन थाना रेढ़र पुलिस की पकड़ से दूर बताया जा रहा है। पुलिस अधिकारियों का कहना था कि जल्द ही पुलिस दूसरे हत्यारोपी को पकड़ने में सफल होगी।

## 44 किलो कच्ची चांदी सहित व्यापारी को पकड़ा

**उरई (जालौन)।** एसपी के निर्देशन पर कोतवाली पुलिस को एक बड़ी सफलता हाथ लगी। जिसमें मुखबिर की सूचना के आधार पर नए बस स्टैंड के पास 44 किलो कच्ची चांदी के साथ एक को गिरफ्तार कर लिया। सूचना पर पहुंची जीएसटी व सेल टैक्स टीम ने जांच पड़ताल शुरू कर दी है।

एसपी डॉ. दुर्गेश कुमार के निर्देशन में शुक्रवार देर शाम कोतवाली पुलिस शहर में चेकिंग अभियान चलाने में लगी हुई थी। इस दौरान मुखबिर द्वारा जालौन बायपास चौराहा से कोंच रोड की ओर युवक द्वारा भारी मात्रा में कच्ची चांदी ले जाने की भनक लगी। भनक लगते ही पुलिस टीम ने मुखबिर के बताए ठिकाने पर दविश डाल दी और प्राइवेट नए बस स्टैंड पर के पास घेराबंदी कर 44 किलो कच्ची चांदी के साथ एक को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस के पूंछे जाने पर पकड़े गए युवक ने अपना नाम जालौन नगर निवासी अखिलेश कुमार बताया। पकड़े गए युवक को चांदी सहित पुलिस द्वारा कोतवाली लाया गया और मामले की सूचना जीएसटी व सेल टेक्स विभाग को दी गई। खबर मिलते ही दोनों टीम मौके पर पहुंची और मामले की हर पहलू पर जांच पड़ताल शुरू कर दी है।

# पांच ने डीएम-एसपी के सामने दर्ज करायी शिकायतें

**जालौन,उरई समृद्धि न्यूज।**



कोतवाली परिसर में डीएम राजेश पांडेय की अध्यक्षता एवं एसपी डॉ. दुर्गेश कुमार की उपस्थिति में संपूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया गया। जिसमें पांच शिकायतें दर्ज की गई। मौके पर एक भी शिकायत कर निस्तारण नहीं हो सका।

कोतवाली परिसर में थाना समाधान दिवस का आयोजन डीएम राजेश पांडेय की अध्यक्षता और एसपी डॉ. दुर्गेश कुमार की उपस्थिति में किया गया। संपूर्ण समाधान दिवस में राजस्व विभाग की 3, नगर पालिका व पुलिस विभाग की 1-1 शिकायत दर्ज की गई। मौके पर किसी भी शिकायत का निस्तारण नहीं हो सका। मूलचंद्र निवासी ऐंदलपुरा ने रास्ते पर अतिक्रमण, महेशचंद्र अकोढ़ी दुबे ने वाद बंटवारा निर्णीत होने के बाद भी विपक्षियों द्वारा अतिक्रमण करने, रामादेवी शेखपुर बुजुर्ग व रचना देवी सिकरीराजा ने जमीन पर अवैध कब्जे की शिकायत दर्ज कराई। इसके अलावा नया भवानीराम मोहल्ले में आम रास्ते के बगल में बनी सार्वजनिक नाली में सीसी डालकर उसे बंद करने की शिकायत दर्ज की गई। शिकायतों को संबंधित विभाग को सौंपकर समय सीमा में निस्तारण करने के निर्देश डीएम ने अधीनस्थों को दिए। इस मौके पर तहसीलदार अमित शेखर, कोतवाल अजय ब्रह्म तिवारी, सदर लेखपाल वैभव त्रिपाठी आदि मौजूद रहे।

# छात्रा से दुष्कर्म करने वाले तीनों आरोपी गिरफ्तार, भेजे गये जेल

**कम्पिल, समृद्धि न्यूज।**

कंप्यूटर सिखाने के बहाने तीन मुस्लिम युवकों ने छात्रा से दुष्कर्म किया था। इसी दौरान युवकों ने छात्रा का वीडियो बना लिया था। आरोपितों ने छात्रा को ब्लैकमेल कर धर्मांतरण करने का दबाव बनाया था। पीड़िता के पिता ने मामले की तहरीर पुलिस को दी थी। सीओ के आदेश पर पुलिस ने देर रात तीनों आरोपितों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया।

पुलिस ने तीनों आरोपितों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। क्षेत्र के एक गांव निवासी छात्रा कंपिल के गंगा रोड पर स्थित राजीव गांधी कंप्यूटर सेंटर पर कम्प्यूटर कई महीनों से कोचिंग करती थी। इसी दौरान छात्रा



मेडिकल परीक्षण कराती पुलिस

कोचिंग संचालक शीबू, उसके भाई सलमान व साथी अनस के संपर्क में आ गई। तीनों आरोपितों ने छात्रा को अलग-अलग कमरे में कंप्यूटर सिखाने का झांसा दिया। आरोपितों ने कोल्डड्रिंक में नशीला पदार्थ मिलाकर बेहोश कर दुष्कर्म किया। आरोपितों ने छात्रा का वीडियो भी बना लिया था। आरोपित आए दिन वीडियो प्रसारुमित करने की धमकी देकर छात्रा से दुष्कर्म करते रहे। छात्रा के कंप्यूटर सेंटर न जाने पर उसको ब्लैकमेल करने लगे। आरोपितों ने वीडियो प्रसारित करने की धमकी देकर छात्रा पर धर्मांततरण कर निकाह करने का भी दबाव बनाया। जिससे तंग आकर युवती ने घटना की जानकारी स्वजनों को दी।

स्वजनों ने आरोपित युवकों को समझाने का प्रयास भी किया, लेकिन आरोपित स्वजनों को जान से मारने की धमकी देने लगे। दो दिन पूर्व तीनों आरोपित युवती के घर कही शिकायत न करने की धमकी देने गए। स्वजनों के दौड़ाने पर एक आरोपित का मोबाइल छूट गया। पीड़िता ने थाने पहुंचकर मामले की तहरीर पुलिस को दी। पुलिस की अनसुनी पर गुरुवार सुबह पीड़िता ने सीओ को मामले की तहरीर दी। सीओ के आदेश पर तीनों आरोपित शीबू, सलमान व अनस निवासी कंपिल के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया। पुलिस ने दबिश देकर तीनों आरोपितों को गिरफ्तार कर लिया। शनिवार दोपहर पुलिस ने तीनों आरोपितों का सीएचसी में मेडिकल परीक्षण कराया। जहां से उन्हें न्यायालय में पेश कर जेल भेज दिया गया।

## दुष्कर्म पीड़िता के परिवार से मिले सांसद, न्याय दिलाने का दिया भरोसा

पीड़ित परिवार ने थाना प्रभारी द्वारा एक आरोपित का नाम हटाने को लेकर दबाव बनाने की सांसद से शिकायत की। क्षेत्र के एक गांव निवासी दुष्कर्म पीड़िता के गांव शनिवार शाम सांसद मुकेश राजपूत पहुंचे। उन्होंने पीड़ित परिवार से घटना के संबंध में जानकारी की। सांसद ने पीड़ित परिवार से पुलिस द्वारा की गयी कार्रवाई से संतुष्ट होने का जवाब मांगा। दुष्कर्म पीड़िता के भाई ने सांसद से शिकायत में कहा कि थाना प्रभारी पर एक आरोपित शीबू का नाम हटाए जाने के लिए लगातार दबाव बनाते रहे। थाना प्रभारी ने ग्राम प्रधान सचिन राजपूत को मामले को तूल पकड़ने के लिए हड़का दिया। इसके बाद भी पीड़ित स्वजन कार्रवाई की बात पर अड़े रहे। जिसके बाद पुलिस ने देर रात आरोपितों के खिलाफमुकदमा दर्ज कर लिया। स्वजनों ने बताया कि जब वह शुक्रवार देर शाम पीड़िता का मेडिकल परीक्षण कराकर वापस लौटे, तो उन्होंने थाना प्रभारी को आरोपित सलमान व शीबू के साथ उनके बराबर कुर्सी पर बैठकर बात करते हुए देखा। स्वजनों के विरोध करने पर थाना प्रभारी भड़क गए और उन्हें वहां से घर जाने के लिए धमकाने लगे। ग्रामीणों ने आरोपितों के उक्त कोचिंग सेंटर को पूर्णतः बंद कराकर बुलडोजर कार्रवाई की मांग की। सांसद ने स्वजनों को सख्त आरोपितों के खिलाफ सख्त कार्रवाई का भरोसा दिया।

## स्मार्ट प्वाइंट से बाइक चोरी

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** स्मार्ट प्वाइंट में सामान लेने गये युवक की बाइक चोरी हो गयी। पीड़ित ने पुलिस को तहरीर दी है।

थाना कादरीगेट पुलिस को दी गयी तहरीर में राहुल सिंह पुत्र जितेंद्र सिंह निवासी शिवनगर कालोनी खानपुर ने कहा कि वह शनिवार सुबह 9 बजे लकूला मसेनी रोड स्थित स्मार्ट प्वाइंट पर सामान खरीदने गया था। जैसे ही वह स्मार्ट प्वाइंट के अंदर गया, वैसे ही किसी ने उसकी बाइक चोरी कर ली। जब वह लौटकर वापस आया, तो देखा उसकी बाइक नहीं थी। उसने आसपास काफी खोजबीन की, लेकिन कोई पता नहीं चला। पीड़ित ने डायल 112 पुलिस को सूचना दी। बाद में थाना कादरीगेट पर प्रार्थना पत्र दिया। पीड़ित की बाइक होरी सप्लेंडर थी।

# हिन्दी दिवस सप्ताह पर हुए विभिन्न कार्यक्रम आयोजित

**कायमगंज, समृद्धि न्यूज।**

शकुन्तला देवी शिक्षण संस्थान में हिन्दी दिवस सप्ताह के अन्तर्गत विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। एक सप्ताह तक चले इस पखवाड़े में हिन्दी भाषण, पोस्टर बनाओ, प्रेरक प्रसंग, कविता पाठ आदि प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। आज पखवाडे का समापन किया गया। जिसमें वाद-विवाद प्रतियोगिता का आयोजन किया गया।

विद्यालय की छात्राओं ने अपने विचारों से राष्ट्रभाषा हिन्दी के महत्व पर प्रकाश डाला। रानी लक्ष्मीबाई हाउस की छात्राओं ने हिन्दी भाषा की महत्वता पर एक नुक्कड़ नाटक प्रस्तुत किया। वाद विवाद प्रतियोगिता में किरन, प्रिंसी, रिफत ने हिन्दी राष्ट्रभाषा के पक्ष



पोस्टर प्रतियोगिता में भाग लेंती छात्रायें

में अपने विचार प्रस्तुत किये, वहीं चारू, रोशनी राजपूत और तनवी सिंह ने विपक्ष में अपने विचार प्रस्तुत किये। सभी बच्चों के विचारों को खूब सराहा गया। प्राइमरी विंग के बच्चों ने छोटी.छोटी कविताओं के माध्यम से सभी के मन को मंत्रमुग्ध कर दिया। इस अवसर पर विद्यालय के शिक्षकों ने अपने-अपने विचार प्रस्तुत किये। इस अवसर पर पूरे सप्ताह आयोजित प्रोस्टर बनाओ प्रतियोगिताएं सुलेख लेखन, सद्विचार लेखन आदि प्रतियोगिता में विजयी प्रतिभागियों को पुरस्कार प्रदान किये गये। विद्यालय के प्रबन्धक लक्ष्मीनारायण अग्रवाल एवं मोनिका अग्रवाल ने हिन्दी भाषा पर नुक्कड़ नाटक की सराहना की तथा वाद विवाद और भाषण प्रस्तुत करने वाली छात्राओं का उत्साहवर्धन किया। विद्यालय के प्रधानाचार्य सुतीक्षण श्रीवास्तव ने हिन्दी दिवस की सभी को शुभकामनाएं देते हुए छात्राओं शिक्षकों और अभिभावकों का उत्साहवर्धन किया तथा उनका आभार प्रकट किया। इस अवसर पर विद्यालय के सभी शिक्षक व शिक्षिकायें मौजूद रहे।

## पुरानी रंजिश में युवक को पीटा

**नवाबगंज, समृद्धि न्यूज।** पुरानी रंजिश को लेकर दबंगों ने युवक को मारपीट कर घायल कर दिया। पीड़ित ने थाना पुलिस को तहरीर दी है।


जानकारी के अनुसार कस्बा नवाबगंज क्षेत्र के गांव नगला हीरा सिंह निवासी करीम पुत्र विशंभर दयाल ने थाना पुलिस को दी तहरीर में बताया कि वह शनिवार को अपने घर के बाहर बैठे थे, तभी गांव के ही आरोपीगणों ने पुरानी रंजिश को लेकर गाली-गलौज करना शुरू कर दिया। जिसका विरोध करने पर दबंगों ने लाठी-डंडों से मारपीट की। जिससे युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। तब युवक थाने आया और थाना पुलिस को गांव के ही निवासी मैकू लाल उर्फ दीपक कुमार पुत्र अशोक कुमार के विरुद्ध थाना पुलिस को तहरीर दी। थाना पुलिस ने तहरीर के आधार पर पीड़ित का सीएचसी में मेडिकल परीक्षण कराया।

# घायल गायों का इलाज कर युवा पेश कर रहे एक नई मिशाल

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

आज के दौर में जहाँ अधिकांश युवा सोशल मीडिया की चकाचौंध में खोए रहते हैं। वहीं नगर के कादरी गेट क्षेत्र के दो युवा आर्यन राठौर और उत्सव वर्मा ने एक अनूठी मिसाल कायम की है। दोनों युवा जब भी सड़क पर या गलियों में किसी घायल या बीमार गाय को देखते हैं, तो न केवल उसकी मदद के लिए आगे आते हैं, बल्कि उसका उपचार भी करते हैं।

आर्यन राठौर और उत्सव वर्मा का कहना है कि उनका किसी संस्था या राजनीतिक दल से कोई संबंध नहीं है। उनका उद्देश्य केवल गौ सेवा करना है। वे इसे अपना सौभाग्य मानते हैं कि उन्हें गौ माता की सेवा का अवसर मिलता है। दोनों युवा अपनी जीविका



घायल गाय के बच्चे का इलाज करते युवा

के लिए निजी काम भी करते हैं और उसी आमदनी से गायों के इलाज और देखभाल का खर्च उठाते हैं। किसी प्रकार की आर्थिक सहायता या प्रचार की इच्छा के बिना ये समाज में चुपचाप सेवा कर रहे हैं। इन युवाओं की सोच और कार्यशैली आज के समाज के लिए प्रेरणा है। जहाँ अधिकांश लोग केवल दिखावे के लिए कार्य करते हैं, वहीं आर्यन और उत्सव जैसे युवा यह साबित कर रहे हैं कि सच्ची सेवा वही है।

# पुलिस से मुठभेड़ में 25 हजार का ईनामी घायल



घायल को अस्पताल ले जाती पुलिस

**कम्पिल, समृद्धि न्यूज।**

गैंगेस्टर के मामले में फरार चल रहे 25 हजार के ईनामी को पुलिस नें मुठभेड़ में दबोच लिया। उसके पैर में गोली लगी होने से उसे कायमगंज सीएचसी में भर्ती कराया गया। जहां से उसे लोहिया अस्पताल के लिए रेफर कर दिया गया। घायल के ऊपर 21 मुकदमे दर्ज हैं।

जानकारी के अनुसार थाना क्षेत्र के ग्राम सिरसा निवासी तोताराम उर्फ तोता पुत्र दुर्विजय पर गैंगेस्टर का मुकदमा दर्ज किया गया था। मामले में आरोपी तोता फरार चल रहा था। पुलिस के अनुसार बीती रात कच्छा बनियान गैंग को ध्यान में रखते हुए सिवारा मार्ग पर हजरतगंज तिराहे पर चेकिंग चल रही थी। उसी दौरान एक व्यक्ति नगला भूड़ तिराहे के पास पुलिस को देखकर भागने लगा। जब पुलिस नें उससे रूकने का इशारा किया, तो उसने तमंचा निकालकर पुलिस टीम पर फायर कर दिया। जबाब में पुलिस ने भी गोली चलायी। जिससे गोली बदमाश के दाहिने पैर में लगी। घायल ने अपना नाम तोताराम उर्फ तोता बताया। आरोपी के पास से एक देशी तमंचा 315 बोर, 1 जिंदा कारतूस 315 बोर, 1 खोखा 315 बोर तमंचे की नाल में फंसा हुआ बरामद हुआ।

# थाना दिवस में दो शिकायतों का हुआ निस्तारण



थाना दिवस में समस्यायें सुनते सीओ

**शमशाबाद, समृद्धि न्यूज।**

थाना दिवस में करीब आधा दर्जन फरियादी अपनी-अपनी शिकायतें लेकर पहुंचे। जिसमें से दो का मौके पर निस्तारण कर दिया गया।

शनिवार को थाना परिसर में क्षेत्राधिकारी कायमगंज की अध्यक्षता में थाना दिवस का आयोजन किया गया। इस दौरान 6 फरियादियों ने अपनी समस्याएं रखीं। क्षेत्राधिकारी ने सभी शिकायती पत्रों का अवलोकन किया और फरियादियों की समस्याएं सुनीं। कुल शिकायतों में से 4 राजस्व विभाग से संबंधित और 2 पुलिस विभाग से जुड़ी थीं। मौके पर ही दो शिकायतों का निस्तारण कर दिया गया। बाकी शिकायतों के समाधान के लिए संबंधित विभागीय अधिकारियों को निर्देश दिए गए। इस अवसर पर एसओ शमसाबाद रमेश सिंह, अन्य पुलिस कर्मी और विभागीय अधिकारी उपस्थित रहे। शेष समस्याओं के समाधान के लिए विशेष टीम का गठन किया जाएगा।

## चचिया ससुर को गोली मारने वाले युवक के खिलाफ मुकदमा दर्ज

**कम्पिल, समृद्धि न्यूज।** मंदिर की सीढ़ियों पर बैठे चचिया ससुर पर युवक ने फायर कर दिया था। जिसमे चचिया ससुर बाल–बाल बच गय थे। भागते समय रास्ते में मिले ससुर पर दामाद ने फायर कर दिया। गोली कनपटी के पास लगने से ससुर गंभीर घायल हो गये। चचिया ससुर की तहरीर पर दामाद के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली गयी है। जानकारी के अनुसार थाना क्षेत्र के गांव दूंदेमई निवासी मायाराम शाक्य शुक्रवार दोपहर कस्बे के ग्यारह मंजिल मंदिर के गेट के पास बैठे थे। तल्फी नगला गांव निवासी युवक ने उन पर पायर झोंक दिया। जिसमे वह बाल–बाल बच गये। भागते समय गांव दूंदेमई के पास रास्ते मे मिले ससुर रक्षपाल पर दामाद ने फायर झोंक दिया। जिसमें रक्षपाल गंभीर रूप से घायल हो गये। दिन दहाड़े हुए गोली कांड से लोग सहम गये। आरोपी तमंचा लहराते हुए भाग निकला। रक्षपाल का लोहिया अस्पताल में उपचार जारी है। ग्रामीणों ने पुलिस की घेराबंदी करने पर दामाद बाढ़ के पानी में घुस गया और डूबने लगा। ग्रामीणों ने युवक को बाहर निकाला। पुलिस ने युवक को सीएचसी कायमगंज मे भर्ती करवाया। हालत गंभीर होने पर लोहिया रेफर कर दिया गया। शनिवार को चचिया ससुर मायाराम की तहरीर पर आरोपी गौरव के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली गयी है। एसओ कपिल चौधरी नें बताया ससुर को गोली मारने में आरोपी दामाद के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली गयी है। शीघ्र ही आरोपी को गिरफ्तार किया जायेगा।

# मेजर डॉ. रोहित तिवारी ने दुर्लभ ऑपरेशन कर लिखा नया इतिहास



किशोरी की गांठ का परीक्षण करते चिकित्सक रोहित तिवारी

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

मेजर डॉ. रोहित तिवारी ने दुर्लभ ऑपरेशन कर नया इतिहास लिख दिया है। उन्होंने 17 साल की किशोरी की गर्दन से विशाल गांठ का सफल आपरेशन कर किया है। बताते चलें कि किशोरी को दिल्ली तक रेफर किया गया, लेकिन उसका आपरेशन नहीं हो सका। जानकारी के अनुसार किशोरी के गर्दन के दाहिने पीछे हिस्से में विशाल गांठ थी। जो तेजी से बढ़ती जा रही थी। स्थानीय चिकित्सकों ने कई बार अल्ट्रासाउंड और सुई से तरल निकालने का प्रयास किया, लेकिन स्थिति बिगड़ती चली गई। इससे किशोरी की शारीरिक बनावट, मानसिक स्थिति और आत्मविश्वास पर गहरा असर पड़ा। जांच में पता चला कि यह सिस्टिक हाइग्रोमा (लिम्फैंगियोमा) है। लसीका तंत्र से जुड़ी एक दुर्लभ जन्मजात बीमारी। इस गंभीर स्थिति को देखते हुए पहले कानपुर और सैफई मेडिकल कॉलेज से उसे सफदरजंग अस्पताल दिल्ली तक रेफर किया गया, लेकिन परिवार की आर्थिक स्थिति कमजोर थी। पिता मनरेगा में मजदूरी करते हैं। जिससे बड़े निजी अस्पताल में इलाज संभव नहीं हो सका। परिवार की परिस्थितियों को देखते हुए फर्रुखाबाद में ही ऑपरेशन कराने का निर्णय लिया गया। जनरल एनेस्थीसिया के तहत मेजर डॉ0 रोहित तिवारी ने सावधानीपूर्वक ऑपरेशन कर पूरी गांठ को निकाल दिया। खास बात यह रही कि इस दौरान किसी नस या महत्वपूर्ण अंग को क्षति नहीं हुई। सफल आपरेशन के बाद किशोरी अब स्वस्थ हो रही है। बड़ी गांठ हटने के बाद उसका आत्मविश्वास लौट आया है और परिवार ने राहत की सांस ली। मेजर डॉ. रोहित तिवारी ने कहा यह केस इस बात का प्रमाण है कि यदि समय पर जांच और उचित इलाज मिले तो गंभीर और जटिल बीमारियों पर भी विजय पाई जा सकती है। फर्रुखाबाद में भी बड़े स्तर की सर्जरी संभव है।



लोहिया अस्पताल में कागज तैयार करवाती पुलिस

## ट्रेन की चपेट में आने से युवक की मौत

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** रेलवे अंडरपास के निकट युवक की ट्रेन की चपेट में आने से मौत हो गयी। सूचना मिलने पर पहुंची पुलिस ने युवक की शिनाख्त कराने का प्रयास किया, लेकिन उसकी शिनाख्त नहीं हो सकी। जानकारी के अनुसार शनिवार को फतेहगढ़ कोतवाली क्षेत्र के भोलेपुर में रेलवे अंडरपास के पास एक अज्ञात युवक ट्रेन की चपेट में आने से युवक की मौत हो गई। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार युवक अचानक रेलवे ट्रैक पर आया और उसी समय ट्रेन आ गई। हादसे में युवक की दोनों टांगें घुटनों से अलग हो गईं। घटना के बाद मौके पर भीड़ जमा हो गई। सूचना मिलते ही पुलिस टीम मौके पर पहुंची। गंभीर हालत में युवक को जिला अस्पताल लोहिया में भर्ती कराया गया। यहां चिकित्सक ने उसे मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने शव को मर्चरी में रखवा दिया है। समाचार लिखे जाने तक मृतक की पहचान नहीं हो सकी थी। पुलिस युवक की पहचान कराने का भरसक प्रयास कर रही है।

# थाना दिवस में पांच शिकायतों का हुआ निस्तारण

**नवाबगंज, समृद्धि न्यूज।**

थाना दिवस में एसडीएम व नायब तहसीलदार ने दूरदराज से आये फरियादियों की समस्यायें सुनीं। इस दौरान करीब एक दर्जन के करीब शिकायती प्रार्थना पत्र आये। जिसमें से पांच का मौके पर निस्तारण कर दिया गया। जानकारी के अनुसार कस्बा नवाबगंज स्थित थाना प्रांगण में शनिवार को शासनादेश के अनुसार थाना समाधान दिवस का आयोजन किया गया। इस मौके पर थाना प्रभारी निरीक्षक नवाबगंज अवध नारायण पांडे तथा एसडीएम न्याय गजराज सिंह, नायब तहसीलदार अनवर हुसैन ने थाना दिवस में पहुंचकर दूरदराज से आए ग्रामीणों की समस्याएं सुनीं। जिसमें सबसे अधिक समस्याएं जमीनी विवाद से संबंधित थीं। जिसमें सभी अधिकारियों ने



शिकायतें सुनते एसडीएम व नायब तहसीलदार आदि

राजस्व विभाग तथा पुलिस कर्मचारियों को लगाकर मामलों को अलग-अलग टीम में बनाकर निपटने के लिए भेजा। थाना समाधान में एक दर्जन से अधिक प्रार्थना पत्र जमीनी विवाद से संबंधित आए थे। जिसमें पांच शिकायती पत्रों का मौके पर निस्तारण किया गया तथा अन्य सभी के लिए थाना प्रभारी निरीक्षक अवध नारायण पांडे के मुताबिक राजस्व कर्मियों के साथ टीम गठित कर दी गई है। जिसको जल्द निस्तारण कर उच्च अधिकारियों को अवगत कराया जाएगा। इस मौके पर एसडीएम न्याय गजराज सिंह, नायब तहसीलदार अनवर हुसैन, क्षेत्राधिकारी मोहम्मदाबाद अजय वर्मा, थाना प्रभारी निरीक्षक अवध नारायण पांडे, दरोगा हेमंत कुमार, दरोगा गिरीश चंद्र, गीतम सिंह कस्बा इंचार्ज, जगराम सिंह राजस्व कर्मी, लेखपाल नरेश चंद्र, सौरभ यादव, तरुण दीक्षित सहित क्षेत्र के समस्त लेखपाल व कानूनगो मौजूद रहे।

## स्कूटी सवार को टक्कर मारने में अज्ञात बाइक सवार के खिलाफ एनसीआर दर्ज

**कमालगंज, समृद्धि न्यूज।** मोटर साइकिल की टक्कर से स्कूटी सवार घायल हो गया। पीड़िता की तहरीर पर पुलिस ने अज्ञात मोटर साइकिल सवार के खिलाफ एनसीआर दर्ज कर ली है। पुलिस मामले की जांच पड़ताल कर रही है।

जानकारी के अनुसार पीड़िता रेनू गुप्ता पत्नी प्रदीप गुप्ता निवासी मोहल्ला सुभाष नगर थाना कमालगंज की निवासिनी ने पुलिस को दी तहरीर में कहा कि दिनांर 19 अगस्त को मेरे पति प्रदीप गुप्ता पुत्र महेश चन्द्र गुप्ता फतेहगढ़ से कमालगंज स्कूटी संख्या यू.पी. 76एके/1227 से अपने घर समय लगभग 2.15 बजे दोपहर को आ रहे थे। जैसे ही वह बघार पुल के पास पहुंचे, तभी कमालगंज की ओर से मोटर साइकिल हीरो एच.एफ. डीलक्स जिस पर नम्बर नहीं पड़ा था। मोटर साइकिल चालक तेजी व लापरवाही से चलाते हुए मेरे पति की साइड मे आकर स्कूटी में टक्कर मार दी। जिससे मेरे पति गिर गये और गम्भीर चोटें आयीं। मोटर साइकिल चालक मौके से मोटर साइकिल छोड़कर भाग गया। वहाँ मौके पर बहुत से लोग आ गये। जिनके द्वारा लोहिया अस्पताल भेजा गया। जहाँ उनकी हालत गम्भीर होने के कारण सिटी हास्पिटल में भर्ती कराया गया। घटना के दूसरे दिन कानपुर के एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया। जहाँ आज तक उनका इलाज चल रहा है। अभी मेरे पति चलने लायक नहीं हैं। जिनके इलाज के चलते रिपोर्ट लिखाने में देरी हुई है। मोटर साइकिल का चेचिस नम्बर एमवीएलएचएडब्लू435एस9ई79458 है। जो घटना के बाद पुलिस चौकी भोजपुर पर खड़ी है।

# 10वें आयुर्वेद दिवस पर केडी बालिका की छात्राओं को किया गया जागरुक

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

कृष्णा देवी बालिका डिग्री कालेज आवास विकास लोहियापुरम में मेजर एस.डी.सिंह पी.जी. आयुर्वेदिक मेडिकल कॉलेज एण्ड हॉस्पिटल से आयी हुई डाक्टरों की टीम द्वारा 10वां आयुर्वेद दिवस जिसकी थीम लोगों और गृह के लिए आयर्वेद थी, पर आयुर्वेद को समाज के प्रति जागरुकता फैलाने के लिए मेडिकल कालेज से आये हुए सीनियर डाक्टर अरुण कुमार पाण्डेय, डॉ0 अरीब हुसैन, डॉ0 आनन्द बाजपेयी, डॉ0 रेशमा, डॉ0 कविता नेगी, डॉ0 कविता शर्मा एवं डॉ0 दबेजान ने छात्राओं को बारी-बारी से अपनी जीवन शैली से




कार्यक्रम के दौरान मौजूद छात्रायें व मेजर एस.डी.सिंह पी.जी. आयुर्वेदिक मेडिकल कॉलेज एण्ड हॉस्पिटल की टीम

संबंधित खान-पान, ब्रह्म मूर्हत में उठना, फास्ट फूड का प्रयोग न करना आदि विभिन्न पहलुओं पर प्रकाश डाला।

जिसमें महाविद्यालय की प्राचार्या एवं प्रशासनिक अधिकारी और समस्त स्टाफ ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। साथ ही मेडिकल कॉलेज से आये हुए डाक्टरों के साथ मेडिकल की पढ़ाई कर रहे छात्र बैच 2022 की शुमैरा फातिमा, प्रणव, आशा एवं 2023 बैच के राज पाण्डे, कुमकुम ने भी आयुर्वेद से संबंधित विभिन्न पहलुओं पर प्रकाश डालते हुए छात्राओं को संबोधित किया।

# शीतल सांझी मंडल की ओर से निकाली गयीं हनुमानजी के चरित्र पर आधारित झांकियां

**कायमगंज, समृद्धि न्यूज।**

मनाए जा रहे 262 वर्ष पुराने सांझी महोत्सव का शुक्रवार को पांचवां दिन रहा। परंपरा और भक्ति से सराबोर इस अवसर पर शीतल सांझी मंडल बजरिया की ओर से हनुमानजी के चरित्र पर आधारित पांच भव्य झांकियां निकाली गईं। मुख्य झांकी में बाल रूप में हनुमान द्वारा सूर्य को मुंह में रखने का प्रयास दर्शाया गया। जिसे देखने उमड़ी भीड़ मंत्रमुग्ध रह गई। इसके अलावा राम हनुमान मिलन, लव कुश द्वारा हनुमान को बंधक बनाए जाने का दृश्य, माता अंजनी द्वारा हनुमान के कान खींचने की झांकी तथा भजन गाते हनुमान की झांकी भी आकर्षण का केंद्र बनीं। आयोजन में शीतल



मां अंजनी द्वारा हनुमानजी के कान खींचने की झांकी का दृश्य

सांझी मंडल बजरिया के सदस्य पूरे उत्साह से जुटे रहे। महोत्सव में दिन पर दिन भक्ति का परवान चढ़ रहा। यह महोत्सव धार्मिक आस्था और सामाजिक सहयोग की अनूठी मिसाल बनकर पूरे क्षेत्र में उत्साह का माहौल बनाए हुए है।

# मेडिकल कालेज टीम ने स्वास्थ्य शिविर लगाकर मरीजों को दी दवाइयां



मरीजों का स्वास्थ्य परीक्षण करती टीम

**राजेपुर, समृद्धि न्यूज।**

मेजर एसडी सिंह पीजी आयुर्वेदिक मेडिकल कालेज एण्ड हॉस्पिटल की टीम ने विकास खण्ड राजेपुर के ग्राम वीरपुर, हरसिंहपुर में स्वास्थ्य कैम्प लगाकर बाढ़ पीड़ितों का स्वास्थ्य परीक्षण कर दवाइयां वितरित की।

राजेपुर के बाढ़ प्रभावित क्षेत्र वीरपुर हरसिंहपुर में स्वास्थ्य शिविर लगाया गया। वहीं के निवासी संजीव सिंह यादव ने स्वास्थ्य शिविर लगाने के लिए डॉ. जितेन्द्र सिंह यादव को जानकारी दी। उन्होंने स्वास्थ्य टीम भेजकर उपचार कराया। समाजवादी पार्टी के प्रदेश सचिव व अमृतपुर विधानसभा के पूर्व प्रत्याशी डॉ. जितेन्द्र सिंह यादव ने कहा कि इस दुख की घड़ी में हम सबके साथ है। ऐसे में मेरा दायित्व है कि हम बाढ़ पीड़ितों की मदद करें। संजीव यादव की सूचना पर उन्होंने स्वास्थ्य टीम भेजकर कैम्प लगवाया और स्वास्थ्य परीक्षण कर मरीजों को दवाइयां उपलब्ध करायी। इस मौके पर डॉ. प्रिया गुप्ता, डॉ. निशिता, डॉ. अजय सिंह, डॉ. राहुल देव, डॉ. प्रदीप दीक्षित, डॉ. राहुल सिंह, डॉ. सरोज आदि लोग मौजूद रहे।

## कालेज की ओर से आयुर्वेदिक दिवस पर चलाया गया जागरुकता अभियान




कार्यक्रम में मौजूद प्रशिक्षु छात्र-छात्रायें

फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज। 10वें राष्ट्रीय आयुर्वेद दिवस कार्यक्रम के अंतर्गत शनिवार को मेजर एस.डी. सिंह पी.जी. आयुर्वेदिक मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल द्वारा कृष्णा देवी बालिका डिग्री महाविद्यालय आवास विकास में विद्यार्थियों एवं शिक्षकों को लोगों एवं ग्रह के लिए आयुर्वेद विषय पर जागरुक किया गया। कार्यक्रम में स्वस्थवृत विभाग के रीडर डॉ. दवे जोन नें ब्रह्ममुहूर्त में जगने के फायदे बताए। डॉ. अरीब हुसैन, डॉ. रेशमा एवं डॉ. कविता शर्मा ने बदलते परिवेश स्वास्थ्य संरक्षण के संबंध में अपने विचार प्रस्तुत किए। डॉ. अरुण कुमार पांडेय ने देर से उठने के नुकसान पर अपना वक्तव्य दिया एवं छोटे-छोटे प्रयासों से अपनी जीवन शैली में सुधार लाने पर जोर दिया। डॉ. कविता नेगी ने योग के माध्यम से स्वयं की दिनचर्या में बदलाव लाने पर अपने विचार प्रस्तुत किए। कार्यक्रम में महाविद्यालय के छात्र-छात्राओं ने उत्साहपूर्वक अपना योगदान दिया।

## गायत्री इंटर नेशनल स्कूल में कराटे विजेताओं को किया गया सम्मानित



छात्र को सम्मानित करते प्रधानाचार्य मौजूद कोच

फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज। गायत्री इंटरनेशनल स्कूल नियर गुड़गांव देवी मंदिर में सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। 29 अगस्त को कृष्ण टॉकीज में कराटे एसोसिएशन द्वारा मेजर ध्यान चंद्र की स्मृति में राष्ट्रीय खेल दिवस के उपलक्ष में जिला स्तरीय कराटे प्रतियोगिता का आयोजन हुआ था। जिसमें स्कूल के बच्चों ने प्रतिभाग किया था। उन बच्चों को शनिवार को प्रधानाचार्य राजकुमार शर्मा ने मेडल और प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया। कोच पारस भारद्वाज के द्वारा कार्यक्रम का आयोजन हुआ। प्रधानाचार्य राजकुमार शर्मा ने कहा यह हमारे लिए बहुत बड़ी बात है, जहां पर जिले के 200 बच्चो ने भाग लिया। स्कूल के बच्चे के द्वारा प्रथम स्थान आना बहुत बड़ी बात है, इसके लिए मैं इनके कोच पारस भारद्वाज को शुभकामनाएं देता हूं। चेयरमैन मनोज अग्रवाल, डायरेक्टर देवांश अग्रवाल ने भी बधाई दी। साथ ही कोच पारस भारद्वाज ने प्रतिभागी बच्चों को बधाई दी और मेडल जीतने वाले बच्चों से कहा कि ऐसे ही मेहनत करों और प्रतियोगिता में विजेता बनो।

# डीएम ने अंत्येष्टि स्थल का किया निरीक्षण



अंत्येष्टि स्थल का जायजा लेते डीएम

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

जिलाधिकारी आशुतोष कुमार द्विवेदी ने ग्राम पंचायत सोता बहादुरपुर में स्थित परंपरागत अंत्येष्टि स्थल का भ्रमण किया।

क्षेत्रीय ग्रामीणों ने डीएम को अवगत कराया था कि जनपद में एकमात्र स्थल ग्राम पंचायत सोता बहादुरपुर के पांचाल घाट के पूर्व और स्थित अंत्येष्टि स्थल पर सर्वाधिक अंत्येष्टि की क्रियाएं होती हैं। इसमें जनपद ही नहीं पास के कई जनपदों से भी व्यक्ति शव को लेकर अंत्येष्टि के लिए यहां उपस्थित होते हैं। जनपद में ग्रामीण क्षेत्रों में अंत्येष्टि स्थल के विकास हेतु लक्ष्य प्राप्त हुए हैं। जिसके सापेक्ष ग्राम पंचायत सोता बहादुरपुर में स्थित परंपरागत अंत्येष्टि स्थल को विकसित किए जाने के संबंध में डीएम ने स्वयं स्थल का निरीक्षण किया। मौके पर पाया गया कि कुछ समाजसेवियों के द्वारा वहां पर अंत्येष्टि क्रिया से संबंधित स्थलों/भवनों का निर्माण कराया गया है, जिसमें शवदाह स्थल, सामुदायिक शौचालय एवं कुछ सराय स्थल बने हुए हैं। डीएम के भ्रमण के समय मुख्य विकास अधिकारी, उप जिलाधिकारी सदर, अधिशासी अभियंता लोक निर्माण विभाग (प्रांतीय खंड), सहायक अभियंता सिंचाई, सहायक अभियंता ग्रामीण अभियंत्रण विभाग, जिला पंचायत राज अधिकारी, ग्राम प्रधान एवं सचिव भी स्थल पर उपस्थित थे। डीएम ने स्थल का परीक्षण कर अंत्येष्टि स्थल के विकास हेतु आवश्यक मदों का मापन कर प्राक्कलन तैयार करने हेतु अभियंताओं को निर्देशित किया गया।

**▸ विकास हेतु आवश्यक मदों का मापन कर प्राक्कलन तैयार करने के दिये निर्देश**



बैठक में मौजूद भाजपा नेता

## सेवा पखवाड़ा के तहत कार्यक्रम की सौंपी गई जिम्मेदारियां

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** भाजपा के सेवा पखवाड़ा के तहत कमालगंज मण्डल की बैठक सम्पन्न हुई। मुख्य अतिथि जिला महामंत्री डीएस राठौर ने कहा कि 17 सितम्बर प्रधानमन्त्री के जन्म दिवस से 2 अक्टूबर लालबहादुर शास्त्री के जन्म दिवस तक सेवा पखवाड़ा मनाया जायेगा। जिसमें स्वच्छता अभियान, रक्तदान शिविर, समाजसेवकों का सम्मान, स्वास्थ्य मेला आदि कार्यक्रम करने की कार्यकर्ताओं को जिम्मेदारी दी गई। इस अवसर पर जिला उपाध्यक्ष प्रदीप सिंह, जिलामंत्री गुरुचरन आजाद, मंडल अध्यक्ष राजेश राजपूत, मंडल महामंत्री बबलू चौहान, सदन दुबे, कुलदीप कुशवाह, हिना दुबे, आशीष दुबे, शक्ति केंद्र संयोजक, प्रभारी बूथ अध्यक्ष आदि कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# आकांक्षा समिति ने बाढ़ पीड़ितों को पहुंचायी राहत सामग्री

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**



सामग्री के साथ मौजूद पदाधिकारी

जनपद में गंगापर क्षेत्र में विकराल बाढ़ के द्वारा जनजीवन अस्तव्यस्त हो गया है। सरकार द्वारा विभिन्न सहायता कार्यक्रम किया जा रहे हैं। शनिवार को आकांक्षा समिति द्वारा भोजन सामग्री, मोमबत्ती लाइट टॉर्च, सॉस, एनर्जी ड्रिंक आदि की सहायता राजेपुर ब्लॉक के ग्राम अंबरपुर, चैनगंज मड़ैया, सैदपुर मड़ैया आदि ग्राम में वितरित की गई। आकांक्षा समिति की अध्यक्ष डॉ. वंदना द्विवेदी ने बताया कि बाढ़ की विभीषिका कम हो रही है, परन्तु प्रभावित गांवों को सामान्य स्थिति में लौटने में समय लगेगा। हमे अपने दायित्वों का निर्वाह्न, सहायता और सहयोग के रूप में करते रहना है। बाढ़ के बाद अनेक बीमारियां भी फैलने का खतरा रहता है, जिनको सही पोषण और सफाई से दूर किया जा सकता है। उन्होंने कहा कि डॉ0 रजनी सरीन के मार्गदर्शन में कार्यक्रम में संचालित हो रहा है, दवाइयां आदि की भी आवश्यकतानुसार उलब्धता करवाई जाएगी। संस्था की संयुक्त सचिव रश्मि सिंह ने कहा कि ग्रामीण गरीबों को विशेष तौर पर यह सामग्री भिजवाना सुनिश्चित किया जा रहा है। रिवैंप इंडिया फाउंडेशन के वैभव राठौर और नमामि गंगे की निहारिका पटेल, राधा रमन कीर्तन की सदस्यों ने आकांक्षा समिति के नेतृत्व में वितरण कार्यक्रम में सहयोग किया। संयुक्त सचिव रश्मि सिंह, गुंजा जैन, मंजू सिंह, डॉ. सुधा मिश्रा, अनीता पाठक, भावना गुप्ता, डॉ. ज्योति गुप्ता, रुचि मिश्रा, दीपिका त्रिपाठी, अंजू सिह आदि सदस्य उपस्थित रहीं।

सभी ने आम जनों से भी अपील की है कि वह भी इस जन सेवा के कार्यक्रम में अपना-अपना सहयोग प्रदान करें। डॉ. वंदना द्विवेदी ने बताया कि आकांक्षा समिति ने बच्चों और महिलाओं के लिए कपड़े का भी वितरण जरूरतमंदो को करवाया जा रहा है।

## पानी की सप्लाई बहाल कराने की उठायी मांग

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** अन्तर्राष्ट्रीय हिन्दू सेना के प्रदेश महामंत्री शिवम त्रिपाठी ने जिलाधिकारी को पत्र भेजकर मांग की है कि ग्राम सभा खानपुर में लगभग डेढ़ वर्ष से जल मिशन द्वारा पाइप लाइन बिछाकर छोड़ दी गई है और नलकूप की बोरिंग होने के बावजूद कार्य अधूरा है। जब जल सप्लाई नहीं दी जा रही है, तो ऐसे में किससे बात की जाये। साथ ही कादरीगेट कृष्णा नगर कालोनी भट्टे वाली गली में वर्षों से नगर पालिका परिषद द्वारा सप्लाई दे रहा है। जल मिशन की एरिया बताकर लाइन को दबा दिया गया है। कर्मचारियों की लापरवाही के लोग शिकार हो रहे है। ऐसे में लोग अपने घरों में निजी बोरिंग कराने को मजबूर है। काफी लोगों के पास पैसा नहीं है। आसपास के लोगों से पानी लेते है। पत्र को संज्ञान में लेकर पानी की सप्लाई बहाल करायी जाये। जिससे आम जन मानस को सुविधा मिल सके।

# व्यापार मण्डल ने सीओ व कोतवाल को किया सम्मानित

**कायमगंज, समृद्धि न्यूज।**



सीओ को सम्मानित करते व्यापारी

गणेश महोत्सव व बारा वफात पर्व को सकुशल व शांति पूर्ण ढंग से सम्पन्न कराने पर अखिल भारतीय उद्योग व्यापार मंडल ने पुलिस उपाधीक्षक एवं कोतवाली प्रभारी निरीक्षक का माला पहनाकर व शाल उड़ाकर एवं स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया।

व्यापारियों ने पुलिस बल की सराहना की एवं अपेक्षा की कि आगामी त्योहार सांझी महोत्सव, रामलीला बारात, विजय दशहरा एवं दीपावली पर्व पर भी पुलिस की व्यवस्था मुस्तैद रहेगी।

सीओ ने आश्वासन दिया कि आगामी त्यौहारों पर पुलिस मुस्तैदी से तैनात रहेगी। प्रभारी निरीक्षक ने कहा कि कोई भी व्यवस्था बिगड़ रहा या कानून का उल्लंघन कर रहा हो तो तुरन्त इसकी जानकारी दे, दोषियों पर कार्यवाही की जायेगी। इस अवसर पर कार्यकारी जिलाध्यक्ष उमेश गुप्ता, जिला महामंत्री सत्यनारायण वर्मा, शिव बालक शर्मा, रंजीत कुमार, महेंद्र राजपूत, रजनेश यादव, खेल राठौर, बिल्कुल दुबे आदि उपस्थित रहे। वहीं व्यापारियों ने विद्युत की सुबह 5 बजे कटौती रोकने के लिए अधिशासी अभियंता विद्युत विभाग को भी मांग पत्र सौंपा। जिस पर अधिकारी ने आश्वासन दिया कि विद्युत कटौती का समय बदलने का दिया गया।

# हिन्दी दिवस के उपलक्ष्य पर वाद-विवाद प्रतियोगिता सम्पन्न

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**




भाषण प्रस्तुत करती छात्रा

सीपी इंटरनेशनल स्कूल में आगामी हिंदी दिवस 14 नवम्बर के उपलक्ष्य में वाद-विवाद प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता का मुख्य उद्देश्य विद्यार्थियों में भाषा-प्रेम, आत्मविश्वास, अभिव्यक्ति-कौशल एवं तर्कशक्ति का विकास करना रहा।

प्रतियोगिता दो वर्गों जूनियर एवं सीनियर में संपन्न हुई। जूनियर वर्ग (कक्षा 6-8) पक्ष में वक्ता प्रथम स्थान पर आरुषि द्विवेदी, द्वितीय स्थान पर आध्या गुप्ता व तृतीय स्थान पर कौटिल्य देव रहे। विपक्ष में वक्ता प्रथम स्थान आराध्या, द्वितीय स्थान पर आदी जैन व तृतीय स्थान पर अविघ्न रहे। इंटरजेक्टर में प्रथम स्थान आराध्या, द्वितीय स्थान पर देव मिश्र, तृतीय स्थान पर सांझ रहे। सीनियर वर्ग (कक्षा 9-11 ) पक्ष में वक्ता प्रथम स्थान आन्या द्विवेदी, द्वितीय स्थान पर वेदान्शी, तृतीय स्थान पर समृद्धि रही। विपक्ष में वक्ता प्रथम स्थान अनन्या गुप्ता, द्वितीय स्थान पर रविकांत, तृतीय स्थान पर श्रद्धा सागर रहे।

इंटरजेक्टर में प्रथम स्थान अर्नव, द्वितीय स्थान पर राधिका व तृतीय स्थान पर नर्जिस जेहरा रही। प्रतियोगिता में सभी प्रतिभागियों ने अपने प्रभावशाली वक्तव्यों से हिंदी भाषा की महत्ता को रेखांकित किया और दर्शकों की प्रशंसा अर्जित की। निदेशक डॉ. मिथिलेश अग्रवाल ने कहा कि हिंदी केवल संवाद की भाषा नहीं, बल्कि हमारी संस्कृति और संस्कारों की जीवंत धरोहर है। उपनिदेशक अंजू राजे ने कहा कि ऐसी प्रतियोगिताएं विद्यार्थियों में चिंतन-मनन की शक्ति का विकास करती हैं और उन्हें सकारात्मक दृष्टिकोण प्रदान करती हैं। प्रधानाचार्य संजय बिष्ट ने कहा कि हिंदी दिवस हमें मातृभाषा के गौरव को पहचानने तथा उसके संवर्धन का संकल्प लेने की प्रेरणा देता है। इसके अतिरिक्त अर्पित मिश्रा, शरद गोयल एवं कविता पांडे ने भी अपने विचार प्रकट किए। संचालन अक्षिता ने किया।

## मानवाधिकार संगठन का सदस्यता अभियान आज

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** अन्तर्राष्ट्रीय मानवाधिकार संगठन का सदस्यता अभियान एवं सम्मान समारोह कार्यक्रम का आयोजन रविवार 14 सितम्बर को रेलवे रोड स्थित एक होटल के सभागार में सम्पन्न होगा। जिसमें पदाधिकारियों को सम्मानित किया जायेगा और सदस्यता अभियान चलाया जायेगा। यह जानकारी प्रदेश उपाध्यक्ष श्याम सुंदर लल्ला ने दी है।

# कांशीराम के परिनिर्वाण दिवस पर होने वाली रैली में भीड़ जुटाने पर हुई चर्चा

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**



बैठक को सम्बोधित करते बीआर अहिरवार

बहुजन समाज पार्टी की जिला स्तरीय बैठक मसेनी स्थित एक गेस्ट हाउस में सम्पन्न हुई। मुख्य अतिथि कानपुर मण्डल प्रभारी बीआर अहिरवार व मुख्य मण्डल प्रभारी नरेंद्र कुशवाह एवं विजय भास्कर, शिव कुमार गौतम ने विचार व्यक्त किये और संगठन को मजबूती प्रदान करने पर बल दिया।

मुख्य अतिथि बी.आर. अहिरवार ने कहा कि 9 अक्टूबर को मान्यवर कांशीराम का परिनिर्वाण दिवस पर लखनऊ में होने वाली विशाल रैली में ज्यादा से ज्यादा लोगों को पहुंचने की अपील की। सभी ने उनके चित्र पर पुष्प अर्पित किये। उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय अध्यक्ष मायावती कार्यक्रम को सम्बोधित करेगी। वहीं उपेंद्र लोधी को पुन जिला कोषाध्यक्ष बहुजन समाज पार्टी का बनाया गया। इस मौके पर आछेलाल पाल, विनोद गौतम, शब्बीर मंसूरी, अरविंद बाथम, सीताराम गौतम, प्रेमसागर दिवाकर, बृजेश फौजी, सुरजीत बाबू, आरडी बौद्ध, अजय भारती, सत्यपाल जाटव, सूर्यप्रताप जाटव, सुशील गौतम, रामरतन गौतम, मनोज सत्यार्थी आदि मौजूद रहे।

# काकोरी ट्रेन एक्शन पर अभिव्यंजना द्वारा कवि सम्मेलन का हुआ आयोजन

**समय शिला पर राष्ट्रभक्ति की अद्भुत छोड़ निशानी, करके तांडव नृत्य सो गया, वो शंकर बलिदानी**

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**



कार्यक्रम में सम्मानित होते भूपेन्द्र प्रताप सिंह

श्री विश्वनाथ सामाजिक सेवा संस्थान संस्कृति मंत्रालय भारत सरकार के सहयोग से काकोरी ट्रेन एक्शन नाट्य समारोह के अंतर्गत साहित्यिक, सांस्कृतिक संस्था अभिव्यंजना के सहयोग से काव्य समारोह का आयोजन एनएकेपी डिग्री कॉलेज में सम्पन्न हुआ।

अध्यक्षता वरिष्ठ कवि डॉ0 शिवओम अम्बर ने की एवं संयोजन व संचालन कवि महेश पाल सिंह उपकारी ने किया।

संस्था की छात्राओं द्वारा सरस्वती वंदना एवं महीयसी महादेवी वर्मा की कृति में नीर भरी दुःख की बदरी का संगीतमय गायन कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। कवि वैभव सोमवंशी ने पंक्तियां पढ़ी राम हमारी सुबह हमारी शाम है, राम रात दिन राम ही आठों याम है। रमे हुए जो रक्त धमनियों में मेरी, मेरे राघव तुमको कोटि प्रणाम है।

डॉ. संतोष पाण्डेय ने समय शिला पर राष्ट्रभक्ति की अद्भुत छोड़ निशानी, करके तांडव नृत्य सो गया, वो शंकर बलिदानी पंक्तियां पढ़कर श्रोताओं को मंत्रमुग्ध किया। डॉ. गरिमा पाण्डेय लेखनी ने पंक्तियां पढ़ी छ्टिमटिमाती हुई लौ में हूं मगर बुझूंगी नहीं, बेवजह कोई झुकाए तो मैं झुकूंगी नहीं।। संचालक महेश पाल सिंह उपकारी ने समय के महत्व को बताते हुए पंक्तियां पढ़ी कि जीवन का कोई क्षण मित्रो व्यर्थ नहीं वर्वाद करो, चौबीस घंटे में कुछ पल तो उस ईश्वर को याद करो। दुनियादारी के चक्कर में बिता दिया जीवन सारा, अब तो अंतिम तैयारी है अब तो प्रभु को याद करो। कवयित्री प्रीति तिवारी ने जिनकी आंखों का तारा वतन है मेरा, सिर नवाने का उनको मन है मेरा। खुद फना होके इज्जत रखी देश की, उन शहीदों को शत शत नमन है मेरा।। कार्यक्रम अध्यक्ष डॉ. शिवओम अम्बर ने छात्र-छात्राओं को शुभकामनाएं देते हुए पंक्तियां पढ़ी मंगला गायत्रियों की साधना है, अक्षरों में सन्निहित शुभकामना है। राष्ट्र के अर्चा भवन की आरती है, बंधुओं हिंदी ही भारत भारती है।। इस अवसर पर अनुराग अग्रवाल, डॉ0. संदीप चतुर्वेदी, सुरेन्द्र पाण्डेय, अनिल मिश्रा, श्रुति गुप्ता, अनिल सिंह, डॉ. प्रभात अवस्थी, विजय अवस्थी, सुबोध शुक्ला, अखिलेश पांडे, डॉ. समरेन्द्र शुक्ला, विनीता चतुर्वेदी, अंजू पाण्डेय, अनुभव, कुलभूषण आदि उपस्थित रहे।

# राष्ट्रीय लोक अदालत में 131388 वादों का निस्तारण, साढ़े पांच करोड़ रुपये की वसूली

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण एवं राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण के तत्वावधान में जनपद न्यायाधीशी/अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण नीरज कुमार की अध्यक्षता में जिला न्यायालय से तहसील न्यायालयों तक राष्ट्रीय लोक अदालत सम्पन्न हुई। लोक अदालत का शुभारम्भ मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलित कर किया गया। इस अवसर पर प्रधान न्यायाधीश जमशेद अली एवं अन्य न्यायिक अधिकारी, अधिवक्तागण, वादकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे। राष्ट्रीय लोक अदालत में जनपद के विभिन्न बैंक, विद्युत विभाग, नगर पालिका परिषद एवं अन्य प्रशासनिक विभागों द्वारा अपने-अपने स्टाल लगाकर सम्बन्धित पक्षकारों के समक्ष उनकी सहमति के आधार पर सुलह-सन्धि कराते हुए मामलों का निस्तारण किया गया। 150 बैंक वसूली से सम्बन्धित मामलों को निस्तारित कर 18393882 रुपये की वसूली धनराशि बैंकों द्वारा प्राप्त की गयी। 41134 विद्युत बिल सम्बन्धी मामलों का निस्तारण किया गया।

**▸ 32 पारिवारिक वैवाहिक वादों का निस्तारण, दस दंपत्ति किये गये विदा**

प्रधान न्यायाधीश, कुटुम्ब न्यायालय जमशेद अली द्वारा कुल 32 पारिवारिक वैवाहिक वादों का निस्तारण किया गया। इसमें से सुलह समझौते के आधार पर 10 पति-पत्नी को एक साथ रहने के लिए विदा किया गया। पीठासीन अधिकारी मोटर वाहन दुर्घटना प्रतिकर अधिनियम सन्तोष कुमार तिवारी द्वारा 10 वादों का निस्तारण किया गया। जिला उपभोक्ता अध्यक्ष नरेश कुमार द्वारा 15 मामले निस्तारित किया गया। राष्ट्रीय लोक अदालत में जनपद के विभिन्न न्यायालयों/विभागों/कार्यालयों द्वारा अलग-अलग मामले चिन्हित कर निस्तारित किये गये। कुल चिन्हित लम्बित 4917 मामलों में से 3684 तथा प्री-लिटिगेशन के 128824 मामलों में से 127704 मामले निस्तारित किये गये हैं। कुल 133741 मामलों में से 131388 मामलों का निस्तारण कर कुल 56508925/रुपया धनराशि जमा करायी गयी। सभी विभागों एवं अधिकारियों के सहयोग से लक्ष्य से अधिक मुकदमों का निस्तारण किया गया है। इस अवसर पर अपर जिला जज प्रथम शैली राय, एससी/एसटी एक्ट/ विशेष न्यायाधीश नोडल अधिकारी राष्ट्रीय लोक अदालत अभिनितम उपाध्याय, न्यायाधीश/डकैती शैलेन्द्र सचान, विशेष न्यायाधीश ईसी एक्ट तरूण कुमार सिंह, अपर जिला जज/पाक्सो एक्ट डॉ0 अनिल कुमार सिंह, अपर जिला जज रितिका त्यागी, अपर जिला जज अंकित मित्तल, अपर जिला जज पाक्सो एक्ट मैराज अहमद, अपर जिला जज त्वरित न्यायालय प्रथम संदीप तिवारी, अपर प्रधान न्यायाधीश अन्जू कम्बोज, मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट घनश्याम शुक्ला, सिविल जज व0प्र0 प्रीतिमाला चतुर्वेदी, अपर मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट ज्ञानेन्द्र कुमार, अपर सिविल जज सी.डि. पीयूष भारतीय, अपर सिविल जज सी.डि. सीजेएन जयवीर सिंह, सीजेएम/ एफटीसी युगुल शम्भू, ग्राम न्यायालय अमृतपुर विजय रतन गौतम, सिविल जज सिटी ओम चौरसिया, जेएम सदर सुबुक मुस्कान, जेएम हवाली प्रशान्त कौशिक, अपर सिविल जज प्रथम हिमांशू नौटियाल, अपर सिविल जज द्वितीय गुलेफ्शा, अपर सिविल जज दीपिका रानी, जेएम/ऐफटीसी ज्योति सागर, एवं अन्य न्यायिक अधिकारीगण, लिपिक जिला विधिक सेवा प्राधिकरण राम सिंह मौर्या, कोर्ट मैनेजर व विभिन्न न्यायालयों, बैंकों व विभागों के अधिकारी, कर्मचारी, पराविधिक स्वयंसेव एवं वादकारीगण उपस्थित रहे।



लोक अदालत का निरीक्षण करते जिला जज



सुलह के बाद मौजूद दंपत्ति एवं न्यायिक अधिकारी

